जागरूक टाइम्स
YOUTUBE चैनल को सब्सक्राइब करने के लिए स्कैन करें

# जागरूक टाइम्स

jagruktimes.co.in

जयपुर, बुधवार, 16 अप्रैल, 2025 | वर्ष 16 | अंक 345 | पृष्ठ 12 | मूल्य 1.50 रु.



अच्छे प्रदर्शन का श्रेयस अय्यर को मिला ईनाम

पेज: 10

## मौसम विभाग का अलर्ट जारी

## खेती के लिए अच्छी खबर आई, मानसून के सामान्य से बेहतर रहने की उम्मीद

# 105 प्रति. बारिश की उम्मीद, अल नीनो का खतरा नहीं

*नई दिल्ली। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने मंगलवार को बताया कि इस बार जून से सितंबर तक मानसून सामान्य से बेहतर रहेगा। मौसम विभाग 104 से 110 फीसदी के बीच बारिश को सामान्य से बेहतर मानता है। यह फसलों के लिए अच्छा संकेत है। आईएमडी के प्रमुख मृत्युंजय महापात्रा ने बताया कि 2025 में 105 प्रतिशत यानी 87 सेंटीमीटर बारिश हो सकती है। 4 महीने के मानसून सीजन के लिए लॉन्ग पीरियड एवरेज 868.6 मिलीमीटर यानी 86.86 सेंटीमीटर होता है। यानी मानसून सीजन में कुल इतनी बारिश होनी चाहिए। मानसून 1 जून के आसपास केरल के रास्ते आता है। 4 महीने की बरसात के बाद यानी सितंबर के अंत में राजस्थान के रास्ते मानसून की वापसी होती है।*



### आईएमडी चीफ बोले, हीटवेव्स के दिन मई-जून में बढ़ेंगे

चीफ ने कहा कि इस साल अल नीनो की स्थितियां नहीं बनेंगी। देश के कई हिस्सों में अभी भीषण गर्मी पड़ रही है। अप्रैल और जून में हीटवेव्स दिनों की संख्या में इजाफा होगा। इससे पावर ग्रिड पर प्रेशर बढ़ेगा और पानी की कमी होगी। देश का 52 फीसदी खेतिहर इलाका मानसून पर निर्भर करता है। मानसून में पानी के स्रोतों की कमी पूरी होती है। ऐसे में सामान्य मानसून बड़ी राहत की खबर है। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि अब मानसून में बारिश के दिनों की कमी हो रही है और भारी बारिश की बढ़ोतरी हो रही है। इससे लगातार सूखा और बाढ़ के हालात बन रहे हैं।

### क्या होता है अल नीनो

अल नीनो एक जलवायु पैटर्न है। इसमें समुद्र का तापमान 3 से 4 डिग्री बढ़ जाता है। इसका प्रभाव 10 साल में दो बार होता है। इसके प्रभाव से ज्यादा बारिश वाले क्षेत्र में कम और कम बारिश वाले क्षेत्र में ज्यादा बारिश होती है। भारत में अल नीनो के कारण मानसून अक्सर कमजोर होता है। जिससे सूखे की स्थिति बनती है।

### इकोनॉमी के लिए अच्छी बारिश जरूरी

देश में सालभर में होने वाली कुल बारिश का 70 प्रतिशत पानी मानसून के दौरान ही बरसता है। देश में 70 प्रतिशत से 80 प्रतिशत किसान फसलों की सिंचाई के लिए बारिश पर ही निर्भर हैं। यानी मानसून के अच्छे या खराब रहने से पैदावार पर सीधा असर पड़ता है। अगर मानसून खराब हो तो फसल कम पैदा होती है, जिससे महंगाई बढ़ सकती है। भारतीय अर्थव्यवस्था में एग्रीकल्चर सेक्टर की हिस्सेदारी करीब 20 प्रतिशत है। वहीं, देश की आधी आबादी को कृषि क्षेत्र ही रोजगार देता है। अच्छी बारिश का मतलब है कि खेती से जुड़ी आबादी को फेस्टिव सीजन से पहले अच्छी आमदनी हो सकती है। इससे इकोनॉमी को मजबूती मिलती है।

### मुर्शिदाबाद हिंसा में बांग्लादेशी उपद्रवियों के हाथ होने का संदेह

**नई दिल्ली।** गृह मंत्रालय के सूत्रों की ओर से मंगलवार को बताया गया है कि पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद हिंसा की शुरुआती जांच में बांग्लादेशी बदमाशों के शामिल होने के संकेत मिले हैं। प्रारंभिक जांच से यह भी पता चला है कि बदमाशों को शुरू में स्थानीय नेताओं से मदद मिली होगी, लेकिन बाद में वे बेकाबू हो गए। इस बीच, गृह मंत्रालय पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद और अन्य संवेदनशील जिलों में गतिविधियों पर बारीकी से नजर रख रहा है। केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन ने राज्य के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक से बात की। उन्होंने राज्य प्रशासन को अन्य संवेदनशील जिलों पर कड़ी नजर रखने और जल्द से जल्द सामान्य स्थिति सुनिश्चित करने के लिए कदम की सलाह दी।

# पूर्व मंत्री खाचरियावास के घर ईडी की रेड

## 19 ठिकानों पर टीम पहुंची

## रियल एस्टेट निवेश में 48 हजार करोड़ के घोटाले का मामला



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को जयपुर सहित देश के 19 अलग-अलग ठिकानों पर छापा मार रहा है। राजस्थान में कांग्रेस सरकार में मंत्री रहे प्रताप सिंह खाचरियावास का आवास भी इसमें शामिल है। सुबह करीब 5 बजे टीमें खाचरियावास के आवास पर पहुंच गई थीं। यह मामला रियल एस्टेट में निवेश का काम करने वाली पर्ल एग्रोटेक कॉर्पोरेशन लिमिटेड (पीएसीएल) में हुए 48 हजार करोड़ के घोटाले से जुड़ा है। ईडी से मिली जानकारी के अनुसार, प्रताप सिंह और उनके परिवार के लोगों के नाम पर पीएसीएल में घोटाले का पैसा ट्रांसफर हुआ था। अधिकांश पैसा प्रॉपर्टी और अन्य सेक्टर में लगा दिया गया।

### समर्थक पूर्व मंत्री के आवास पर पहुंचे, पुलिस से बहस की





पूर्व मंत्री के घर छापेमारी की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में जयपुर के सिविल लाइंस स्थित आवास पर समर्थक पहुंच गए। समर्थकों ने इस कार्रवाई का विरोध किया। मौके पर भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। पुलिस ने पूर्व मंत्री के आवास के बाहर खड़ी समर्थक की गाड़ी को लेकर आपत्ति जताई। उसी गाड़ी पर खड़े होकर समर्थक नारेबाजी कर रहे थे।

इस दौरान समर्थकों की पुलिसकर्मियों से बहस भी हो गई। हालात को देखते हुए ईडी की टीम ने जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉज जोसफ और डीसीपी साउथ दिगंत आनंद से बात की। इसके बाद मौके पर तीन थानों की फोर्स भेजी गई। इस दौरान खाचरियावास भी आवास से बाहर आए और अपने समर्थकों को समझाया। तब जाकर मामला शांत हुआ।

### लाखों लोगों के साथ हुई थी पीएसीएल में धोखाधड़ी

लाखों लोगों के साथ पीएसीएल में धोखाधड़ी हुई थी। इसके बाद यह केस सुप्रीम कोर्ट में चला गया था। सुप्रीम कोर्ट ने 2 फरवरी 2016 को सेवानिवृत्त सीजेआई आरएम लोढ़ा की अध्यक्षता में कमेटी का गठन किया था। कोर्ट ने कमेटी से कहा था कि पीएसीएल की संपत्तियों को नीलाम करके 6 महीने में लोगों को ब्याज सहित भुगतान करें। सबसे पहले जयपुर में इसका खुलासा होने पर प्राथमिकी दर्ज हुई थी। जानकार सूत्रों की मानें तो इस केस में प्रताप सिंह की भागीदारी करीब 30 करोड़ की बताई जा रही है। ईडी की छापेमारी पूरी होने के बाद ही रिकवरी को लेकर कुछ कहा जा सकता है।

### खाचरियावास बोले, जो इनके खिलाफ बोलता है, ईडी भेज देते हैं

पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने कहा ईडी केंद्र के अधीन है। इस डबल इंजन की सरकार से ज्यादा उम्मीद नहीं कर सकता। मेरे परिवार के सदस्यों के यहां बेवजह सर्च चल रहा है। हम पूरा सर्च करवाएंगे। ईडी के अफसरों से हम पूरा सहयोग करेंगे। बीजेपी सरकार को मेरे बोलने से इतना दर्द है कि छापे डलवा दिए। मैं पिछले डेढ़ साल से इनके खिलाफ बोल रहा हूं। जो और इनकी सरकार के खिलाफ बोलता है, उसके घर ये ईडी भेज देते हैं। मैं बोल रहा था तो मुझे भी पहले से पता था कि ईडी तो एक दिन पहुंचेगी, यदि पहुंचेगी तो मैं भी तैयार हूं। हाल ही में खाचरियावास ने बीजेपी नेताओं को चेतावनी देते हुए कहा, बीजेपी के लोगों से कहना चाहूंगा आप ही सरकार में नहीं रहोगे। सरकारें बदलती रहती हैं। जमाना बदलेगा। आपने यह कार्रवाई शुरू की है, कल बीजेपी वालों के खिलाफ हम भी यही कार्रवाई करेंगे। डरते थोड़े ही हैं। मेरा नाम प्रताप सिंह खाचरियावास है। मुझे सबका इलाज करना आता है।

### पीसीसी चीफ डोटासरा बोले...

पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा ने जयपुर में कांग्रेस नेता प्रताप सिंह खाचरियावास के आवास पर ईडी की कार्रवाई को लेकर कहा- सरकार के खिलाफ आंखों में आंखें डालकर बात की तो ईडी का छापा स्वाभाविक है। लेकिन हम बब्बर शेर हैं, डरेंगे नहीं। वहीं नेता प्रतिपक्ष ने ज्ञानदेव आहूजा के मंदिर विवाद पर कहा- भाजपा ने नोटिस देकर उनसे 3 दिन में जवाब मांगा था, जवाब आया क्या? उन्होंने 11 साल में किसी बीजेपी नेता के खिलाफ ईडी का केस नहीं हुआ। इन्होंने सरकारें तोड़ दी। मध्य प्रदेश-महाराष्ट्र की सरकारों को तोड़ दिया। भ्रष्टाचार किया। इनके किसी नेता पर कार्रवाई नहीं होती। किसी पर ईडी का केस हो और वो बीजेपी जॉइन कर ले तो उस पर कार्रवाई नहीं होती। हमें डराने धमकाने के लिए ईडी का प्रयोग किया जा रहा है। लेकिन हम बब्बर शेर हैं। डरने वाले नहीं है।

## पीएम मोदी ने डेनमार्क की पीएम से की बात

# द्विपक्षीय संबंधों समेत कई अहम मुद्दों पर चर्चा की

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिकसन से मंगलवार को टेलीफोन पर बात की। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों के साथ-साथ वैश्विक विकास के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। दोनों नेताओं ने आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी चर्चा की।

विदेश मंत्रालय ने बताया कि दोनों नेताओं ने 2020 में ग्रीन स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप के शुभारंभ के बाद से दोनों देशों के बीच उच्च स्तरीय आदान-प्रदान की समीक्षा हुई। वर्ष 2020 में ग्रीन स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप की शुरुआत के बाद से दोनों देशों के बीच उच्च स्तरीय आदान-प्रदान को याद करते हुए दोनों नेताओं ने विभिन्न क्षेत्रों में ग्रीन स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप के विस्तार का उल्लेख किया। जिसने भारत में डेनमार्क के निवेश के लिए अनुकूल परिस्थितियाँ बनाई हैं ताकि ग्रीन ट्रांज़िशन में योगदान दिया जा सके। पीएम मोदी ने कहा कि वह इस साल नॉर्वे में होने वाले तीसरे भारत-नॉर्डिक शिखर सम्मेलन और उस समय फ्रेडरिक्सन के साथ उनकी बैठक की उम्मीद कर रहे हैं।



फाइल फोटो

### अलीगढ़ समेत कई जिला मुख्यालय को बम से उड़ाने की धमकी, मचा हड़कंप



**अलीगढ़।** कलेक्ट्रेट परिसर को ई-मेल के जरिए मंगलवार दोपहर आरडीएक्स से उड़ाने की धमकी दी गई है। जिससे सनसनी फैल गई। पूरे परिसर की बम निरोधक दस्ते और डॉग स्क्वाइड से चेकिंग कराई गई है। बताया जा रहा है कि अलीगढ़ समेत कई जिलों की कलक्ट्रेट को उड़ाने की धमकी मिली है। स्थानीय स्तर पर इसकी जांच कराई जा रही है। कलक्ट्रेट से आधे से ज्यादा कर्मचारी अपने कार्यालयों में ताला लगा कर चले गए। वहीं बाराबंकी जिलाधिकारी कार्यालय में बम होने की सूचना पर हड़कंप मच गया। बम डिस्पोजल टीम और पुलिस फोर्स सर्च अभियान चला रही है। एक-एक कमरे और अलमारियों की तलाशी ली जा रही है। यह सूचना तमिलनाडु से डीएम को मेल पर भेजी गई है।



### कर्नाटक सीएम सिद्धारमैया पर चलेगा मुकदमा

**बेंगलुरु।** कर्नाटक की एक स्पेशल कोर्ट ने लोकायुक्त पुलिस को 'मूडा' साइट आवंटन मामले में जांच जारी रखने का आदेश दिया है। इस मामले में कथित तौर पर सीएम सिद्धारमैया शामिल हैं। कोर्ट ने कार्यकर्ता स्नेहमयी कृष्णा की याचिका पर आदेश टाल दिया, जिसमें 'मूडा' मामले में लोकायुक्त पुलिस की ओर से दायर बी-रिपोर्ट पर सवाल उठाया गया है।

### अयोध्या में राम मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी

**अयोध्या।** अयोध्या के राम मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। 14 अप्रैल (सोमवार) की रात राम जन्मभूमि ट्रस्ट को एक ई-मेल आया था। इसमें लिखा है- बढ़ा लो मंदिर की सुरक्षा। ट्रस्ट के अकाउंट अफसर महेश कुमार ने मंगलवार को पुलिस की साइबर सेल में केस दर्ज कराया है। धमकी मिलने के बाद जन्मभूमि परिसर और आसपास के इलाकों में सुरक्षा बलों की गश्त बढ़ा दी गई है। इलेक्ट्रॉनिक निगरानी प्रणाली को एक्टिव किया गया है। पुलिस ने मंदिर के पास सर्च ऑपरेशन चलाया। वहीं, बाराबंकी, चंदौली और अलीगढ़ समेत कई जिलों के जिलाधिकारियों को भी धमकी भरा ई-मेल आया है। इसमें डीएम ऑफिस को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। ये सभी मेल तमिलनाडु से भेजे गए हैं। संदिग्ध ई-मेल की सूचना मिलते ही तमिलनाडु की साइबर सेल को भी अलर्ट कर दिया गया है। जिससे ई-मेल भेजे जाने की सटीक लोकेशन और इसके पीछे मौजूद शातिर की पहचान की जा सके। बता दें कि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद से कई बार धमकी मिल चुकी है। खालिस्तानी आतंकी पन्नू भी कई बार धमकी दे चुका है। अयोध्या पुलिस प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे किसी भी अफवाह से बचें।

## राहुल-सोनिया के खिलाफ चार्जशीट के विरोध में देशभर में ईडी ऑफिस के बाहर आज प्रदर्शन करेगी कांग्रेस

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने कथित नेशनल हेराल्ड मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी, सोनिया गांधी और कांग्रेस ओवरसीज चीफ सैम पित्रोदा के खिलाफ दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में अभियोजन शिकायत दर्ज की है। इस शिकायत के खिलाफ कांग्रेस ने बुधवार (16 अप्रैल) को केन्द्र सरकार के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय कार्यालयों के सामने और संबंधित राज्यों में जिला स्तर पर केन्द्र सरकार के कार्यालयों के सामने देशव्यापी विरोध प्रदर्शन करने का फैसला किया है। अदालत ने मंगलवार को संज्ञान तर्कों की सुनवाई 25 अप्रैल के लिए निर्धारित की है।

प्रवर्तन निदेशालय ने यह कार्रवाई राहुल और सोनिया गांधी से जुड़ी कंपनी एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड की 700 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्तियों को जब्त करने की प्रक्रिया शुरू करने के कुछ दिनों बाद हुई है। इन संपत्तियों में दिल्ली, मुम्बई और लखनऊ में प्राइम प्रॉपर्टीज शामिल हैं, जिनमें राष्ट्रीय राजधानी के बहादुर शाह जफर मार्ग पर स्थित प्रतिष्ठित हेराल्ड हाउस भी शामिल है। ईडी का कहना है कि यह कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत की जा रही है। नेशनल हेराल्ड का प्रकाशन एजेएल करती है। इस कम्पनी का मालिकाना हक यंग इंडियन प्राइवेट लिमिटेड के पास है। सोनिया गांधी और राहुल गांधी दोनों की कंपनी में 38 फीसदी हिस्सेदारी है। इस वजह से वे कम्पनी के सबसे बड़े शेयरधारक हैं। प्रवर्तन निदेशालय ने बताया कि यह कार्रवाई एजेएल मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच का हिस्सा है।



# रक्तदान के जरिए हम दे सकते हैं किसी को नया जीवन'

## देवकिशन सोनी की पुण्यतिथि पर 52 यूनिट रक्तदान, पांच भाइयों ने एक साथ रक्तदान कर किया प्रेरणास्पद कार्य



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** रतनगढ़ में देवकिशन स्मृति सेवा समिति के तत्वावधान में मंगलवार को स्व. देवकिशन सोनी की आठवीं पुण्यतिथि पर राजकीय सेठ सूरजमल जालान जिला चिकित्सालय में 52 यूनिट रक्तदान किया गया। पीएमओ डॉ संतोष आर्य के मुख्य आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रमुख समाजसेवी इंद्राज खीचड़ ने की ल। इस दौरान डॉ महर्षि व सीताराम जांगिड़ मंचस्थ अतिथि थे। अतिथियों ने स्व. देवकिशन के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की व रक्त दान को सच्ची मानव सेवा बताते हुए इसके महत्व पर प्रकाश डाला। डॉ संतोष आर्य ने एक युनिट रक्तदान से विभिन्न जरूरतमंद रोगियों को होने वाले लाभ से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि एक यूनिट रक्त के जरिये हम किसी व्यक्ति को नया जीवन दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि रक्तदान को लेकर आमजन में कई प्रकार की भ्रांतियां हैं, उन्हें हमें दूर करना चाहिए। रक्तदान हमारे लिए अनेक प्रकार से उपयोगी है। डॉ महर्षि ने रक्तदान शिविर के लिए समिति का धन्यवाद किया। तत्पश्चात रक्तदान शिविर का विधिवत उद्घाटन किया गया व अस्पताल में भर्ती रोगियों को फल वितरित किए गये। शिविर में रक्तदाताओं का उत्साह देखते ही बनता था। अनेक रक्तदाता हर वर्ष इस तिथि को रक्तदान करते रहे हैं। यहां विशेष उल्लेखनीय है कि सीताराम दाधीच की प्रेरणा पर रतनगढ़ के वार्ड नंबर 3 निवासी माणकचंद जांगिड़ के पांच पुत्रों ने एक साथ रक्तदान कर मानव सेवा का उल्लेखनीय उदाहरण प्रस्तुत किया।दोपहर एक बजे तक 52 यूनिट रक्तदान के साथ शिविर सम्पन्न हुआ। इससे पहले प्रातः काल 8 बजे चूरू रोड़ स्थित पिंजरापोल गौशाला में समिति सदस्यों ने गौवंश को डेढ़ क्विंटल गेहूं की लापसी खिलाई। इस अवसर पर समिति के वरिष्ठ संरक्षक इन्द्रराज खींचड़, देवेन्द्र यादव, सीताराम दाधीच, विश्वनाथ सोनी, सीताराम जांगिड़, अनूप जोशी, नरोतम लाल सोनी, राधेश्याम पारीक, रणजीत सिंह चौधरी, अनूप जोशी, एडवोकेट प्रकाश मारू, हरिराम यादव, अरूण प्रकाश शर्मा, भुवनेश कुमार इंदौरिया सीए, जगदीश सोनी चूरू, राजीव उपाध्याय, पंकज हर्षवाल, दिनेश जांगीड़, सचिन दाधीच, जतिन सोनी, रौनक दाधीच सहित अनेक प्रबुद्ध जन मौजूद थे।

## पायलट जल मंदिर का शुभारंभ

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** नगर परिषद के पूर्व सभापति गोविंद महनसरिया ने जिला मुख्यालय पर गोगामेड़ी धाम में पायलट जल मंदिर का शुभारंभ किया गया। महनसरिया ने कहा कि आज पायलट के नाम से अनेक जगह आम जन के लिए सुविधा केंद्र है जैसे स्कूल, कॉलेज, अस्पताल, जल मंदिर, मार्ग, गेस्ट हाउस, बस अड्डे आदि का लाभ करोड़ों लोगों को मिल रहा है। इसी श्रृंखला में इस जल मंदिर का शुभारंभ किया गया है। इस अवसर पर अरुण शर्मा, विमल सारस्वत, पंकज शर्मा, गोपाल शर्मा, श्रवण पूर्वा, किसन भाटी, भंवर लाल सैनी, नित्यानंद कुदाल, यूनस खोकर, ताराचंद बाठिया, मुंशी खान आदि मौजूद रहे।

# कांग्रेस विधि प्रकोष्ठ ने बाबा साहब को श्रद्धांजलि दी



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** जिला कांग्रेस कमेटी (विधि प्रकोष्ठ) की ओर से भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के जयंती के अवसर पर चूरू जिला मुख्यालय स्थित विश्वकर्मा मंदिर सभागार में अधिवक्ता सम्मेलन का शुभारंभ बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई तथा इस अवसर पर यह प्रण लिया गया की बाबा साहब के पदचिन्हों पर चलकर मानवता के कल्याण के लिए हमेशा तत्पर रहने तथा संविधान की रक्षा करने की शपथ ली गई तथा चूरू जिला कांग्रेस कमेटी विधि प्रकोष्ठ की चूरू जिला स्तरीय एवं सभी तहसील स्तरीय कार्यकारिणी का भी विस्तार किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट कुलदीप सिंह पूनिया, चूरू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष इंद्राज खीचड़, राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव सुरेश कुमार कल्ला, प्रदेश सचिव संजय शर्मा, प्रदेश सचिव गोपाल कृष्ण नारोलिया, प्रदेश सचिव करण झाझडा, चूरू जिला कांग्रेस कमेटी विधि प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष सद्दाम हुसैन, अनीश खान इत्यादि मंच पर उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट कुलदीप सिंह पूनिया ने कहा कि पार्टी की गतिविधियों को ओर अधिक सक्रियता प्रदान करते हुए जिला स्तर से लेकर बूथ स्तर तक अधिवक्ताओं महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इस अवसर पर उन्होंने संविधान का अनुसरण करने एवं बाबा साहब के पदचिन्हों पर चलने की बात कही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चूरू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष इंद्राज खीचड़ ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की विचारधारा एवं रीति नीति का अधिकाधिक प्रचार प्रसार कर पार्टी को ओर अधिक सशक्त एवं मजबूती प्रदान करने में अधिवक्ता की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में बताया।

## न्यूज ब्रीफ

### सामाजिक संगठन चूरू एकता मंच ने मुकेश सेन को उपाध्यक्ष व अजय भार्गव को बनाया प्रवक्ता

**चूरू।** सामाजिक संगठन चूरू एकता मंच के जिलाध्यक्ष सलीम खान ने सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के कारण सामाजिक कार्यकर्ता मुकेश सेन को एकता मंच में उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया है जबकि समाजसेवी अजय भार्गव को मंच का प्रवक्ता बनाया गया है। मुकेश सेन को सामाजिक कार्यों में अग्रणी रहने पर जिला प्रशासन द्वारा गणतंत्र दिवस पर सम्मानित भी किया जा चुका है। इनकी नियुक्ति पर मंच के सभी पदाधिकारियों ने खुशी जाहिर की है।



### निशुल्क लैंस प्रत्यारोपण शिविर शुरू



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** श्री गौरी शंकर एवं निर्मल अग्रवाल फाउंडेशन, चूरू के आर्थिक सौजन्य से, राजस्थान मेडिकल रिलीफ सोसायटी चूरू एवं जिला अंधता निवारण समिति के संयुक्त तत्वावधान में लायंस क्लब चूरू द्वारा तीन दिवसीय निशुल्क लैंस प्रत्यारोपण शिविर का शुभारंभ मंगलवार को हुआ। क्लब अध्यक्ष आर्किटेक्ट अनुराग शर्मा ने बताया की गौरीशंकर एवं निर्मला देवी अग्रवाल फाउंडेशन के आर्थिक सौजन्य से तीन दिवसीय निशुल्क लैंस प्रत्यारोपण शिविर के पहले दिन लगभग 170 रोगियों की नेत्र जांच कर लगभग 75 लोगों का लैंस प्रत्यारोपण हेतु चयन किया गया। क्लब एडमिनिस्ट्रेटर डॉक्टर कमल वशिष्ठ ने बताया कि 3 दिन तक चलने वाले शिविर में डॉक्टर शशिधर शर्मा डॉक्टर सुनील झाझरिया एवं उनकी टीम ने रोगियों के नेत्र की जांच की एवं ऑपरेशन हेतु चयन किया। भर्ती किए गए रोगियों के लिए रहने एवं खाने-पीने की सारी व्यवस्था क्लब द्वारा की गई है। गौरी शंकर एवं निर्मला अग्रवाल फाउंडेशन के ट्रस्टी गौरीशंकर अग्रवाल ने बताया की लायंस क्लब चूरू के आग्रह पर नर सेवा नारायण सेवा को मानते हुए इस पुनीत कार्य को करने का निर्णय लिया, जिसमें ऑपरेशन करवाने वाले सभी लाभार्थियों को रहने खाने-पीने एवं दवाइयां की सारी व्यवस्थाएं निशुल्क रहेगी। उन्होंने कहा की समय-समय पर फाउंडेशन द्वारा लायंस क्लब चूरू के सहयोग से इस प्रकार के शिविर लगाते रहेंगे। शिविर के सफल आयोजन में शिविर प्रभारी लायन दीनदयाल सैनी, मनोज जांगिड़, मंगतू राम सैनी, पुनीत क्याल,सुनील टकनेत, चंद्र प्रकाश खत्री, ताराचंद प्रजापत विनोद ,शर्मा लाइन चंद्रशेखर अग्रवाल स्नेह लता, अग्रवाल संजीव वर्मा, राजीव शर्मा ने आयोजकीय भूमिका निभाई। शिविर में फाउंडेशन के ट्रस्टी गौरीशंकर एवं निर्मला मंडावेवाला ने शिविर का अवलोकन किया। क्लब अध्यक्ष अनुराग शर्मा ने बताया भर्ती किए गए रोगियों के ऑपरेशन कल बुधवार को किया जाएंगे एवं गुरुवार को शिविर का समापन किया जाएगा।

रमक झमक में गणगौर उत्सव

### गणगौर की प्रासंगिकता पर परिचर्चा में महिलाओं ने खुलकर रखे विचार और पढ़ी कविताएं



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** रमक झमक परिसर में चल रहे म्हारी गणगौर उत्सव के दूसरे दिन महिला कवि सम्मेलन एवं वर्तमान में गणगौर पूजन की प्रासंगिकता विषय पर परिचर्चा रखी गई। रमक झमक के अध्यक्ष प्रहलाद ओझा भैरुं ने परिचर्चा का विषय प्रवर्तन किया। परिचर्चा में अतिथि वक्ता के रूप में लेखक श्रीमती मंजू मंडोर ने कहा कि गणगौर पूजन न केवल हमारी आस्था से जुड़ा बल्कि जन्म से हमारे सस्करों में शामिल है। कितना ही समय परिवर्तन हो जाए बालिकाओं एवं महिलाओं का इससे दूर हो जाना सिर्फ कल्पना हो सकती है क्योंकि गणगौर पूजन एवं उत्सव से हमें आत्मिक खुशी मिलती है जो आधुनिक सुविधाओं से नहीं मिल सकती। मुख्य वक्ता के रूप में सामाजिक सरोकार व लेखन क्षेत्र से जुड़ी मनीषा आर्य सोनी ने कहा कि गणगौर पूजन की वर्तमान प्रासंगिकता और बढ़ जाती है जब गणगौर पूजन करने वाली महिलाएं बेटी के जन्म पर आंसू बहाती नज़र आती हैं । इस दोहरे चरित्र से बाहर आने की आवश्यकता है। एक तरफ हम कहते हैं कि गणगौर पूजन की संस्कृति को बढ़ावा मिलना चाहिए तो ये भी सोचने का विषय है कि यदि कन्या भ्रूण हत्या नहीं थमी तौ गणगौर पूजन करेगा कौन। गणगौर न सिर्फ श्रृंगार का पर्याय है अपितु स्त्री स्वाभिमान का प्रतीक भी है। गणगौर संस्कृति के विस्तार के लिए इस विषय पर गम्भीरता से विचार होना जरूरी है। आस्था छंगाणी ने कहा कि हम कितना ही मोबाइल टीवी देखलें लेकिन 16 दिन का प्रेक्टिकल पूजन कर जब भोलावनी होती है तो रोना आ जाता है।शिक्षिका शोभा व्यास ने कहा कि देर रात तक जगना और सुबह लेट उठने वाली बालिकाएं सुबह जल्दी उठकर व नहा धोकर पूजन करती है जो स्वास्थ्य की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। मंजू सारस्वत ने कहा कि मोबाइल के जमाने में एक कमरे में भी सब अकेले अकेले होते है लेकिन यह उत्सव बालिकाओं व महिलाओं को सुबह पूजन व दोपहर बासा जैसे कार्यक्रम में समूह में बैठना सीखाता है जिससे एंजाइटी नहीं होती। परिचर्चा में वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता राजकुमारी व्यास,कृष्णा पालीवाल,डिम्पल सोनी,बबिता शर्मा,सीमा भाटी, लक्ष्मी ओझा एवं भंवरी देवी,प्रियंका चुरा आदि ने भी विचार रखे। परिचर्चा की अध्यक्षता पदमा व्यास ने की।

### जल स्वावलम्बन अभियान को लेकर डॉ. गर्ग ने दिये आवश्यक सुझाव

**भरतपुर।** भरतपुर के मिनी सचिवालय सभागार में मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान की विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन के अनुमोदन के लिये आयोजित हुई बैठक में भरतपुर विधायक व पूर्व मंत्री डॉ. सुभाष गर्ग ने कई सुझाव दिये। डॉ. गर्ग ने बैठक में कहा कि मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन योजना ग्रामीण क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने स्थानीय जलस्त्रोतों के सरंक्षण, वर्षा जल से भूजल रिचार्ज के कार्यों को शामिल करने के अलावा नहरों, गांवों के तालाबों में मिट्टी सफाई कार्य, तालाबों की पाल के पास ट्युबवैल के द्वारा भूजल रिचार्ज का प्लान बनाने का सुझाव दिया। उन्होंने बैठक में कैनालों की पूरी तरह से सफाई कराने का भी सुझाव दिया।

# मनुष्य शरीर पाने का असली फल भगवत भजन में : सत्संगी सवाई सिंह



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** सदैव सत्संग भजन भाव मे अपने जीवन के लगभग सौ वर्ष पूर्व करने वाली तोलाराम मारू की माताजी की भावनानुसार सत्संग का विशाल आयोजन किया गया। तोलाराम मारू की माताजी स्वयं सत्संग मे निरन्तर सेवा भाव से बाणी भजनो को सत्संगी भाई बहनों को सुनाती रहती। सत्संगी भाई बहन बोलचाल में मंडलेश्वर नाम से पुकारते हैं। श्रीडूंगरगढ़ केआडसर बास मे गुरू कृपा आवास पर प्रात 10 बजे से साय तक भजन मंडली श्री सवाई सिंह आसलसर बास समिति द्वारा भजनो की प्रस्तुतियां दी गई। तथा भजनो का भाव भी बताया गया। मनुष्य शरीर पाने का असली फल भगवत भजन मे है। इस विषय पर ही चर्चा की गई। इस सत्संग में विश्वकर्मा कोशल विकास बोर्ड अध्यक्ष राज्य मंत्री रामगोपाल सुथार, राजस्थान उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधिपति हिमतराम पवार, भीलवाड़ा के जिला सेशन न्यायाधीश शकर लाल, राजस्थान हाईकोर्ट के डबल एजी राजेश कुमार पंवार, जोधपुर के प्रतिष्ठित व्यवसाई पारस भाटी, सेरूणा के सरपंच प्रतिनिधि भरतसिह राठौड़, रतनगढ़ से हरिप्रसाद पंकज कुमार हर्षवाल, एडवोकेट पूनमचंद मारू, भींयाराम गुरूजी, ओमप्रकाश दर्जी, भाई मालाराम, जसवंत सिंह राठौड़, ओंकार दास, स्वामी तोलाराम व्यास, श्रीडूंगरगढ़ के अलावा दूर-दूर से सत्संगी भाई बहन भी आए।

# साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** मौजूदा एवं गत वित्तीय वर्ष की बजट घोषणाओं की क्रियान्विति, हीट वेब के प्रति विभिन्न विभागों की तैयारियों के संबंध में अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना ने समीक्षा बैठक ली। गर्मी के मौसम के मद्देनजर जिले वासियों को मौसमी बीमारियों और पेयजल की समस्या से प्रभावी रूप से निपटने के लिए अतिरिक्त जिला कलक्टर ने सभी अधिकारियों को सजगता और संवेदनशीलता के साथ अपने कार्यों को करने के निर्देश दिए। बैठक में जिले में बजट घोषणाओं के तहत विभिन्न कार्यो की प्रगति की समीक्षा की गई। उन्होंने बैठक में ई-फाईल निष्पादन की विस्तृत समीक्षा कर सभी विभागों के अधिकारियों को औसत फाईल निस्तारण समय में कमी लाने हेतु निर्देशित किया। साथ ही उन्होंने आई गॉट कर्मयोगी पोर्टल पर राजकीय कार्मिकों के पंजीकरण की समीक्षा कर सभी विभागों को शत-प्रतिशत कार्मिकों के पंजीकरण कराए जाने एवं ट्रेनिंग मॉड्यूल में नामांकन कर प्रशिक्षण लिए जाने हेतु निर्देश दिए।

**गर्मी के मौसम से प्रभावी रणनीति के साथ निपटने :** अतिरिक्त जिला कलक्टर ने गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए जिला अस्पताल में आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में निर्देश दिए। उन्होंने जलदाय विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि आमजन को पेयजल पर्याप्त मात्रा में और उचित वितरण से प्राप्त हो इसकी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

# लैब टेक्नीशियन दिवस मनाया



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** राजकीय डीबी अस्पताल की केंद्रीय प्रयोगशाला में लैब टेक्नीशियन दिवस मनाया गया। यह दिवस प्रतिवर्ष माइक्रोस्कोप के आविष्कारक जकारिया जेनसन की स्मृति में मनाया जाता है। केंद्रीय प्रयोगशाला में इस अवसर पर अस्पताल के अस्पताल अधीक्षक डॉ.दीपक चौधरी, केंद्रीय प्रयोगशाला के प्रभारी डॉक्टर नदीम, डॉक्टर अनुराधा, डॉक्टर नैंसी, डॉक्टर शकील, डॉक्टर प्रदीप कस्वा उपस्थित रहे। इस अवसर पर लैब टेक्नीशियन जबार खान, रविकांत शर्मा, संतलाल स्वामी, सुभाष राजपुरोहित, अभिषेक जांगिड़, भागीरथ, नीतिका, अक्षिता, सुनील, हर्षवर्धन, आयुष बुडानिया आदि उपस्थित रहे।

# पोषण पखवाड़ा ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम आयोजित



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** राष्ट्रीय पोषण अभियान अन्तर्गत आयोजित पोषण पखवाड़ा ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम ग्रामीण उद्यमषाला बिजौली में तहसीलदार उत्तमचंद बंसल के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। पोषण पखवाड़ा पोषण में सुधार के लिए समर्पित पखवाड़ा है। पोषण पखवाड़ा 8 अप्रैल से शुरू होकर 22 अप्रैल 2025 तक जारी रहेगा।

पोषण पखवाड़ा 2025 के दौरान गर्भवती और स्तरनपान कराने वाली माताओं के लिए उचित पोषण के महत्व पर जोर देना, स्वस्थ खाने की आदतों को बढ़ावा देना और बच्चों में कुपोषण को दूर करना, आयरन की कमी और इसके परिणामों के बारे में जागरूकता बढ़ाना, युवा बच्चों के समग्र विकास को बढ़ावा देने संबंधी बिन्दुओं पर मुख्य फोकस रहेगा। कार्यक्रम में एक छोटी बच्ची के पहले जन्मदिन के उपलक्ष्य में 'बेटी जन्मोत्सव' का उत्सव मनाया। इसके अतिरिक्त षिषुओं को ठोस आहार की शुरूआत का जष्न मनाने वाला एक पारंपरिक समारोह अन्नप्राषन भी मनाया गया। कार्यक्रम में अविनेष कुमार सीडीपीओ राजाखेड़ा, मांगीलाल आर्य, सहायक लेखाधिकारी द्वितीय, महिला सुपरवाइजर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, हैल्पर और साथिन उपस्थित रहे। कायक्रम में प्रतिभागियों की रचनात्मकता को पोषण पखवाड़ा और पौष्टिक व्यंजनों के विषयों पर बनाई गई जीवंत रंगोली डिजाइनों और सूचनात्मक पोस्टरों के माध्यम से प्रदर्षित किया गया।

# धौलपुर ने अपना 44वां स्थापना दिवस मनाया

## सपनों की धूल अब सुनहरी रोशनी, धौलपुर की प्रभात फेरी ने दिया नया संदेश




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** धौलपुर ने सोमवार को अपने 44वें स्थापना दिवस को गौरव, उत्साह और विकास की झलकियों के साथ मनाया। जहां एक ओर अतीत की गूंजों में बीहड़ और बागियों की कहानियाँ दबी हैं, वहीं अब वर्तमान में बाघों की दहाड़, बॉलीवुड की रुचि और नीति आयोग से मिले सम्मानों ने इस ज़िले को राजस्थान के सबसे तेजी से उभरते जिलों में शुमार कर दिया है। सुबह 7:30 बजे प्रभात फेरी की शुरुआत से दिन का शुभारंभ हुआ। इस प्रभात यात्रा में सरकारी अधिकारियों से लेकर छात्र-छात्राओं, एनएसएस-एनसीसी, स्काउट-गाइड, पुलिस और आम नागरिकों ने कदम से कदम मिलाए। स्वच्छता और प्लास्टिक मुक्त धौलपुर के संदेश के साथ निकली यह फेरी जिले के बदलते मानस की प्रतिनिधि बन गई। कचहरी प्रांगण से कलेक्ट्रेट तक निकाली गई प्रभात फेरी केवल एक परंपरागत आयोजन नहीं, बल्कि जिले के विकास पथ पर चलने की एक प्रतीकात्मक यात्रा थी। इस प्रभात फेरी को अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना और उपखंड अधिकारी साधना शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। गगनचुंबी नारों, देशभक्ति गीतों और सजे-धजे प्लकार्ड के साथ निकली यह प्रभात फेरी जनभागीदारी का जीवंत दृश्य बन गई। इसमें आम नागरिकों से लेकर जिला स्तरीय अधिकारियों, विद्यार्थियों, कैडेट्स, होमगार्ड, सफाई कर्मियों और अन्य समाजसेवकों ने उत्साह से भाग लिया। बीएड कॉलेज, एनएसएस, एनसीसी, स्काउट-गाइड, एएनएम व जीएनएम प्रशिक्षणार्थियों ने रंग-बिरंगी प्रस्तुतियों और रचनात्मक नारों से वातावरण को जीवंत कर दिया। प्रभात फेरी के माध्यम से स्वच्छता अभियान, सिंगल यूज़ प्लास्टिक पर प्रतिबंध और पर्यावरण संरक्षण जैसे संदेशों को आमजन तक पहुँचाया गया। सड़कें गुलज़ार थीं, मनों में उत्साह और आँखों में उम्मीदें थीं।

# फुलेरा जलदाय विभाग में कनिष्ठ अभियंता पद तीन माह से रिक्त

## जनप्रतिनिधियों की चुप्पी से आमजन में रोष, जल आपूर्ति कार्य प्रभावित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**फुलेरा।** कस्बे के जलदाय विभाग में कनिष्ठ अभियंता का पद बीते तीन माह से रिक्त पड़ा है, जिससे क्षेत्र में जल आपूर्ति से जुड़े कार्य प्रभावित हो रहे हैं। पाइपलाइन मरम्मत, जल रिसाव की शिकायतों का समाधान और नई योजनाओं की निगरानी जैसे अहम कार्य अधर में लटके हुए हैं, जिससे आमजन में असंतोष व्याप्त है। विभागीय सूत्रों के अनुसार, रिक्त पद की सूचना उच्चाधिकारियों को समय रहते भेज दी गई थी, लेकिन अब तक नियुक्ति प्रक्रिया शुरू नहीं हो सकी है। इससे विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि इस गंभीर समस्या पर अब तक किसी भी स्थानीय जनप्रतिनिधि ने कोई पहल नहीं की है। न तो कोई ज्ञापन सौंपा गया है और न ही कोई सार्वजनिक बयान सामने आया है, जिससे जनता खुद को उपेक्षित महसूस कर रही है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि जब बुनियादी सुविधाएं बाधित हो रही हों, तब जनप्रतिनिधियों की चुप्पी बेहद चिंता का विषय है। उन्होंने प्रशासन और विभाग से मांग की है कि जल्द से जल्द इस पद पर नियुक्ति की जाए, जिससे जल संकट जैसी स्थिति से बचा जा सके।

# लंबित जांच प्रकरणों के निस्तारण को लेकर शिक्षामंत्री ने दिए सख्त निर्देश

## 16-17 सीसीए, एसपी प्रकरण सहित अन्य लंबित जांच पर हुई विस्तृत चर्चा



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद के सभागार में मंगलवार को शिक्षा मंत्री मदन दिलावर की अध्यक्षता में एक अहम बैठक आयोजित की गयी। निदेशालय माध्यमिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर की ओर से आयोजित बैठक में 16–17 सीसीए, एसपी प्रकरण सहित अन्य लंबित जांच के संबंध में चर्चा की गयी। चर्चा में वर्ष 1989 से लेकर वर्ष 2025 तक के 16 सीसीए, 17 सीसीए, 17 सीसीए न्यून परीक्षा परिणाम प्रधानाचार्य, 17 सीसीए न्यून परीक्षा परिणाम व्याख्याता और राज्य स्तर पर 16 सीसीए के लंबित एवं विचाराधीन प्रकरणों पर विस्तार से चर्चा की गयी।

शिक्षा मंत्री ने अधिकारियों एवं पदाधिकारियों को पेंडिंग मामलों के शीघ्र निस्तारण के लिए निर्देशित किया। साथ ही विभाग की ओर से आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर विशिष्ठ शासन सचिव विश्व मोहन शर्मा, राज्य परियोजना आयुक्त एवं निदेशक, समग्र शिक्षा राजस्थान अनुपमा जोरवाल, निदेशक प्राथमिक शिक्षा सीताराम जाट, संयुक्त शासन सचिव मनीष गोयल, अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक सुरेश कुमार बुनकर और विशेषाधिकारी सतीश गुप्ता सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## तेज गर्मी में लू-तापघात के लिए स्वास्थ्य विभाग ने जारी किया अलर्ट

# आमजन से सावधानी व बचाव की अपील



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** तेजी से बढ़ रही गर्मी के मद्देनजर स्वास्थ्य विभाग द्वारा चिकित्सकों एवं विभाग के अन्य कर्मचारियों को अलर्ट करते हुए आमजन से बचाव रखने की अपील की गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर द्वितीय डॉ. हंसराज भदालिया ने बताया कि अत्यधिक गर्मी व सूखे मौसम में लू-तापघात होने की आशंका बढ़ गई है। इसलिए इससे प्रभावितों को तुरंत राहत देने हेतु तैयारियों के निर्देश जारी किए गए हैं।

उन्होंने सभी अस्पतालों में लू-तापघात के रोगियों हेतु कुछ बैड आरक्षित रखते हुए वहां कूलर व शुद्ध पेयजल की व्यवस्था, संस्थान में रोगी के उपचार हेतु आपातकालीन किट एवं आवश्यक दवाइयां रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रचार-प्रसार के माध्यम से जनसाधारण को लू-तापघात से बचाव एवं उपचार हेतु जानकारी अपने स्तर से समय-समय पर प्रसारित करावें।

डॉ. भदालिया ने बताया कि शरीर में लवण व पानी अपर्याप्त होने पर विषम गर्म वातावरण में लू व तापघात से सिर का भारीपन व अत्यधिक सिरदर्द होने लगता है। इसके अलावा अधिक प्यास लगाना, शरीर में भारीपन के साथ थकावट, जी मिचलाना, सिर चकराना व शरीर का तापमान बढना, पसीना आना बंद होना, मुंह का लाल हो जाना, त्वचा का सूखा होना, अत्यधिक प्यास का लगना व बेहोशी जैसी स्थिति का होना आदि लक्षण आने लगते हैं।

लू तापघात से प्रभावित रोगी को तुरंत छायादार जगह पर कपड़े ढीले कर लेटा दिया जावे। रोगी को होश मे आने की दशा मे उसे ठण्डा पेय पदार्थ, जीवन रक्षक घोल, कच्चा आम का पन्ना दें। प्याज का रस अथवा जौ के आटे को भी ताप नियंत्रण हेतु मला जा सकता है। रोगी के शरीर का ताप कम करने के लिए यदि सम्भव हो तो उसे ठण्डे पानी से नहलाएं या उसके शरीर पर ठण्डे पानी की पट्टियां रखकर पूरे शरीर को ढंक दें। इस प्रक्रिया को तब तक दोहराएं, जब तक की शरीर का ताप कम नहीं हो जाता है। उन्होंने बताया कि यदि उक्त सावधानी के बाद भी मरीज ठीक नहीं होता है, तो उसे तत्काल निकट की चिकित्सा संस्थान ले जाया जाए।

सीएमएचओ डॉ. हंसराज भदालिया ने आम जन से अपील की है कि जहां तक सम्भव हो धूप में न निकलें, धूप में शरीर पूर्ण तरह से ढ़का हो। धूप में बाहर जाते समय हमेशा सफेद या हल्के रंग के ढीले व सूती कपड़ों का उपयोग करें। बहुत अधिक भीड़, गर्म घुटन भरे कमरों से बचें, रेल बस आदि की यात्रा अत्यावश्यक होने पर ही करें, बिना भोजन किये बाहर न निकलें। भोजन करके एवं पानी पी कर ही बाहर निकलें। गर्दन के पिछले भाग कान एवं सिर को गमछे या तौलिये से ढ़क कर ही धूप में निकलें। रंगीन चश्में एवं छतरी का प्रयोग करें।

गर्मी मे हमेशा पानी अधिक मात्रा मे पियें एवं पेय पदार्थो जैसे निंबू पानी, नारियल पानी, ज्यूस आदि का प्रयोग करें। लू तापघात से प्राय: कुपोषित बच्चे, वृद्ध गर्भवती महिलाएं,श्रमिक अदि शीघ्र प्रभावित होते हैं। इन्हें प्राय: 10 बजे से सायं 6 बजे तक तेज गर्मी से बचाने हेतु छायादार ठण्डे स्थान पर रहने का प्रयास करें। उन्होंने बताया कि लू-तापघात के किसी रोगी की जानकारी देने के लिए कण्ट्रोल रूम नं. 7374004405 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

# भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती मनाई



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** उत्तर पश्चिम रेलवे, प्रधान कार्यालय में मंगलवार 15 अप्रैल को भारत रत्न, संविधान शिल्पी, समाज सुधारक एवं न्याय के प्रबल पक्षधर बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती मनाई गई। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी शशि किरण के अनुसार 14 अप्रैल, 2025 को कार्यालय में अवकाश होने के कारण 15 अप्रैल को भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 134वीं जयन्ती समारोह आयोजित किया गया। समारोह में उत्तर पश्चिम रेलवे के महाप्रबन्धक अमिताभ ने बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर को श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

महाप्रबन्धक अमिताभ ने अपने उद्बोधन में रेलवे कर्मचारियों एवं अधिकारियों से डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी के आदर्शो को अपने जीवन में अपनाकर समाज एवं राष्ट्र के उत्थान में योगदान करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कि बाबा साहब का जीवन संघर्ष, समानता और सामाजिक समरसता का जीवंत प्रतीक है। हमें उनके विचारों को आत्मसात करते हुए समतामूलक, न्यायपूर्ण और समावेशी समाज की स्थापना हेतु निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि बाबा साहब के अदम्य साहस, प्रखर बुद्धिमत्ता और दूरदर्शी सोच से प्रेरणा लेकर हमें भारतीय रेल की गरिमा और सेवा की गुणवत्ता को और ऊंचाइयों तक पहुंचाना है।

कार्यक्रम में उत्तर पश्चिम रेलवे के कर्मचारी संगठनों और एसोशिएसन के पदाधिकारियों , बी. एल. बैरवा, टी. आर. मीना प्रेमनारायण और भरतलाल मीना ने भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी के जीवनमूल्यों पर प्रकाश डाल कर अपने विचार प्रकट किए। कार्यक्रम के दौरान उत्तर पश्चिम रेलवे पर बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जीवनी पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में सफल रहे प्रतिभागियों को भी महाप्रबन्धक द्वारा पुरस्कृत किया गया।

## खान विभाग बजट घोषणा क्रियान्विति

# क्वारी लाइसेंसधारकों को बड़ी राहत, जीरो वेस्ट माइनिंग और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बड़ा कदम

## बजट घोषणा 137-5 के क्रियान्वयन में अधिसूचना जारी

### 18 हजार क्वारी लाइसेंसधारक होंगे लाभान्वित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने क्वारी लाइसेंसधारकों को बड़ी राहत देने के साथ ही जीरो वेस्ट माइनिंग, पर्यावरण संरक्षण और एम-सेण्ड को बढ़ावा देने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। प्रमुख शासन सचिव माइंस एवं पेट्रोलियम टी.रविकान्त ने बताया कि क्वारी लाइसेंसधारकों को राहत देते हुए सरलीकृत माइनिंग प्लान की 5 हजार की फीस राशि को कम कर 3 हजार रुपए कर दिया है। इससे करीब 18 हजार क्वारी लाइसेंसधारक लाभान्वित होंगे। इसी तरह से अब गैरसरकारी भूमि पर जमा खानों के मलबा (ओवरवर्डन डम्प्स) का एम-सेण्ड व अन्य कार्यों के लिए उपयोग किया जा सकेगा और उस पर रॉयल्टी की फीस में 50 प्रतिशत की छूट दी गई है।

प्रमुख सचिव टी. रविकान्त ने बताया कि राज्य के खान विभाग से संबंधित बजट घोषणा 2025-26 की 137-5 की क्रियान्विति में अधिसूचना जारी कर और इससे पहले सीएनजी-पीएनजी दरों की वैट दरों में कमी से खान विभाग की दो बजट घोषणाओं की क्रियान्विति से आमनागरिकों व खनन क्षेत्र से जुड़े लोगों को बड़ी राहत मिली है। रॉयल्टी की दरों को 50 प्रतिशत करने से प्रदेश में खानों के मलबे को एम-सेण्ड में उपयोग के साथ ही अन्य प्रयोजन के लिए भी उपयोग को बढावा मिल सकेगा। इससे प्रदेश में पर्यावरण संरक्षण व जीरो वेस्ट माइनिंग को बढ़ावा मिलेगा।

# उपमुख्यमंत्री डॉ. बैरवा ने किया 48वें राष्ट्रीय जनसंपर्क दिवस के पोस्टर का विमोचन

## सूचना एवं जनसंपर्क आयुक्त को भेंट किया पोस्टर




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने मंगलवार को 48वें राष्ट्रीय जनसंपर्क दिवस के पोस्टर का विमोचन किया। इस अवसर पर उन्होंने देश- प्रदेश के जनसंपर्क क्षेत्र के पेशेवरों को शुभकामनाएँ दीं और देश में सूचनात्मक एवं उत्तरदायी संप्रेषण को बढ़ावा देने में उनके प्रयासों की सराहना की।

इस अवसर पर सूचना एवं जनसंपर्क आयुक्त सुनील शर्मा को भी 48वें राष्ट्रीय जनसंपर्क दिवस का पोस्टर भेंट किया। उन्होंने कहा कि जनसंपर्क के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन संभव है और इस दिशा में कार्यरत सभी जनसंपर्क पेशेवरों की महत्वपूर्ण भूमिका है।

इस दौरान जयपुर चैप्टर के अध्यक्ष वीरेंद्र पारीक, उपाध्यक्ष कविता जोशी एवं सचिव मनीष हूजा मौजूद रहे।

# राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस समारोह की राज्य भर में धूम शुरू

## राज्य भर में हुई विशेष क्विज प्रतियोगिता में 6000 से अधिक स्कूली विद्यार्थियों ने लिया हिस्सा

» नवीन आपराधिक कानूनों की जानकारी एवं पुलिस-जागरूकता के लिए आयोजित की गई प्रतियोगिता

» आज के विजेता विद्यार्थी 17 को सम्भाग पर आयोजित प्रतियोगिता में लेंगे भाग

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राजस्थान पुलिस दिवस 2025 के उपलक्ष्य में प्रदेश भर में आयोजित सप्ताहव्यापी आयोजनों की श्रृंखला में मंगलवार को राज्य के समस्त जिलों में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए एक विशेष क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन को माध्यमिक शिक्षा विभाग के समन्वय व जिला शिक्षा अधिकारियों की देखरेख में जिला पुलिस अधीक्षकों के निर्देशन में सम्पन्न कराया गया।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एटीएस एवं एसओजी वी के सिंह ने बताया कि इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य स्कूली विद्यार्थियों को कानून, नागरिक सुरक्षा एवं पुलिस संगठन से जुड़ी मूलभूत जानकारी प्रदान करना तथा उनमें जागरूकता एवं सहभागिता की भावना विकसित करना रहा। विशेष रूप से इस वर्ष की प्रतियोगिता में राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता माने जा रहे नवीन आपराधिक कानूनों भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम से संबंधित जानकारी को छात्रों तक पहुँचाने पर विशेष बल दिया गया।

इन नए कानूनों के प्रति न केवल स्कूली विद्यार्थियों को जागरूक किया गया, बल्कि शिक्षकों व आमजन को भी उनकी विशेषताओं एवं उपयोगिता से परिचित कराया गया। यह पहल इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम रही कि समाज के प्रत्येक वर्ग को इन नवाचारों की जानकारी समय रहते उपलब्ध कराई जाए।

### प्रतियोगिता का आयोजन एवं सहभागिता

प्रत्येक जिले में एक चयनित विद्यालय में इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। राज्य भर से लगभग 6000 छात्र व छात्राओं ने इसमें उत्साहपूर्वक भाग लिया, जो कि इस पहल के प्रति छात्र समुदाय में उत्साह और जागरूकता को दर्शाता है।

### पुरस्कार वितरण

प्रत्येक जिले में कुल आठ विजेताओं का चयन किया गया। जिसमें प्रथम पुरस्कार 1500 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 1000, तृतीय पुरस्कार 500 रुपये एवं पाँच सांत्वना पुरस्कार 100 -100 रुपये प्रत्येक था। ये विजेता अब गुरुवार 17 अप्रैल 2025 को संभागीय मुख्यालयों पर आयोजित होने वाली राजस्थान पुलिस संभाग स्तरीय क्विज प्रतियोगिता में भाग लेंगे। जिसमें प्रथम पुरस्कार 5000 रुपये दूसरा 3000 एवं तृतीय पुरस्कार 2000 रुपये के साथ 500-500 रुपये के पांच सांत्वना पुरस्कार दिए जाएंगे। इन सभी विजेताओं को जिला स्तर एवं संभाग स्तर पर विभाग द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा।

### सार्वजनिक सहभागिता एवं भविष्य की दिशा

यह कार्यक्रम विद्यार्थियों, शिक्षकों तथा अभिभावकों के बीच अत्यंत उत्साहजनक एवं सकारात्मक प्रतिक्रिया के साथ संपन्न हुआ। प्रतियोगिता के माध्यम से पुलिस संगठन एवं समाज के बीच संवाद, विश्वास और पारदर्शिता की भावना को सुदृढ़ किया गया। राजस्थान पुलिस यह विश्वास व्यक्त करती है कि आने वाले समय में भी इस प्रकार की शैक्षणिक एवं जन-जागरूकता आधारित गतिविधियाँ निरंतर जारी रहेंगी, जिससे कानून एवं व्यवस्था के प्रति जागरूक, उत्तरदायी एवं सहयोगी समाज का निर्माण संभव हो सके।

## पश्चिम रेलवे के उधना स्टेशन पर री-डवलपमेंट कार्य

### रेलसेवा उधना के स्थान पर सूरत स्टेशन पर करेगी ठहराव

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** पश्चिम रेलवे के उधना स्टेशन पर री-डवलपमेंट कार्य के कारण बान्द्रा टर्मिनस- बीकानेर-बान्द्रा टर्मिनस साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा का उधना के स्थान पर सूरत स्टेशन पर ठहराव दिया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशि किरण के अनुसार गाडी संख्या 09035, बान्द्रा टर्मिनस-बीकानेर साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा जो 16 अप्रैल को बान्द्रा टर्मिनस से प्रस्थान करेगी वह रेलसेवा सूरत स्टेशन पर 14.43 बजे आगमन व 14.48 बजे प्रस्थान करेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 09036, बीकानेर-बान्द्रा टर्मिनस साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा जो 17 अप्रैल को बीकानेर से प्रस्थान करेगी वह रेलसेवा सूरत स्टेशन पर 05.05 बजे आगमन व 05.10 बजे प्रस्थान करेगी।

## न्यूज ब्रीफ

### स्पीकर देवनानी उदयपुर जायेंगे

**जयपुर।** राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी बुधवार को प्रात: वायुयान से उदयपुर जायेंगे। देवनानी उदयपुर में स्व. अरविन्द सिंह मेवाड को श्रृद्धांजलि अर्पित करेंगे और परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करेंगे। देवनानी का गुरूवार को प्रात: वायुयान से जयपुर आने का कार्यक्रम है।

### राजस्थान राज्य सहकारी अधिकरण, जयपुर के न्यायालय एवं कार्यालय अब प्रात: 7.00 बजे से 1.30 बजे तक खुलेंगे

**जयपुर।** ग्रीष्म ऋतु के दृष्टिगत राजस्थान राज्य सहकारी अधिकरण, जयपुर के न्यायालय एवं कार्यालय समय में परिवर्तन किया गया है। सहकारिता विभाग के संयुक्त शासन सचिव दिनेश कुमार जांगिड ने बताया कि 15 अप्रैल से 27 जून 2025 तक न्यायालय समय प्रात: 7.00 बजे से 1.30 बजे तक तथा कार्यालय समय प्रात: 7.00 बजे से 1.30 बजे तक होगा। उन्होंने बताया कि अध्यक्ष/सदस्य प्रात: 7.00 बजे से 7.30 बजे तक अपने-अपने चैम्बर्स में कार्य करेंगे।

### दो रेलसेवाओं में बढाये 1 थर्ड एसी व 1 शयनयान श्रेणी डिब्बे

**जयपुर।** रेलवे द्वारा अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा हेतु 2 रेलसेवाओं में 1 थर्ड एसी व 1 शयनयान श्रेणी डिब्बे की अस्थाई बढोतरी की जा रही है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी शशि किरण के अनुसार गाडी संख्या 12495/12496, बीकानेर-कोलकाता-बीकानेर रेलसेवा में बीकानेर से 17 व 24 अप्रैल को एवं कोलकाता से 18 व 25 अप्रैल को 1 थर्ड एसी व 1 शयनयान श्रेणी डिब्बो की अस्थाई बढोतरी की जा रही है। गाडी संख्या 22473/22474, बीकानेर-बांद्रा टर्मिनस-बीकानेर रेलसेवा में बीकानेर से 21 अप्रैल को एवं बांद्रा टर्मिनस से 22 अप्रैल को 1 थर्ड एसी व 1 शयनयान श्रेणी डिब्बो की अस्थाई बढोतरी की जा रही है।

जागरूक टाइम्स

संपर्क करें

विज्ञापन देने के लिए

+91-9819170710

+91-9587022840

+91-8696111716

प्रति के लिए

9057203837

कार्यालय :- 0141-2743001

Email :- jtjaipur@gmail.com

# 'शक्ति दिवस' पर हुई बच्चों, किशोरी बालिकाओं और महिलाओं की एनीमिया की स्क्रीनिंग, मिला उपचार



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** जिला जयपुर द्वितीय में मंगलवार को शक्ति दिवस आयोजित किया गया। जिसमे बच्चों, किशोरी बालिकाओं और महिलाओं की अनिमिया की स्क्रीनिंग, हीमोग्लोबिन की जांच के साथ अनिमिया का उपचार किया गया और आयरन की टेबलेट्स का वितरण किया गया। साथ ही उन्हें मौसमी बीमारियों के प्रति जागरुक किया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर द्वितीय डॉ. हंसराज भदालिया ने बताया कि शक्ति दिवस में बच्चों, महिलाओं व किशोरियों में अनिमिया की दर कम करने के लिए उनकी अनिमिया की स्क्रीनिंग व उपचार किया जाता है। इसमे बच्चों, किशोरी बालिकाओं, विवाहित महिलाओं, गर्भवती महिलाओं तथा धात्री माताओं में अनिमिया मुक्ति के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाती हैं। उन्होंने बताया कि राजस्थान को अनिमिया मुक्त करने के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग तथा अन्य विभागों के साथ मिलकर माह के प्रत्येक मंगलवार को शक्ति दिवस के रूप में आयोजित किया जाता है।

## कार्यालय नगर परिषद्, सिरोही (राज.)

क्रमांक:– नपसि / विद्युत / 2025–26 / 2058    दिनांक:– 09.08.2025

**–: निविदा सूचना :–**

**(निविदा क्रमांक 01/2025–26)**

नगर परिषद सिरोही द्वारा निम्नांकित कार्य को करवाये जाने हेतु संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में ई–टेंडरिंग प्रक्रिया द्वारा ऑन लाईन ई–निविदायें आमंत्रित की जाती है :–

| | |
|---|---|
| एन.आई.बी. नम्बर | DLB2526A0309 |
| एवं यू.बी.एन. कोड | DLB2526SLRC01332 |
| कार्यो की संख्या | 01 |
| कार्यो की अनुमानित लागत | 36.06 लाख |
| ऑन लाईन निविदा फार्म मिलने की तारीख | 09.04.2025 को साय: 05.00 बजे से 21.04.2025 को साय: 06.00 बजे तक |
| ऑन लाईन तकनिकी एवं वित्तिय निविदा अपलोड करने की तारीख | 09.04.2025 को साय: 05.00 बजे से 21.04.2025 को साय: 06.00 बजे तक |
| ऑन लाईन तकनिकी / वित्तीय निविदाऐं खोलने की तारीख | दिनांक को 22.04.2025 दोपहर : 03:00 बजे से |
| निविदाऐं खोलने का स्थान | नगर परिषद कार्यालय, सिरोही |

निविदा से सम्बन्धित शर्ते एवं विस्तृत विवरण वेब पोर्टल **http//:sppp.rajasthan.gov.in** पर देखा जा सकता है तथा निविदा प्रपत्र डाउनलोड किया जा सकता है।

**प्रशासक**
**नगर परिषद, सिरोही**

**आयुक्त**
**नगर परिषद, सिरोही**

**राज.संवाद / सी / 25 / 650**

# संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर व महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती पर रैली व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बगड़।** कस्बे में संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर व महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती पर विशाल भव्य रैली व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। भीम आर्मी जिलाध्यक्ष विकास आल्हा ने बताया कि संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर व महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती कार्यक्रम डॉ. अंबेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी शाखा बगड़ के तत्वावधान मे आयोजित किया गया। सर्वप्रथम जोगेंद्र निवास भवन में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। बाबा साहेब व फुले साहब जयंती पर पीरामल गेट पोस्ट ऑफिस के पास से विशाल भव्य रैली को नीली झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रैली में डीजे, ऊंट, घोड़ी बघी तथा छोटे बच्चों को डॉ. भीमराव अंबेडकर, महात्मा ज्योतिबा फुले, माता सावित्री बाई फुले व माता रमा बाई की पोषाक पहनाकर बग्घी में बैठाया गया। रैली बगड़ के मुख्य मार्ग होते हुए, सब्जी मंडी, बीएल चौक, बगड़ नगरपालिका, तिराहा स्टैंड होते हुए निर्मल कॉलोनी, अंबेडकर सर्किल जाटावास में बाबा साहेब प्रतिमा पर प्रबुद्ध लोगों द्वारा माल्यार्पण करके तथा केक काटकर जय भीम जय फुले उदघोष करते हुए खेड़ी मोहल्ला, वाल्मिकी बस्ती, खटीकान मोहल्ला से होते हुए रैली का नीमड़ी स्टैंड पर समापन किया गया। रैली में शामिल हुए सभी भीम अनुयायियों के लिए ज्यूस व ठंडे, पानी चाय, कॉफी की व्यवस्था आयोजकों द्वारा की गई। एईएन रामप्रताप बरवड़ ने बताया कि रैली के तुरंत बाद नीमड़ी स्टैंड पर कार्यक्रम में भंते विनयपाल बुद्ध प्रबोधन जय पहाड़ी के सानिध्य में कार्यक्रम प्रारंभ किया।



कार्यक्रम के प्रारंभ में बाबा साहेब व महात्मा ज्योतिबा फुले फोटो पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित करके छोटे बच्चों द्वारा बुद्ध वंदना से कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम में छोटे छोटे बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। उप प्रधानाचार्य पवन कुमार बुंदेला ने स्वागत भाषण दिया। सैनी समाज संस्था जिलाध्यक्ष महेंद्र शास्त्री ने डॉ. भीमराव अंबेडकर व महात्मा ज्योतिबा फुले जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को जीवन में उतारने की अपील की। बीडीओ श्योपाल निर्मल ने बताया कि बहुजन समाज में अंधविश्वास को दूर करने के लिए समाज को जागरूक करने व भारत देश को आर्थिक दृष्टि से संपन्न बनाने में युवाओं से खड़ा परिश्रम करने की नसीहत दी। वरिष्ठ अध्यापक रामकिशोर निर्मल ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा के क्षेत्र को बढ़ावा देना चाहिए। व्याख्याता बलबीर बुंदेला द्वारा तैयार किए गए आपणी पाठशाला के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम में प्रतिभाशाली बच्चों को पुरस्कृत किया गया। पूर्व पालिकाध्यक्ष सतवीर बरवड़ ने आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया।

**कार्यक्रम में रहे ये मौजूद :** इस अवसर पर एजीएम आशीष पंवार एचएमटी, सेवानिवृत्त डिप्टी निरंजनप्रसाद आल्हा, रामकिशोर निर्मल, पार्षद सुभाष बुंदेला, एनआरआई रामकिशन आल्हा, पूर्व पालिका उपाध्यक्ष रामलाल चंदेलिया, कांताप्रसाद, ग्रामसेवक मंगलचंद आल्हा, पवन आल्हा, विजेंद्र भाटिया, ललित निर्मल, शीशराम आल्हा, रविंद्र आल्हा, आशाराम आल्हा, सुनिल बुंदेला, एडवोकेट राधेश्याम सामरिया, दुर्गाप्रसाद बोयल, मनोज, विकास, मुस्तफा, बनवारी फुलवारियां, अनीश, विनोद, मुकेश मोची, दिनेश, दलीप, जोगेंद्र, विशाल, राहुल, दामोदर, रविंद्र, शुभकरण, विजय, प्रमोद सहित बड़ी संख्या में महिला, बच्चों तथा वरिष्ठजनों ने बढ़-चढ़कर अंबेडकर जयंती में भाग लिया। कार्यक्रम का सफल संचालन पार्षद मोहम्मद सलीम व उप प्रधानाचार्य पवन कुमार बुंदेला ने किया।

## बाबा साहेब की जयंती पर विचार गोष्ठी आयोजित

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** बहुजन समाज पार्टी के शहर के वार्ड नंबर 55 मंड्रेला रोड पर स्थित जिला कार्यालय में संविधान निर्माता, भारत रत्न, नारी के मुक्तिदाता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती और विचार संगोष्ठी व संगठन समीक्षा का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बहुजन समाज पार्टी प्रदेश महासचिव जोन इंचार्ज दईराम मेघवाल व बहुजन समाज पार्टी के वरिष्ठ नेता सज्जनलाल चूड़ी रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में भूतपूर्व सैनिक जगदीशप्रसाद सैनी, विनोद कुमार नायक, दीपककुमार सैनी और सतवीर मेघवाल रहे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता बहुजन समाज पार्टी के झुंझुनूं जिलाध्यक्ष एडवोकेट धर्मपाल बंशीवाल ने की। मंच का संचालन जिला उपाध्यक्ष पवन मेघवाल ने किया। इस कार्यक्रम में जिला और विधानसभा के अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में दीपक सैनी, नरेंद्र कुमार मेघवाल मंड्रेला, मंजू देवी, सुलोचना देवी, शकुंतला देवी, जुगल किशोर बंशीवाल, सज्जनलाल सैनी, महावीर प्रसाद सैनी, विजय कुमार सैनी, ओमप्रकाश मेघवाल सहित अनेक कार्यकर्ता शामिल रहे।

# श्रमिकों को दी सुरक्षा के नियमों की जानकारी



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**कुचामन सिटी।** राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना (RUIDP) के सामुदायिक जागरूकता एवं जनसहभागिता कार्यक्रम के तहत आरयूआईडीपी के अधीक्षण अभियंता नेमीचंद पंवार के निर्देशन में, अधिशाषी अभियंता राजकुमार मीना के मार्गदर्शन में सहायक अभियंता अनिल सैनी के सहयोग शहर में नई पेयजल वितरण प्रणाली व सीवरेज परियोजना में खान मोहल्ला कुचामन में कार्य कर रहे श्रमिकों को सुरक्षा के नियमों की जानकारी देकर किया जागरूक। श्रमिक सुरक्षा के बारे में जानकारी देते हुए कैंप के सामाजिक विकास विशेषज्ञ देवेन्द्र सिंह ने श्रमिकों को बताया कि साईट पर कार्य करते समय श्रमिक सुरक्षा को प्राथमिकता दें एवं पूरे सुरक्षा उपकरणों के साथ ही कार्य करें क्यों कि छोटी सी लापरवाही बहुत बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है। इसलिए सभी श्रमिक सम्पूर्ण सुरक्षा उपकरणों का उपयोग कर कार्य करें साथ ही सावधानी पूर्वक कार्य करते हुए अपने आपको सुरक्षित रखें श्रमिक भाइयों से अपील की सुरक्षा नियमों का पालन करते हुए कार्य करें ताकि दुर्घटनाओं से बचा जा सके साथ ही सुरक्षा उपकरणों के बारे में विस्तार से बताया। इसके साथ ही कैंप की सविता शर्मा ने स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के बारे में बताते हुए कहा कि आसपास साफ सफाई रखें ताकि बीमारियों से होने वाले आर्थिक एवं शारीरिक नुकसानों से बचा जा सके। साथ ही कहा कि श्रमिक भाई किसी भी प्रकार के नशे का सेवन नहीं करें इसके साथ ही श्रमिक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर जागरूक किया। इसके साथ ही एल एण्ड टी. के किशन सिंह का सहयोग रहा।

# कुचामन विकास समिति महिला मंच की नई कार्यकारिणी घोषित



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**कुचामनसिटी।** कुचामन विकास समिति की महिला ईकाई कुचामन विकास महिला मंच की नव कार्यकारिणी सत्र 2025-28 के लिए गठित की गई। यह बैठक पूर्व अध्यक्षा कृष्णा मंत्री की अध्यक्षता में विकास भवन के बॉम्बे हाल में आयोजित हुई, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं। बैठक में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। बरखा रानी जैन को अध्यक्ष, ज्योति मोर को सचिव और आशा झंवर को कोषाध्यक्ष चुना गया। संगठन मंत्री के रूप में मधु मण्डावाला एवं उमा गौड़, संचार मंत्री के रूप में शकुंतला मांधनियां, विनिता भाडासर वाला एवं संगीता पेमजीवाला को नियुक्त किया गया। उपाध्यक्ष पद के लिए हेमा गट्टाणी एवं श्रीदेवी दिक्षित को चुना गया, जबकि सहसचिव का दायित्व जिम्मी पाटोदी को सौंपा गया। सांस्कृतिक मंत्री की भूमिका में मिंटू गौड, सरिता काबरा एवं तारा शर्मा का चयन हुआ। कार्यकारिणी के संरक्षक मंडल में कृष्णा मंत्री, किरण भाडासर, निर्मला खोखरिया, निर्मला गौड एवं अन्नपूर्णा कुमावत को शामिल किया गया है।

# रघुनाथपुरा के लोग पूर्व विधायक से मिले, कलेक्ट्रेट पर भी किया प्रदर्शन

**झुंझुनूं।** रघुनाथपुरा (बिजे नाई का बास) के लोगों ने कलेक्ट्रेट पर फिर हल्ला बोला। नगर परिषद में गलत तरीके से शामिल करने से नाराज ग्रामीण काफी संख्या में जिला कलेक्ट्रेट पहुंचे व कलेक्टर को ज्ञापन दिया। साथ ही बताया कि सरकार बिना ग्रामीणों की राय व भावना जाने गलत तरीके से पसीसिमन कर रही है। गांव के संदीप रोहिला ने बताया कि हमारा गांव मुख्यालय से नौ किलोमीटर दूर है तो कैसे गांव का विकास संभव है। देरवाला हमसे दो किमी पहले है फिर भी देरवाला को छोड़कर हमें लिया जा रहा है। अगर हमारी पंचायत वापसी की मांग नहीं मानी गई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। अगर कोर्ट की शरण लेनी पड़ी तो वो भी लेंगे। फिर भी मांग नहीं मानी गई तो आने वाले पंचायत व नगर परिषद के चुनावों में सबक सीखा दिया जाएगा। सरकार अंजाम भुगतने के लिए तैयार रहे। इस मौके पर रामनिवास, सुरेश, अनिल बेनीवाल, रामावतार, भरत, संदीप रोहिला, राजेंद्र, ओमप्रकाश पूनियां, श्रवण, पवन हर्षवाल, बलबीर मोटसरा व अन्य कई ग्रामीण मौजूद थे।



# खाजपुर नया ग्राम पंचायत को विभाजित करने व नगर परिषद में जोड़ने का विरोध शुरू

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** नगर परिषद के नए परिसीमन प्रस्ताव में पंचायतों को शामिल करने व विभाजित करने के विरोध में खाजपुर नया पंचायतवासियों का नाम भी जुड़ गया है। सरपंच भागीरथ बुडानिया के नेतृत्व में मंगलवार को सैंकड़ों की तादाद में पंचायतवासी कलेक्ट्रेट पहुंचे व मुख्य द्वार पर पंचायत को विभाजित करने व नगर परिषद में शामिल करने का जबरदस्त विरोध दर्ज करवाया। विरोध सभा में वक्ताओं ने कहा कि जिला मुख्यालय से नौ किलोमीटर दूर होने के बावजूद उनकी पंचायत के आधे गांवों को नगर परिषद में जोड़ा जा रहा है व आधे गांवों को वहां के निवासियों के ना चाहते हुए भी दूसरी पंचायत के साथ जोड़ा जा रहा है। सरपंच



भागीरथ बुडानिया ने बताया कि राजस्थान पंचायत अधिनियम 1953 के तहत उस समय क्षेत्रफल दृष्टि से बहुत बड़ी पंचायत होने के बावजूद खाजपुर नया को पंचायत हैडक्कार्टर बनाया गया था। जिसे राजनीतिक दुर्भावना से विलोपित किया जा रहा है। विरोध प्रदर्शन के बाद सरपंच बुडानिया, उप सरपंच विजयपाल, जीएसएस अध्यक्ष हरिसिंह महला व पंचगणों के साथ खाजपुर नया, खाजपुर का बास व खाजपुर पुराना के ग्रामवासियों ने एकजुट होकर तीनो गांवों को मिलाकर ग्राम पंचायत बनाने व नगर परिषद व अन्य पंचायत में शामिल ना करने का ज्ञापन जिला कलेक्टर को सौंपा।

**मंडावा में माइक्रोसॉफ्ट के फर्जी कस्टर केयर सेंटर का मामला**

# कोर्ट ने तीन युवतियों को भेजा जेल, जबकि शेष 10 को भेजा रिमांड पर



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मंडावा।** कस्बे में पुलिस द्वारा सोमवार को माइक्रोसॉफ्ट के फर्जी कस्टमर केयर सेंटर का भंडाफोड़ कर 13 युवक—युवतियों को गिरफ्तार किया गया था। इस मामले में गिरफ्तार सभी आरोपियों को सोमवार को झुंझुनूं जिला मुख्यालय पर स्थित कोर्ट में पेश किया गया। जिसमें से गिरफ्तार सभी तीन युवतियों को कोर्ट ने जेल भेज दिया है। जबकि शेष गिरफ्तार सभी 10 युवकों को पुलिस को दो दिन के रिमांड के लिए सौंप दिया है। मंडावा एसएचओ रामनिवास ने बताया कि कोर्ट के आदेशों की पालना में अब दो दिनों तक आरोपियों से इस ठगी की वारदात को लेकर पूछताछ की जाएगी। मामले की जांच साइबर थाने के प्रभारी डीएसपी रामखिलाड़ी मीणा कर रहे है। इधर, इस मामले को लेकर पुलिस के सामने आरोपियों ने कई चौंकाने वाले खुलासे किए है। पुलिस द्वारा की गई अब तक की पूछताछ में सामने आया है कि पकड़े गए 13 आरोपी तो एक तरह से दो मास्टर माइंड साइबर ठग मिक्की और फ्रेडी के लिए कॉल सेंटर की तरह काम करते थे। एक एप के जरिए ना केवल माइक्रोसॉफ्ट, बल्कि अन्य सोशल मीडिया साइट्स की प्रॉब्लम सॉल्व करने के नाम पर अमेरिकन लोगों को फंसाते थे। जब कोई अमेरिकन फंस जाता था तो उसका कॉल अपने सुपरवाइजर और इस पूरे ठगी के प्लान के मास्टर माइंड मिक्की और फ्रेडी को ट्रांसफर करते थे। जो आगे साइबर ठगी करते थे। क्योंकि अमेरिकन लोगों के बैंक खातों से ठगी की जाती थी तो ये पैसा डॉलर के रूप में ही ठगा जा रहा था। उन्होंने बताया कि पूछताछ में यह भी सामने आया है कि ये आरोपी 15—20 दिन से ही मंडावा थे। इस दौरान दो से तीन बार दोनों ठग और मास्टर माइंड मंडावा भी आकर गए बताए। जो बार—बार मंडावा आकर भी इन सभी आरोपियों को ट्रेनिंग देते रहते थे। कोर्ट ने आज साउथ दिल्ली के आकाश वीके, रमेश गुरूंग, दक्षिणी दिल्ली के मौसे चिंगरा, वेस्ट दिल्ली के जंगमिनखय डोंगल, पश्चिम बंगाल के दार्जलिंग जिले के किस्मत गजनेर, आशीष ओझा, मणिपुर के इम्फाल जिले के अमित पोल, मेघालय के इस्काहिल्स शिलॉन्ग जिले के कुशाल थापा, मिजोरम के आईजोल थाना इलाके के पैट्रिक जोनुसंगा व यूपी के मुरादाबाद जिले के मोनू कुमारी को दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। जबकि मणिपुर की जुबलिया, अप्सरा प्रधान तथा नागालैंड की चिइजोतेउ लेचु को जेल भेज दिया है।

## शिविरों में आमजन ने बड़ी संख्या में लिया लाभ

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** जिले में आयुष्मान आरोग्य शिविरों में रोगियों का पंजीकरण किया गया और रोगियों की हाइपरटेंशन, डायबिटीज, टीबी और सिकलसेल जैसे रोगों की स्क्रीनिंग और निशुल्क उपचार किया गया। सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर ने बताया कि डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर आयुष्मान आरोग्य योजना की सातवीं वर्षगांठ पर इन विशेष शिविरों का आयोजन किया गया। शिविरों में नागरिकों के लिए आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के अंतर्गत आभा आईडी बनाई गई। विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों का प्रचार-प्रसार किया गया। साथ ही गैर संचारी रोगों की स्क्रीनिंग कर आवश्यक जांचें निशुल्क और दवाएं उपलब्ध कराई गई। साथ ही इन आयुष्मान आरोग्य शिविरों में योग सत्रों का भी आयोजन किया गया। उक्त आयोजनों की रिपोर्ट पोर्टल पर अपलोड की गई। मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना, यानि मा योजना में पंजीकरण किया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### अंबेडकर जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बड़ागांव।** बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती के मौके पर वार्ड नंबर 16 स्थित अंबेडकर भवन से बाइक एवं वाहन रैली निकाली गई। बाइक रैली कस्बे के प्रमुख मार्गों से गुजरती हुई वापस अंबेडकर भवन पहुंची। रैली में डीजे के साथ बाइक पर सवार युवाओं द्वारा जय भीम के नारे लगाए गए। रैली के अंबेडकर भवन पहुंचने के पश्चात अंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प वर्षा की गई। वार्ड पंच झूथाराम तानेनिया, ग्यारसीलाल जिनोलिया, प्रिंसिपल राधेश्याम तानेनिया, भगवानाराम किरोड़ीवाल, समाजसेवी रामनिवास सिंह, मनोज तानेनिया, दिनेश तानेनिया, राजू फौजी, सुभाष तानेनिया, पिंटू तानेनिया सहित सैंकड़ों की संख्या में समाज बंधु एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

### अंबेडकर आधुनिक भारत के निर्माता थे : सैनी



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर बगड़ रोड स्थित भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में संगोष्ठी एव पुष्पांजलि कार्यक्रम भाजपा जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी की अध्यक्षता एवं विधायक राजेंद्र भांबू के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम संयोजक महेश जीनगर, सह संयोजक द्रौपदी गर्वा, शहर मंडल प्रभारी अरुणा सिहाग थे। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी ने कहा कि बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर भारतीय संविधान व आधुनिक भारत के निर्माता थे। उन्होंने दलित, पिछड़े व दबे समाज को समानता का अधिकार दिलाकर आगे लाने के लिए जीवनपर्यंत संघर्ष किया। विधायक राजेंद्र भांबू ने कहा कि बाबा साहेब प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ, प्रख्यात न्यायविद, बौद्ध कार्यकर्ता, दार्शनिक, मानवविज्ञानी, इतिहासकार, वक्ता, लेखक, अर्थशास्त्री, विद्वान और संपादक भी थे। उन्होंने देश को एक नई दशा व दिशा प्रदान की। कार्यक्रम का संचालन संयोजक महेश कुमार जीनगर ने किया। इस अवसर पर संजय मोरवाल, सोशल मीडिया जिला संयोजक चंद्रप्रकाश शुक्ला, आईटी जिला संयोजक सौरभ सोनी, नगर मंडल उपाध्यक्ष रामनिवास सैनी, ताराचंद सैनी, कोषाध्यक्ष सीए लोकेश अग्रवाल, एससी मोर्चा जिला संयोजक पवन मेघवाल, नरेंद्र शर्मा, ललित जोशी, जयप्रकाश चौधरी, कपिल सोनी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### तापमान के कम ज्यादा होने पर बढ़े मरीज, बच्चों में निमोनिया जैसी शिकायतें बढ़ी



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** इनदिनों मौसम में हो रहे बदलाव तथा बढता—घटता तापमान बीमारियों को न्यौता दे रहा है। झुंझुनूं के राजकीय जिला बीडीके अस्पताल में भी अचानक ओपीडी बढ़ गई है। खासकर यह रंग बदलता मौसम बच्चों को बीमार कर रहा है। पीएमओ ने डॉ. जितेंद्र भाम्बू बताया कि बच्चों में वायरल बुखार के अलावा निमोनिया जैसे लक्षण आ रहे है। सर्दी, जुकाम, भूख ना लगना, सिर दर्द और बदन दर्द जैसी शिकायतें भी आ रही है। उन्होंने बताया कि हर दिन की ओपीडी और आईपीडी की समीक्षा की जा रही है। वर्तमान के हालातों को देखते हुए बीडीके अस्पताल में मौसमी बीमारियों से निपटने के लिए अलग से वार्ड बनाया गया है। जिसमें अराउंड तक क्लॉक स्टाफ की नियुक्ति भी की गई है। हर आपात स्थिति से निपटने के लिए अस्पताल प्रबंधन तैयार है। जिला अस्पताल के डॉक्टर्स द्वारा अस्पताल में आने वाले मरीजों को मौसमी बीमारियों से बचने के लिए भी आवश्यक जानकारियां दी जा रही है।

### मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान की बैठक हुई



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान 2.2 की जिला स्तरीय समिति की बैठक जिला परिषद के सीईओ रणजीत सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। इस योजना में जिले की कुल 68 ग्राम पंचायतों के 137 गांव शामिल हैं। जिनमें कृषि, वन, उद्यान, पीएचइडी, पंचायती राज, ग्रामीण विकास, जल संसाधन, भूजल एवं जल ग्रहण विकास एवं भू संरक्षण विभागों के 7999 कार्यों की लागत 151.35 करोड़ का अनुमोदन किया गया। योजना का कार्यकाल 30 जून 2026 तक रहेगा। बैठक में एसीईओ रामनिवास, अतिरिक्त मुख्य अभियंता धर्मपालसिंह वाटरशेड जयपुर, डीएफओ उदाराम सियोल, अधीक्षण अभियंता वाटरशेड महेंद्र सिंह सुरा, अधीक्षण अभियंता पीएचईडी राजपाल सिंह, अधीक्षण अभियंता पीडब्लूडी महेंद्र सिंह, संयुक्त निदेशक कृषि राजेंद्र लांबा, मुख्य वैज्ञानिक केवीके दयानंद सिंह, उप निदेशक उद्यान विजयपाल सिंह, डालमिया ट्रस्ट के भूपेंद्र सिंह, नानूराम महाप्रबंधक उद्योग विभाग, मुख्य वैज्ञानिक भूजल अतुल धवन, जल संसाधन विभाग के सहायक अभियंता अरविंद लमोरिया, अधिशासी अभियंता विजेंद्र सिंह ढाका, कृष्ण कुमार बाबल, मनोज कुमार गौड़, सुभाषचंद्र आदि अधिकारियों ने भाग लिया।

### रूपनाथ धाम पर मेला, भंडारा व भजन संध्या 24 को

**झुंझुनूं।** बुडाना गांव के श्री रूपनाथ जी धाम पर अष्टम स्थापना दिवस पर 24 अप्रेल को वार्षिक कार्यक्रम होंगे। जिसके तहत 24 अप्रेल को सुबह सवा नौ बजे हवन से कार्यक्रम की शुरूआत होगी। जिसके बाद शाम सवा पांच बजे भंडारा लगेगा और रात्रि में सवा नौ बजे से भजन संध्या होगी। कार्यक्रम के दौरान मेला भी भरेगा। धाम के महंत बालयोगी पूनम नाथ महाराज ने बताया कि वार्षिक कार्यक्रम के दौरान भजन संध्या आयोजित होगी।

## न्यूज ब्रीफ

### विप्र सेना के प्रयास लाए रंग, झुंझुनूं में भगवान परशुराम सर्किल बनेगा



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** विधायक राजेंद्र भांबू की अनुशंसा पर जेके मोदी स्कूल के नज़दीक वाले सर्किल का नामकरण भगवान परशुराम सर्किल होगा। इसको लेकर विप्र सेना के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेश बसावतिया के नेतृत्व में जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन देने के बाद जिला कलेक्टर से अनुरोध किया गया कि सर्किल का निर्माण परशुराम जयंती से पूर्व ही संपन्न हो जाए। इस पर जिला कलेक्टर ने कहा इससे पहले यह कार्य संपन्न करवाने के प्रयास किए जाएंगे। इस पर सभी उपस्थित समाज बंधुओं द्वारा जिला कलेक्टर को धन्यवाद ज्ञापित किया। सर्व समाज के अजर अमर भगवान परशुराम के नाम से सर्किल का निर्माण करवा कर उसका नामकरण भगवान परशुराम सर्किल होगा। विदित हो इस सर्किल का नामकरण नगर परिषद की आम बैठक में सर्व सम्मति से प्रस्ताव पारित हो चुका है। इसको लेकर विप्र सेना के उपाध्यक्ष महेश बसावतिया व विप्र सेना के जिलाध्यक्ष गुलजारीलाल शर्मा के प्रयासों का परिणाम है कि सर्किल का निर्माण होगा। ज्ञापन देने विप्र सेना के कोषाध्यक्ष बालमुकुंद शर्मा, भारतीय मजदूर संघ के नेता रामगोपाल शर्मा, शिक्षाविद पवन शर्मा, विनोद पुजारी, रिटायर्ड अधिकारी वशिष्ठ शर्मा, रामचंद्र शर्मा पाटोदा, लीलाधर पुरोहित, विनोद शर्मा इंडाली, ओमप्रकाश शर्मा खाजपुर, एडवोकेट सुशील जोशी, विप्र सेवा अध्यक्ष मुकुंदगढ़ इकाई नागरमल शर्मा पचलंगिया आदि उपस्थित थे। इधर, गौड़ ब्राह्मण महासभा का एक प्रतिनिधि मंडल अध्यक्ष पवन शर्मा, महामंत्री शिवचरण पुरोहित के नेतृत्व में विधायक राजेंद्र भांबू से मिला। विधायक भांबू ने जिला कलेक्टर को अनुशंसा भेजी। जिसके बाद सर्किल का नामकरण करने की प्रक्रिया शुरू हुई। जिसके लिए विधायक व भांबू का आभार जताया गया है। इस मौके पर विप्र फाउंडेशन के जिला संगठन महामंत्री रामगोपाल महमिया, जिला महामंत्री रमाकांत पारीक, पार्षद संजय पारीक सहित विप्रजन मौजूद थे।

### मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के जिला मंत्री राजेश हलवान के नेतृत्व मे 2007-08 में नियुक्त शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर करने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक झुंझुनूं को ज्ञापन दिया गया। जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा कि आपकी मांग को शिक्षा मंत्री, निदेशक और शिक्षा सचिव को प्रेषित कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा की सरकार शीघ्र ही एक साथ आदेश जारी करेगी। इस दौरान नरेंद्र जांगिड़, आनंद झाझड़िया, जितेंद्र गौड़, बंशीधर जांगिड़, संजय शर्मा, रवि राकेश लामोरिया, मजिद खान, कांता बाई, सुराजभान, संजीव कुमार, राजीव कुमार, रविदत्त, राजवीर नैण, अमित शर्मा, नौशाद खान, सुरेंद्र मीणा सहित अनेक शिक्षक उपस्थित रहे।

### एनएसयूआई ने सौंपा ज्ञापन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** मंगलवार को छात्र संगठन एनएसयूआई ने आरआर मोरारका महाविद्यालय में प्राचार्य को इकाई अध्यक्ष अनीश जांगिड़ के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा। इकाई उपाध्यक्ष हेमलता सहरिया ने बतया कि सेमेस्टर प्रणाली की किताबें लाइब्रेरी में उपलब्ध करवाए और उपाध्यक्ष पंकज ने बताया कि महाविद्यालय में पानी की व्यवस्था को सुधारा जाए। महासचिव दिव्यांशु ने बता कि महाविद्यालय में फायर सेफ्टी की व्यवस्था करवाई जाए। इस दौरान नितिन कुमार, विवेक शुक्ला, राहुल शर्मा, हितेश शर्मा, आह्वान सैनी, आशीष शर्मा, नितेश, आदित्य, अजय, भरत, अंकित, रोहित, राहुल, निहाल, करण, सारिका, सरिता, गरिमा, निशा, दिशा, खुशबू, संगीता, खुशी, चंचल, चांदनी, अंकिता, निकिता आदि मौजूद रहे।

### कर्मचारी नेता देवकरण सैनी को मिली नई जिम्मेदारी, झुंझुनूं आने पर हुआ स्वागत



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** रायपुर छत्तीसगढ़ में 12-13 अप्रेल को आयोजित 18वें अखिल भारतीय विद्युत मजदूर महासंघ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में झुंझुनूं के देवकरण सैनी को शामिल किए जाने पर मंगलवार को झुंझुनूं आगमन पर अधीक्षण अभियंता कार्यालय परिसर में भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध अजमेर विद्युत वितरण निगम श्रमिक संघ के कार्यकर्ताओं सैनी को साफा एवं अपर्णा पहनाकर भव्य स्वागत अभिनंदन किया गया तथा मिष्ठान वितरण किए गए। इस अवसर पर सैनी ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर विद्युत के संगठन अखिल भारतीय विद्युत मजदूर महासंघ की कार्यकारिणी में शामिल किया गया है। जिस पर वह विद्युत की डिस्कॉम तथा प्रदेश स्तरीय समस्याओं को केंद्रीय कार्यकारिणी के माध्यम से केंद्र सरकार तक पहुंचाने में सतत् प्रयासरत रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रमिक संघ के जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह तंवर ने की तथा संचालन जिला महामंत्री सुरेश कुमार शर्मा ने किया।

# गर्मियों में नहीं रहेगी पानी की किल्लत, मलसीसर डेम हुआ फुल

### अब आंशिक और पूर्ण नहरबंदी के समय भी चिंता की कोई बात नहीं, घर पहुंचेगा पूरा पानी



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** गर्मी का मौसम आ गया है। लेकिन झुंझुनूं उन तीन विधानसभा क्षेत्र, जहां पर नहरी पानी की सप्लाई होती है। उनमें पानी की कमी का सामना ना करना पड़े। इसके लिए पूरी तैयारियां कर ली गई है। मलसीसर में स्थित डेम को फुल कर लिया गया है। इसी महीने के अंतिम सप्ताह तक नहर बंदी भी होगी। लेकिन एक से डेढ महीने तक होने वाली नहरबंदी का असर भी पानी सप्लाई पर नहीं होगा। इसके लिए सरकार ने पूर्व तैयारियां कर ली है। जिले के मलसीसर में बने इस पानी के डेम से जिले की तीन विधानसभा क्षेत्र झुंझुनूं, मंडावा और खेतड़ी के 376 गांवों और छह कस्बों में पीने के पानी की सप्लाई होती है। गत दिनों खेती के समय पंजाब द्वारा पानी बंद किए जाने से ये डेम खाली हो गए थे। तो बड़ी चिंता सताने लग गई थी कि यदि डेम नहीं भरे तो गर्मियों में झुंझुनूं, मंडावा और खेतड़ी विधानसभा में पानी सप्लाई का क्या होगा। क्योंकि ये विधानसभा क्षेत्र जमीनी जल की बजाय सिर्फ और सिर्फ नहरी पानी पर निर्भर है। लेकिन जिला कलेक्टर रामावतार मीणा, पीएचईडी एसई राजपाल गिल तथा योजना के एसई दलीप तारक के प्रयासों से पंजाब से भी पानी आया और तारानगर से भी मलसीसर को अतिरिक्त पानी देकर इन डेम को भर लिया गया है। जिसके बाद अब गर्मियों और खासकर नहर बंदी के समय भी पानी की किल्लत नहीं होगी। यह सुनिश्चित कर लिया गया है।

**हर दिन 80 मिलियन लीटर पानी सप्लाई, अभी ज्यादा कर रहे हैं :** कुंभाराम लिफ्ट कैनाल परियोजना के झुंझुनूं एसई दलीप तारग ने बताया कि झुंझुनूं जिले की इन तीन विधानसभा क्षेत्रों में हर दिन 80 मिलियन लीटर प्रतिदिन पानी की डिमांड है। लेकिन फिलहाल पानी अच्छी मात्रा में मिल रहा है। इसलिए इन इलाकों में 90 मिलियन लीटर प्रतिदिन की सप्लाई की जा रही है। 25 अप्रेल से नहर बंदी के बाद भी 70 से 80 मिलियन लीटर प्रतिदिन पानी सप्लाई की पूरी तैयारी कर ली है। उन्होंने बताया कि तारानगर में झुंझुनूं का 47.88 क्यूसेक पानी रिजर्व है। मलसीसर डेम तक 35.88 क्यूसेक पानी लाया जा रहा है। वहीं 12 क्यूसेक पानी तारानगर में बनी झुंझुनूं जिले की डिग्गी में स्टोर किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि गत दिनों सभी विभागों का अच्छा सहयोग मिला। वहीं जिला कलेक्टर रामावतार मीणा के साथ—साथ राज्य सरकार ने भरपूर कोशिश की। जिसके कारण अब मलसीसर डेम फुल हो पाया है।

**झुंझुनूं शहर में ट्यूबवैलों की संख्या भी तीन गुनी की :** आपको बता दें कि नहरी पानी को फिल्टर करके पाइपों के जरिए ही खेतड़ी, मंडावा और झुंझुनूं विधानसभा क्षेत्रों में पहुंचाया जा रहा है। हर दिन 80 मिलियन लीटर पानी की डिमांड इन विधानसभा क्षेत्रों के 376 गांवों और छह कस्बों में होती है। जिन्हें स्वच्छ और गुणवत्तापूर्ण पानी मिले। इसके लिए मलसीसर में ही पानी को फिल्टर किया जाता है। भविष्य को ध्यान में रखते हुए 156 मिलियन लीटर प्रतिदिन, यानि कि लगभग फिलहाल की डिमांड से दोगुने पानी को फिल्टर करने का प्लांट लगाया हुआ है। जिसे निजी कंपनी द्वारा संचालित किया जा रहा है। इधर, झुंझुनूं शहर में गत वर्ष के 30 नलकूपों की बजाय तीन गुना यानी 90 नलकूपों से पेयजल की निर्बाध आपूर्ति भी सुनिश्चित कर ली गई है।

# भारतीय ग्रामीण डाक कर्मचारी संघ के नांद संयोजक बने

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** भारतीय मजदूर संघ से संघ से संबद्ध भारतीय ग्रामीण डाक कर्मचारी संघ के झुंझुनूं डाकमंडल के संयोजक पद पर जगदीश सिंह नांद डाकपाल नांद को नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति राजस्थान सर्किल सेकेटरी महावीर सिंह ने जारी की। नांद ने बताया कि इस माह में सदस्यता अभियान को तेज कर अधिक से अधिक सदस्य बनाकर स्थायी कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा व ग्रामीण डाक कर्मचारियों की सभी प्रकार की मांगों के लिए युद्धस्तर पर बिगुल बजाया जाएगा। भारत में साढ़े तीन लाख से अधिक ग्रामीण डाक कर्मचारी हैं व ग्रामीण डाक कर्मचारी देशभर के ग्रामीण क्षेत्र का वह डाक वाहक है जो जहां पर कोई भी सुविधा नहीं पहुंच पाए वहां देश का ग्रामीण डाक सेवक पहुंच कर डाक विभाग के लिए रीढ़ की हड्डी का काम करता है। लेकिन डाक विभाग ग्रामीण डाक कर्मचारियों का स्थापना से लेकर आज तक शोषण कर रहा है। नांद ने बताया कि झुंझुनूं जिले के सभी ग्रामीण डाक कर्मचारीयों के हक के लिए वे अपनी जी जान लगा देंगे व ग्रामीण डाक कर्मचारीयों के सभी प्रकार के शोषण का का पूरजोर विरोध करेंगे।



आज झुंझुनूं डाक मंडल द्वारा जिले का ग्रामीण डाक कर्मचारी इतना पीड़ित है। उसको डाक विभाग के किसी भी प्रकार के टारगेट के लिए आग की भट्ठी में झोंक दिया जाता है व सुविधा के नाम पर उसको हारी बीमारी, भात, छूछक, विवाह शादी, गमी आदि में भी छुट्टी नहीं मिलती व कोई बीमारी में अपनी जान बचाने के लिए डॉक्टर तक पहुंच जाता है। उसे बीमारी से बाद में निपटना पड़ेगा। पहले विभाग से गिड़गिड़ाना पड़ेगा। यहां तक कि मेडिकल को भी अमान्य करके उसको तनख्वाह से हाथ धोना पड़ेगा। जिले के ग्रामीण डाक कर्मचारियों के शोषण को रोकने के लिए जल्दी ही अधीक्षक को एक ज्ञापन सौंपा जाएगा व जल्दी ही एक प्रेस वार्ता रखी जाएगी।

# महाराज बाग कॉलोनी के नागरिकों ने सौंपा प्रशासन को ज्ञापन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाड़ी।** धौलपुर जिले में बाड़ी उपखंड पर शहर के वार्ड नंबर 13 में महाराज बाग कॉलोनी के नागरिक पिछले 3 वर्ष से कॉलोनी में जलभराव की समस्या से परेशान है, ऐसे में परेशान नागरिकों द्वारा आज मंगलवार को बाड़ी उप जिला कलेक्टर भगवत शरण त्यागी को ज्ञापन सौंपा है। जिसमें जलभराव की समस्या के समाधान की मांग की है। महाराज बाग कॉलोनी निवासी संजू जादौंन, रामकुमार, विशंभर सिंह, मोहित, शाहरुख खां,नीरज, चंद्रकांत सहित एक दर्जन से अधिक लोगों ने बाड़ी उपखंड पर उप जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंप बताया है,कि उनकी कॉलोनी वार्ड नंबर 13 में आती है।जिसमें पिछले 3 वर्ष से जल भराव की समस्या बनी हुई है। उक्त समस्या को लेकर वे कई बार नगर पालिका अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन दे चुके हैं। कई बार सार्वजनिक निर्माण विभाग में भी गुहार लगाई जा चुकी हैं। पूर्व में राज्य सरकार के निर्देश पर कॉलोनी में नाला निर्माण के लिए टेंडर भी हो चुका है,लेकिन उक्त टेंडर भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया। आज तक उस पर काम नहीं हुआ है,ऐसे में कॉलोनी के लोग कीचड़ भरे रास्ते से गुजरने को मजबूर है। जिसमें छोटे बच्चे और बड़े बुजुर्ग सबसे अधिक परेशानी का सामना कर रहे हैं। पूर्व में भी परेशान नागरिक 23 जनवरी और 27 मार्च को प्रशासन को ज्ञापन दे चुके हैं।

# एनएच 11बीं पर सड़क हादसा, पत्थर ब्लॉक से भरे ट्रैक्टर ने बाइक को मारी टक्कर



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाड़ी।** धौलपुर जिले में बाड़ी सदर थाना क्षेत्र से गुजर रहे करौली-धौलपुर एनएच 11बीं स्थित सुनीपुर गांव के पास आज मंगलवार की शाम पांच बजे सड़क हादसा हो गया। अवैध पत्थर ब्लॉक से भरे एक अनियंत्रित ट्रैक्टर ने बाइक सवार को टक्कर मारी है। दुर्घटना में घायल बाइक सवार युवक को ग्रामीणों के सहयोग से बाड़ी राजकीय सामान्य चिकित्सालय पहुंचाया है,जहां उसका उपचार चल रहा है। घटना के बाद मौके से ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर को लेकर फरार बताया गया है। जानकारी के अनुसार सुनीपुर गांव के पास यह सड़क हादसा शाम 5 बजे के करीब हुआ है। एक अनियंत्रित पत्थर ब्लॉक से भरे ट्रैक्टर ने बाइक को टक्कर मारी है। दुर्घटना में बाइक सवार धन्नू का पुरा निवासी सत्येंद्र पुत्र मानसिंह परमार घायल हुआ है। ग्रामीणों के सहयोग से घायल को एंबुलेंस की सहायता से बाड़ी राजकीय सामान्य चिकित्सालय पहुंचाया है। घटना के बाद आरोपित ट्रैक्टर चालक पत्थर ब्लॉक को मौके पर पटक कर ट्रैक्टर ट्राली को लेकर फरार हो गया है। घटना को लेकर गांव धन्नू का पुरा निवासी घायल सत्येंद्र के चाचा के लड़के अवनीश परमार ने बताया कि सत्येंद्र किसी कार्य से बाइक से बाड़ी जा रहा था। इस दौरान सुनीपुर गांव के पास एक अनियंत्रित पत्थर ब्लॉक् से भरे ट्रैक्टर ने उसकी बाइक को टक्कर मारी है। घटना के बाद करीब एक दर्जन लोग ट्रैक्टर ट्रॉली को चालक सहित मौके से भगा ले गए हैं। घटना की जानकारी बाड़ी सदर थाना पुलिस को दी है। वही घायल की नाजुक हालत को देख ड्यूटी चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार देकर बाड़ी राजकीय सामान्य चिकित्सालय से धौलपुर रेफर किया है।

# नूरपुर गांव में डॉ. गर्ग का ग्रामीणों ने किया स्वागत

**भरतपुर।** भरतपुर विधानसभा क्षेत्र के गांव नूरपुर में स्वागत सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री व भरतपुर विधायक डॉ. सुभाष गर्ग का ग्रामीणों ने माला, साफा व प्रतीक चिन्ह देकर जोरदारी के साथ सम्मान किया। सम्मान समारोह के दौरान डॉ. गर्ग ने ग्रामीणों से क्षेत्र की समस्याओं को लेकर चर्चा की। इस दौरान लोगों ने उन्हें गांव नूरपुर के आम रास्ते में जल भराव की समस्या से अवगत कराया। इसके साथ ही युवाओं के लिये खेल कूद की कोई व्यवस्था नहीं होने पर खेल मैदान का निर्माण कराने की मांग रखी। इस अलावा कई अन्य समस्याओं से भी ग्रामीणों ने डॉ. गर्ग को अवगत कराया। जिस पर उन्होंने शीघ्र ही विधायक कोष से समस्याओं का समाधान कराने का भरोसा दिलाते हुये कहा कि वे क्षेत्र के विकास के लिये समर्पण भाव के साथ लगे हुये हैं। डॉ. गर्ग ने विधानसभा क्षेत्र के मडरपुर सहित अन्य गांवों का दौरा कर लोगों से मुलाकात कर क्षेत्र की समस्याओं को जानकर समाधान कराने का विश्वास दिलाया। डॉ. गर्ग ने दौरे के दौरान सेवर बाईपास पर आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में भाग लेकर क्षेत्र व प्रदेश की खुशहाली की कामना की। इसके अलावा डॉ. गर्ग ने रणजीत नगर कार्यालय पर भी जनसुनवाई की।

# अलवर मिनी सचिवालय को मिली आरडीएक्स से उड़ाने की धमकी

### मेल में लिखा था-3 बजे तक उड़ा देंगे, जांच में कुछ नहीं मिला, मेल की जांच होगी



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**अलवर।** अलवर मिनी सचिवालय को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद जयपुर से आई टीम ने जांच करने के बाद साफ कर दिया कि कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। सुबह करीब 8 बजे से शाम 4 बजे तक मिनी सचिवालय में जांच की गई। जयपुर से बम स्क्वायड टीम ने पूरी जांच की। एडीएम बीना महावर ने बताया कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार मेल का मैसेज तमिलनाडु से जनरेट हुआ लगता है। बाकी इसकी तकनीकी जानकारी की जाएगी।अलवर एएसपी तेजपाल सिंह ने कहा कि मेल के अनुसार मिनी सचिवालय में कोई आरडीएक्स या अन्य विस्फोटक सामग्री नहीं मिली। बाकी मेल कहां से भेजी गई। उसकी तकनीकी जांच होगी। बताया जा रहा है कि कलेक्ट्रेट के ऑफिशियल मेल पर देर रात मैसेज आया था। सुबह जब अधिकारियों को इसके बारे में पता चला तो इसके मैन गेट को बंद कर दिया गया है। अभी वहां पुलिस टीम तैनात है। एडीएम सिटी बीना महावर ने बताया कि रात 3 बजकर 42 मिनट पर कलेक्ट्रेट ऑफिस के मेल पर मैसेज आया था मेल में लिखा है- अस्सलाम कलेक्टर... मिनी सचिवालय में आरडीएक्स इंस्टॉल कर दिया है। मंगलवार 3 बजे तक उड़ा दिया जाएगा। यह मैसेज प्रशासन को सुबह 7 बजे पता चला है। इसके बाद पुलिस प्रशासन ने कलेक्ट्रेट ऑफिस पूरा खाली कराया गया। दोनों मुख्य गेट बंद कर दिया। मैनुअल सर्च किया जा चुका है। बम स्क्वायड टीम जयपुर से आ रही हैं। इस मैसेज का सुबह 7 बजे के आसपास पता चला है। अब साइबर टीम जांच में लगी है। अलवर जिला कलेक्ट्रेट का पुलिस की छावनी बन चुका है। अंदर दो फायर ब्रिगेड और भारी पुलिस जाब्ता सहित, नागरिक सुरक्षा की टीम मौके पर तैनात है। सचिवालय के गेट को सुबह से बंद कर रखा है। किसी भी व्यक्ति का अंदर प्रवेश नहीं है। अंदर भारी मात्रा में पुलिस के जवान सर्च ऑपरेशन चला रहे है। हालांकि अभी तक बम मिलने की पुष्टि नहीं हुई है।

# जयपुर की द्रव्यवती नदी में मिला युवक का शव, पानी में डूबने से हुई मौत, दो दिन पुरानी है लाश

**जयपुर।** जयपुर में द्रव्यवती नदी में एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। दो दिन पहले पानी में डूबने के चलते उसकी मौत होना माना जा रहा है। शिवदासपुरा थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए शव को महात्मा गांधी हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में रखवाया है। पुलिस मृतक की पहचान के साथ परिजनों की तलाश कर रही है। एसएचओ शिवदासपुरा बृजमोहन कविया ने बताया कि गोनेर से निकल रही द्रव्यवती नदी में सोमवार सुबह युवक की लाश मिली है। जो फूल कर पानी की सतह पर आई। डेड बॉडी को देखकर स्थानीय लोगों में सनसनी फैल गई। लाश मिलने का पता चलने पर लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। शिवदासपुरा थाना पुलिस सूचना पर मौके पर पहुंची। पुलिस ने नदी से शव को बाहर निकाल मृतक की पहचान के प्रयास किए। पहचान नहीं होने पर पोस्टमॉर्टम के लिए महात्मा गांधी हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी भिजवाया। पुलिस का कहना है कि प्रथमदृष्टया जांच में शव करीब 2 दिन पुराना लग रहा है। पानी में डूबने से युवक की मौत हुई है। युवक की उम्र करीब 35 साल है। रंग-गेहुआं, कद-5.7 फीट और काले रंग का लॉवर व आसमानी कलर की चैक्स शर्ट पहने हुए है। मृतक की पहचान के प्रयास किए जा रहे है।

### जयपुर में बॉस से परेशान युवक ने किया सुसाइड

**जयपुर।** जयपुर में युवक ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। सुसाइड नोट उसके बेड पर तकिए के नीचे रखा मिला। इसमें लिखा पापा जहां तक लड़ सकता था, वहां तक लड़ा हूं। लेकिन क्या करूं, अब मैं सब हार गया। मुझे रोज ऑफिस में बॉस मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहा है। पापा मैं अपने आप को जेल में जाते हुए नहीं देख सकता हूं। झोटवाड़ा थाना के एएसआई राम सिंह ने बताया- आनंद बिहार बी, बैनाड़ रोड निवासी मुकेश कुमार जांगिड़ (35) पुत्र ओमप्रकाश अपनी पत्नी रेखा और बेटों के साथ रहते थे। विद्याधर नगर के सेंट्रल स्पाइन स्थित एक कम्पनी में पिछले करीब 15 साल से जॉब कर रहे थे। शनिवार (12 अप्रैल) की रात को खाना खाने के बाद परिवार के सदस्य अपने-अपने कमरे में सोने चले गए। मुकेश कुमार ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। मुकेश के भाई लोकेश ने सुसाइड नोट के आधार पर 14 अप्रैल को आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। मुकेश के बिस्तर पर तकिए के नीचे सुसाइड नोट मिला। इसमें लिखा था 'पापा, मम्मी, रेखा, बबलू, पुचू सॉरी कि मैं यह लाइफ खत्म कर रहा हूं। पापा जहां तक लड़ सकता था, वहां तक लड़ा हूं। लेकिन क्या करूं, अब मैं सब हार गया। मैं यह कदम मेरे ऑफिस के बॉस दिलीप सिंह चौहान और राजेश अरोरा के कारण उठा रहा हूं। उन दोनों ने मुझे काफी दिनों से मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रखा है।' मेरे पास अब कोई ऑफिस नहीं- सुसाइड नोट में लिखा बबलू सॉरी यार तुझे कभी कोई खुशी नहीं दे पाया। लोकेश पापा-मम्मी का ध्यान रखना। मेरे पास अब कोई ऑफिस नहीं है। बॉस दिलीप सिंह चौहान और राजेश अरोरा है।

# डिप्टी सीएमएचओ ने सीएचसी पिलानी और मंड्रेला का किया निरीक्षण



**झुंझुनूं।** हीट वेव और लू ताप घात के चलते डिप्टी सीएमएचओ डॉ. भंवरलाल सर्वा ने मंगलवार को दो चिकित्सा संस्थानों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। डॉ. सर्वा ने बताया कि लू ताप घात के मौसम को देखते हुए चिकित्सा संस्थाओं पर उचित मेडिकल सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मंड्रेला और पिलानी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में एम्बुलेंस चैक की गई। लू ताप घात के लिए बनाए गए अलग वार्ड, वार्ड में कूलर पंखे, ठंडे पानी की व्यवस्था चैक किया गया। डॉ. सर्वा ने दवाओं की उपलब्धता को चैक किया। इस अवसर पर वार्ड में भर्ती मरीजों से बात कर हाल चाल पूछे। डॉ. सर्वा ने एनसीडी दोनों संस्थानों के क्लिनिक पर दी जा रही सेवाओं की जानकारी लेकर ओपीडी में आने वाले 30 पल्स के ज्यादा से ज्यादा लोगों की बीपी शुगर की स्क्रीनिंग करने के निर्देश दिए।

## सुविचार

त्याग और परिश्रम भी उसी के लिए करें जो आपको अपना समझते हैं।

- अज्ञात

जागरूक संपादकीय

# मुर्शिदाबाद के तार

मुर्शिदाबाद में नए वक्फ कानून के विरोध में भड़की हिंसा के पीछे बांग्लादेश का कनेक्शन सामने आया है। जांच एजेंसियों को भारत-बांग्लादेश बॉर्डर पर रची गई साजिश का सुराग मिला है। पता चला है कि रामनवमी के वक्त ही हिंसा भड़काने की साजिश रची गई थी। नए वक्फ कानून के विरोध के नाम पर पश्चिम बंगाल में हाल ही में हुई हिंसा को लेकर केंद्रीय जांच एजेंसियों ने चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। जांच में अब यह आशंका जताई जा रही है कि इस हिंसा के पीछे बांग्लादेश स्थित आतंकी संगठन अंसार उल बांग्ला टीम का हाथ हो सकता है। सूत्रों के अनुसार भारत-बांग्लादेश सीमा से सटे इलाकों में एबीटी के स्लीपर सेल सक्रिय हैं, जो लंबे समय से इस घटना की योजना बना रहे थे। जांच एजेंसी से जुड़े सूत्रों की मानें तो इस हिंसा की प्लानिंग लंबे समय से की जा रही थी। पिछले तीन महीनों से इलाके के लोग इस घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे थे। इसके लिए विदेशों से फंडिंग की गई थी। शुरुआती तौर पर केंद्रीय जांच एजेंसियों को जो सबूत मिले हैं, वह इस बात की ओर इशारा कर रहे हैं कि शुरू में रामनवमी की तारीख तय थी। हालांकि सख्त सुरक्षा व्यवस्था के कारण चीजें बदल गईं और फिर नए वक्फ कानून ने वह ट्रिगर पॉइंट दे दिया। जांच एजेंसी को इस बात का भी अंदेशा है कि यह स्लीपर सेल मुर्शिदाबाद के अलावा भारत-बांग्लादेश सीमा के अन्य सीमावर्ती भारतीय जिलों के भीतर भी इसी तरह की हिंसा को अंजाम देने की फिराक में है। ऐसे डिजिटल और वित्तीय ट्रांजैक्शंस के सबूत मिले हैं जो संकेत देते हैं कि हिंसा को अंजाम देने के लिए विदेशी स्रोतों से पैसे भेजे गए। इन पैसों का इस्तेमाल भीड़ जुटाने, सोशल मीडिया पर भड़काऊ मैसेज फैलाने और जमीन पर संगठन बनाने में किया गया। आशंका है कि मुर्शिदाबाद के अलावा नदिया, मालदा, उत्तर 24 परगना और कूचबिहार जैसे सीमावर्ती जिलों में भी हिंसा फैलाने की साजिश रची जा रही है। ऐसे में इन इलाकों को लेकर केंद्र और राज्य की एजेंसियों को अलर्ट पर रखा गया है। इससे पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी दावा किया था कि पश्चिम बंगाल में बांग्लादेशियों की घुसपैठ को लेकर ममता बनर्जी सरकार पर गंभीर आरोप लगाए थे। इससे पहले अमित शाह ने कहा था, 'सीमा पर बाड़ लगाने के बाद भी करीब 250 किलोमीटर ऐसा क्षेत्र है, जहां बाड़ लगाना संभव नहीं है क्योंकि वहां नदियां, नाले और कठिन भौगोलिक परिस्थितियां हैं। वहीं 400 किलोमीटर की सीमा ऐसी है, जहां बंगाल सरकार हमें बाड़ लगाने के लिए जमीन नहीं दे रही है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बांग्लादेश से सीमा पार करके आए घुसपैठियों को भारतीय दस्तावेज हासिल करने की अनुमति दी।

केस भले ही मजबूत

# चुनौती भरा रहेगा चौकसी का प्रत्यर्पण



शाहिद ए. चौधरी

हालांकि भारतीय एजेंसियों- ईडी व सीबीआई द्वारा स्थानीय प्रशासन के समक्ष दर्ज किए गए हिरासत व प्रत्यर्पण आग्रह के आधार पर बेल्जियम पुलिस ने भगोड़े हीरा व्यापारी मेहुल चोकसी को गिरफ्तार तो कर लिया है, लेकिन उसे वापस भारत लाना कड़ी चुनौती होगी। चोकसी पर आरोप है कि उसने 13,500 करोड़ रुपए का बैंकिंग फ्रॉड किया और उसके खिलाफ मनी लौंडरिंग के मामले भी दर्ज हैं। इस घोटाले में नीरव की पत्नी एमी मोदी व भाई नीशल मोदी भी आरोपी हैं। ट्रायल से बचने के लिए चोकसी भारत से भाग गया था। कैंसर पीड़ित चोकसी ने एंटीगुआ की नागरिकता ली हुई है। उसके खिलाफ इंटरपोल रेड कार्नर नोटिस जारी हुआ था, लेकिन उसने उसे यह कहते हुए रद्द करा दिया था कि भारतीय एजेंसीज ने उसका अपहरण करने का प्रयास किया था।

इमेज

यह नोटिस कोई अंतर्राष्ट्रीय गिरफ्तारी वारंट नहीं है बल्कि यह अनुरोध करने वाले देश द्वारा इंटरपोल के माध्यम से जारी किया गया एक अंतर्राष्ट्रीय अलर्ट है, जो प्रत्यर्पण, आत्मसमर्पण या इसी तरह की कानूनी कार्यवाई के लंबित रहने तक किसी व्यक्ति का पता लगाने और उसे अस्थायी रूप से गिरफ्तार करने में मदद करता है।

चोकसी को बेल्जियम में मुंबई की अदालत द्वारा जारी किए गए दो गैर ज़मानती वारंट के आधार पर गिरफ्तार किया गया है, जो 2018 व 2021 में जारी किए गए थे। बहरहाल, चोकसी की गिरफ्तारी से इतना तो सुनिश्चित हुआ है कि जब तक उसके प्रत्यर्पण की प्रक्रियाएं पूरी नहीं हो जातीं वह बेल्जियम में सलाखों के पीछे ही रहेगा। लेकिन उसका प्रत्यर्पण कठिन व चुनौतीपूर्ण है। यह अनुमान अकारण नहीं। चोकसी का भगोड़ा भांजा नीरव मोदी भी 2019 से लंदन की जेल में बंद है। उसे भी भारत के आग्रह पर गिरफ्तार किया गया था कि उस पर भी फ्रॉड के आरोप हैं और वह भी ट्रायल से बचने के लिए भारत से फरार हो गया था। चोकसी इंग्लैंड के हाईकोर्ट के हाल के आदेश का सहारा लेकर अपने प्रत्यर्पण को रोकने का प्रयास करेगा। भारत ने वांछित हथियार व्यापारी संजय भंडारी के प्रत्यर्पण का आग्रह किया था, जिसे इंग्लैंड के हाईकोर्ट ने यह कहकर ठुकरा दिया था कि भारतीय जेलों में बहुत खराब स्थितियां हैं, जैसा कि नई दिल्ली की तिहाड़ जेल (जो सबसे सुरक्षित मानी जाती है) में गैंगस्टर टिलू ताजपुरिया की हत्या से स्पष्ट है। बेल्जियम की अदालतें भी मानवाधिकार मुद्दों को लेकर अति संवेदनशील हैं। इसलिए चोकसी का प्रत्यर्पण इस बात पर निर्भर करता है कि बेल्जियम की अदालत भारतीय जेलों की स्थितियों के बारे में क्या रुख अपनाती है इंग्लैंड के हाईकोर्ट के नज़रिये से सहमत होती है या असहमत? सभी भगोड़े, जिन देशों में अपराध करते हैं वहां न्याय से बचने के लिए प्रत्यर्पण का विरोध करने के लिए मानवाधिकार मुद्दे उठाते हैं। भारतीय एजेंसीज को सूचना मिली थी कि चोकसी बार बार बेल्जियम की यात्रा कर रहा है।



इसी को मद्देनजर रखते हुए लगभग छह माह पहले ईडी ने बेल्जियम के अधिकारियों से उसके प्रत्यर्पण का आग्रह किया था। इसी आग्रह के चलते आख़िरकार चोकसी की गिरफ्तारी हुई है। अब उसे वापस भारत लाना इस बात पर निर्भर करता है कि बेल्जियम की स्थानीय अदालत में भारतीय वकीलों की टीम किस प्रभावी ढंग से अपनी दलीलें रखती है। भारतीय एजेंसीज ने सारे कागज़ात पहले से ही तैयार कर रखे थे, जिन्हें प्रत्यर्पण आग्रह के साथ पेश किया गया है। इन कागज़ात में भारतीय अदालतों में चोकसी के खिलाफ दायर आरोप-पत्र, भगोड़ा होने के कारण उसके खिलाफ जारी किया गया गैर-ज़मानती वारंट और ट्रायल के लिए मौजूद न होना शामिल हैं। यहां की अदालतों ने आपराधिक आरोपों का भी संज्ञान लिया है, जोकि प्रत्यर्पण आग्रह में प्रमुख शर्त होती है। चोकसी और नीरव मोदी ने पंजाब नेशनल बैंक के साथ हज़ारों करोड़ रुपए का फ्रॉड किया था। जांच एजेंसीज धीरे धीरे उस तक पहुंचने ही वाली थी कि उसे अपने फंसने की भनक लग गई और वह जनवरी 2018 में फरार हो गया। उसने एंटीगुआ व बारबुडा में शरण ली और बाद में एंटीगुआ की नागरिकता भी ले ली। ईडी एंटीगुआ व बारबुडा में उसकी गतिविधियों पर करीब से नज़र रख रही थी। चोकसी को जून 2021 में डॉमिनिका से डिपोर्ट करने का प्रयास किया गया था, जहां वह एंटीगुआ से संदिग्ध हालात में पहुंचा था, लेकिन यह कोशिश असफल रही, जिसके कारण इंटरपोल ने उसके खिलाफ जारी किए गए रेड कार्नर नोटिस को वापस ले लिया। इस बीच डायग्नोज़ हुआ कि चोकसी को कैंसर है। वह इलाज के लिए नियमित बेल्जियम आ जा रहा था। इस जानकारी से भरतीय एजेंसीज हरकत में आ गईं और उसके प्रत्यर्पण की अर्ज़ी दाखिल की। चोकसी ने गिरफ्तारी से बचने के लिए स्विट्ज़रलैंड भागने का प्रयास किया था, लेकिन उसे बीमारी के कारण अस्पताल में भर्ती होना पड़ा और बेल्जियम में ही रुकना पड़ा। निवेश कार्यक्रम के ज़रिये एंटीगुआ की नागरिकता लेने वाले चोकसी ने पिछले साल 15 नवंबर को अपनी पत्नी प्रीति के कागज़ात इस्तेमाल करके बेल्जियम से एफ रेजीडेंसी कार्ड हासिल कर लिया था, हालांकि उसने अभी तक भारत या एंटीगुआ की नागरिकता को नहीं छोड़ा है। प्रीति बेल्जियम की नागरिक है। हालांकि चोकसी के खिलाफ भारत का केस बहुत मज़बूत है, लेकिन उसका प्रत्यर्पण कराना आसान नहीं होने जा रहा है। सब कुछ इस बात पर निर्भर है कि बेल्जियम की अदालत भारतीय जेलों के बारे में क्या रुख अपनाती है? संजय भंडारी के मामले में इंग्लैंड की अदालत ने इस दलील को स्वीकार कर लिया था कि भारतीय जेलों में यातनाएं दी जाती हैं, स्थिति अमानवीय है और ट्रायल असाधारण रूप से लंबा चलता है। चोकसी के वकील अभी से ही इंग्लैंड की अदालत का हवाला देने लगे हैं। चोकसी के वकील विजय अग्रवाल का कहना है, "हम चोकसी को जेल से बाहर निकालने का इस आधार पर प्रयास कर रहे है कि वह बीमार है और उसका कैंसर का उपचार चल रहा है।" चोकसी की ज़मानत याचिका पर सुनवायी कम से कम एक सप्ताह बाद आरंभ होगी। तब तक वह जेल में ही रहेगा। भारतीय एजेंसीज को जब यह मालूम हुआ कि चोकसी अपने स्टेट्स को अपग्रेड कराके एफ प्लस रेजीडेंसी कार्ड कराने जा रहा है, जिससे बेल्जियम से प्रत्यर्पण अधिक कठिन हो जाता तो उन्होंने अपनी कार्यवाही को अधिक तेज़ कर दिया। फलस्वरूप बेल्जियम ने एफ रेजीडेंसी को एफ प्लस नहीं किया। चोकसी ने कैंसर उपचार के लिए स्विट्ज़रलैंड की विशिष्ट कैंसर फैसिलिटी हिरस्लानडेन क्लीनिक आरु में अप्लाई किया था। उसे प्रवेश लगभग मिल ही गया था कि उसने सभी आवश्यक प्रक्रियाएं पूर्ण कर ली थीं, लेकिन इससे पहले कि वह बेल्जियम छोड़ पाता उसे एंटवर्प में गिरफ्तार कर लिया गया।

## पंचांग

बुधवार, 16 अप्रैल 2025

| | |
|---|---|
| • विक्रम संवत् | - 2081 |
| • शक संवत् | - 1946 |
| • ऋतु | - वसंत |
| • माह | - कृष्ण |
| • तिथि | - तृतीया 13.18 तक |
| • वार | - बुधवार |
| • नक्षत्र | - अनुराधा 29.56 तक |
| • योग | - व्यतिपात 24.18 तक |
| • करण | - बव 26.23 तक |
| • सूर्योदय | - 06.22 (मुंबई) |
| • सूर्यास्त | - 06.54 (मुंबई) |
| • सूर्योदय | - 06.18 (भीनमाल) |
| • सूर्यास्त | - 07.03 (भीनमाल) |
| • चंद्र राशि | - वृश्चिक |
| • अभिजित् मुहूर्त | - नहीं |
| • राहु काल | - 12.38 से 14.12 |
| • व्रत, त्यौहार | - संकष्ट चतुर्थी, चंद्रोदय 21.52, बिच्छुड़ा, भद्रा 13.18 तक, |
| • दिशा शूल | - उत्तर |

• शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी, भीनमाल



धर्म-कर्म

# बेतालेश्वर महादेव देते संतान, धन व सुख का आशीष

उत्तराखंड के अल्मोड़ा जिले में ऐसे कई चमत्कारी और प्राचीन मंदिर हैं, जिनकी अपनी-अपनी मान्यताएं हैं। उन्ही मंदिरों में से एक प्राचीन मंदिर है बेतालेश्वर महादेव का जो अल्मोड़ा नगर से तकरीबन 8 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। वैसे तो इस मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ हर समय लगी रहती है, पर वैशाख के महीने में यहां आने का अलग ही महत्व बताया जाता है। मान्यता है, जो भी वैशाख के महीने में भगवान भोलेनाथ के यहां दर्शन करता है, उसकी मनोकामना पूरी होती है। इसके अलावा ये भी मान्यता है, कि यहां पर स्थित कुंड में स्नान करने से भगवान भोलेनाथ की कृपा श्रद्धालुओं पर बनी रहती है। वहीं संतान प्राप्ति के अलावा धन, सुख, संपत्ति की भी मनोकामना भगवान बेताल नाथ पूरी करते हैं।

पुजारी का कहना है कि वैशाख के महीने में कोई भी श्रद्धालु भोलेनाथ के दरबार में आता है तो उसकी मनोकामना अवश्य पूरा होती है। वे बताते हैं कि यहां पर श्रद्धालु अगर 1 महीने तक बेतालेश्वर महादेव के शिवलिंग का जलाभिषेक करते हैं, तो उनके ऊपर भगवान भोलेनाथ की कृपा बनी रहती है। इस मंदिर में शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के श्रद्धालु आते हैं पर वैशाख के महीने में भगवान बेताल नाथ के इस मंदिर में आने से लोगों की मनोकामना पूरी होती है। यहां पर स्थित कुंड में कोई भी श्रद्धालु अगर एक महीने तक स्नान करता है तो भगवान भोलेनाथ की कृपा उस पर बन जाती है और उनकी मनोकामना भी पूरी होती है। भगवान भोलेनाथ स्वयंभू शिवलिंग के रूप में विराजमान हैं। एक श्रद्धालु ने बताया कि जब से उन्होंने होश संभाला है, तब से वह इस मंदिर में आते हैं। भगवान भोलेनाथ वैसे भी भोले हैं और उनकी कृपा जिस पर भी बन जाती है उसका उद्धार हो जाता है।

यहां पर साक्षात भोलेनाथ विराजमान हैं। बताया जाता है यह मंदिर कस्तूरी शासन से स्थापित है। वहीं, अल्मोड़ा के बेतालेश्वर महादेव, विश्वनाथ और रत्नेश्वर महादेव मंदिर काफी प्राचीन है।



## गीता सार

योगी युञ्जीत सततमात्मानं रहसि स्थितः।
एकाकी यतचित्तात्मा निराशीरपरिग्रहः॥

भावार्थ :

ऐसा मनुष्य निरंतर मन सहित शरीर से किसी भी वस्तु के प्रति आकर्षित हुए बिना तथा किसी भी वस्तु का संग्रह किए बिना परमात्मा के ध्यान में एक ही भाव से स्थित रहने वाला होता है।

## तारीख विशेष

# भारतीय रेल परिवहन दिवस

भारत की पहली यात्री ट्रेन को भारतीय रेलवे अपने इतिहास की शुरुआत मानता है। 16 अप्रैल भारतीय इतिहास क्योंकि 1853 में 16 अप्रैल को देश की पहली ट्रेन पटरियों पर दौड़ी थी। यह ट्रेन मुंबई से ठाणे के बीच चली थी। इसे भारतीय रेल के इतिहास की शुरुआत माना जाता है। यही वजह है कि भारत में 16 अप्रैल को भारतीय रेल परिवहन दिवस मनाया जाता है। अंग्रेजों ने भारत में रेल का नेटवर्क अपने व्यापार के लिए बिछाया था। कई लोगों को लगता है कि यह ट्रेन एक माल गाड़ी थी और भारत में रेल परिवहन के लिहाज से पहली गाड़ी थी। लेकिन हकीकत यह है कि यह एक पहली यात्री ट्रेन थी और इसमें 400 लोगों ने सफर किया था। 34 किलोमीटर का यह सफर इस ट्रेन ने एक घंटा 15 मिनट में पूरा किया था। डेक्कन क्वीन नाम की इस ट्रेन में कुल 14 डिब्बे थे। यह ट्रेन दोपहर 3.30 बजे बोरीबंदर से प्रारंभ हुई थी जिसे आज छत्रपति शिवाजी टर्मिनल स्टेशन के नाम से जाना जाता है और यह अपने गंत्वय पर शाम 4.45 बजे पहुंची थी। इस ट्रेन को चलाने के लिए तीन इंजनों का उपयोग किया गया था। इन इंजनों के नाम साहिब, सुल्तान और सिंध थे। यह बात बिलकुल सही है कि अंग्रेजों ने भारत में रेल नेटवर्क लोगों की जरूरत के लिए नहीं बल्कि अपने माल की आवाजाही को प्राथमिकता देते हुए बनाया गया। भारत में रेलवे के प्रयास1932 में मद्रास से शुरु हुए थे। रेल परिवहन के नाम पर भारत में सबसे पहले मालगाड़ी चली थी जिसका नाम रेड हिल रेलवे था। यह मद्रास में रेड हिल से चिंताद्रीपेट ब्रिज तक 1837 में चली थी। इसके बाद 1845 में कोलकाता में ग्रेट इंडियन पेनिनसुला रेल कंपनी की स्थापना की गई थी। इसी कंपनी ने 1850 में मुंबई से ठाणे तक रेलवे लाइन बिछाने का काम शुरू किया था। जिसके बाद यात्री गाड़ियों के चलने का सिलसिला चला था। 1853 के बाद से यात्री गाड़ियों के नेटवर्क का विस्तार किया जाने लगा। भारत में इसके बाद 15 अगस्त 1854 को कोलकाता में हावड़ा से हुगली के बीच पहली ट्रेन चली जिसने 39 किलोमीटर का सफर तय किया।

सम सामयिक

# भारतीय पर्यटक हर यात्रा का डूबकर लेते आनंद

वीना गौतम

गर्मियों के महीनों में राजस्थान की यात्रा। इसकी शायद कभी कोई सिफारिश करे, लेकिन लोग आजकल राजस्थान में गर्मियों में भी खूब आ रहे हैं। बारिश के दिनों में लोग गोवा और केरल पहुंच रहे हैं। शायद एक वजह सीजन में आजकल लोकप्रिय पर्यटनस्थलों में भीड़ और कीमत का बेतहासा बढ़ जाना भी है। गर्मियों में बीकानेर और उदयपुर में सीजन 500 फीसदी तक सस्ते पर्यटन पॅकेज मिल जाते हैं। इसलिए दिल्ली हरियाणा और पंजाब से लोग भरी गर्मियों में खूब घूमने पहुंचते हैं। एक और बदलाव नए पर्यटकों में देखने को मिलता है, पहले लोग जहां पर्यटन में ज्यादा से ज्यादा जगहों में घूमना पसंद करते थे, वहीं आज बड़ी संख्या में ऐसे पर्यटक भी हैं जो मशहूर जगहों जाकर वहां सोने और सुबह जगकर घूमने का लुत्फ़ लेने भी जाते हैं। इस प्रवृत्ति को एक नया नाम मिल गया है वह है नींद पर्यटन। आज 85 प्रतिशत भारतीय पर्यटक अपनी नींद को लेकर अत्यधिक जागरूक हैं, 20 प्रतिशत तो नींद को अपनी छुट्टी के लिए मुख्य गतिविधियों में से एक मानते हैं।

इमेज

भारत का पर्यटन परिदृश्य बहुत तेजी से परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। देश में एडवेंचर ट्रैवल, कल्चरल टूर और वेलनेस रिट्रीट की बहुत मांग है, जो अद्वितीय अनुभवों और इवेंट-केंद्रित यात्रा कार्यक्रमों की बढ़ती भूख से प्रेरित है। हाल के महीनों में संपन्न चाहे महाकुंभ जैसे आध्यात्मिक समारोहों में भाग लेना रहा हो या 'कोल्ड प्ले' जैसे वैश्विक संगीत आइकन के लिए भारतीयों में उमड़ा क्रेज हो। ये उदाहरण बताते हैं कि भारतीय पर्यटक तेजी से 'मार्की इवेंट' और इंद्रियों में डूब जाने वाले 'इमर्सिव अनुभवों' के इर्द-गिर्द अपनी पर्यटन योजनाएं बना रहे हैं। ठाणे के 28 वर्षीय सॉफ्टवेयर इंजीनियर सर्वजीत ने इस साल बैसाखी पर हरमंदिर साहिब की यात्रा का पहले से कोई प्लान नहीं बनाया था, लेकिन दोस्तों ने रातोंरात बैसाखी चिल करने की योजना बनाई तो फिर दिल से डूबकर आनंद लिया। सर्वजीत कहते हैं 'मैं बहुत धार्मिक बंदा नहीं हूं, लेकिन मैं अमृतसर के बैसाखी मेले में जाना चाहता था, क्योंकि इसका न केवल कल्चरल क्रेज है बल्कि दिमाग में मौजूद इसकी हिस्टोरिकल चमक भी मुझे हमेशा से आकर्षित करती रही है। जिस तरह बैसाखी में लोग यहां उमड़ते हैं, वह भी रोमांचित करता है। कुछ ऐसे ही आकर्षण से बंधी इंदौर की छाया बंसल ने इस साल फरवरी में सारी व्यस्तताओं को एक तरफ रखकर कुंभ स्नान का कार्यक्रम बनाया था। यह अलग बात है कि छाया ने ऐन मौके पर यह तय नहीं किया था बल्कि साल की शुरुआत में ही उन्होंने ट्रेन और होटल की बुकिंग करा ली थी। वास्तव में आज की कारपोरेट युवा पीढ़ी बाक़ी चीजों की तरह पर्यटन में भी क्वालिटी पर्यटन का इंज्वाय करती है। फिर चाहे किसी शाम हजारों रुपए वाली टिकट पर लाइव म्यूजिक कंसर्ट में ही जाना क्यों न हो ? आखिरकार गोहाटी से फ्लाईट पकड़कर मुंबई में आयोजित संगीत समारोह लोलापालूजा में विवेक सेनगुप्त का पहुंचना और फिर भोर में भागकर फ्लाईट पकड़कर वापस जाना ताकि दोपहर की बिजनेस मीटिंग में शामिल हुआ जा सके, एक क्रेजी और पर्यटन प्रेरित लाइफस्टाइल का हिस्सा होना नहीं तो और क्या है? मेक माई ट्रिप के सह-संस्थापक और समूह सीईओ राजेश मागो ने पिछले दिनों कहा था, इस साल महाकुंभ और पिछले साल अयोध्या में राम मंदिर के अभिषेक आयोजन ने सभी ग्राहक वर्गों के लिए आनंदमयी रोमांचक यात्रा के क्षितिज खोले हैं।' बेहतर कनेक्टिविटी के साथ संसाधनों की भरपूर आपूर्ति ने मौसमी और प्राकृतिक बाधाओं के कारक को खत्म कर दिया है लोग अब पर्यटनस्थलों को सालभर के गंतव्य के रूप में देखने लगे हैं। कोल्ड प्ले जैसे संगीत कार्यक्रमों की संख्या में ही नहीं, गिनेंगे तो पाएंगे कि हाल के सालों में लाइव म्यूजिक कंसर्ट के लिए हर तरफ और हर मौसम में क्रेज देखा जा रहा है। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत में ब्रिटिश रॉक बैंड कोल्ड प्ले के संगीत कार्यक्रमों की सफलता का यह कहते हुए संज्ञान लिया कि कैसे इस तरह के संगीत कार्यक्रम की अर्थव्यवस्था पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा दे रही है। पिछले दिनों पीएम मोदी ने अपने एक संबोधन में कहा, 'आपने मुंबई और अहमदाबाद में कोल्ड प्ले के संगीत कार्यक्रमों की खूबसूरत तस्वीरें देखी होंगी, यह साबित करता है कि भारत में संगीत कार्यक्रमों की बहुत बड़ी गुंजाइश है' -एक ऐसा देश है जिसके पास संगीत, नृत्य और कहानी कहने की इतनी समृद्ध विरासत है और युवाओं का एक बड़ा समूह है जो संगीत कार्यक्रमों के बड़े उपभोक्ता हैं, ऐसे में यह होना ही था। ट्रैवल प्लेटफॉर्म इक्सिगो के डेटा से पता चलता है कि इस साल 18, 19 और 21 जनवरी को मुंबई के लिए फ्लाइट बुकिंग में 355 और ट्रेन बुकिंग में 842 प्रतिशत की भारी वृद्धि देखी गई थी,जब क्रिस मार्टिन के इस बैंड ने सपनों के शहर मुंबई में संगीत की प्रस्तुति दी थी। ठीक यही हाल 25 और 26 जनवरी का रहा जब अहमदाबाद के लिए फ्लाइट बुकिंग में 66 प्रतिशत और ट्रेन बुकिंग में 33 फीसदी की वृद्धि दिखी, क्योंकि इस दिन कोल्ड प्ले की अहमदाबाद में प्रस्तुती थी। आज पर्यटन का दिल की गहराइयों तक एहसास का लुत्फ़ लूटने वाले पर्यटक महज लोकप्रिय दर्शनीय स्थलों की यात्रा तक ही सीमित नहीं रहते बल्कि अपने तौर तरीकों से आकर्षणों की खोज करते हैं। आज के युवा पर्यटक इमर्सिव अनुभवों की तलाश में रहते हैं यानी जो अनुभव आपकी इंद्रियों को निहाल कर दे,यही वजह है नई पीढ़ी का लुत्फ़खोजी पर्यटक अपनी ज्यादातर पर्यटन यात्राओं की योजना लोकप्रिय कल्चरल आयोजनों को ध्यान में रखकर बनाते हैं मसलन पर्यटक खजुराहो की सबसे ज्यादा यात्रा तब करते हैं जब यहां एक पखवाड़ा लंबे खजुराहो सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भव्यता उमड़ती है इसी तरह उत्तर-पूर्व के स्थानीय सांस्कृतिक पर्वों के आयोजनों के इर्दगिर्द टूर बनाते हैं। नागालैंड में आयोजित 10 दिवसीय हॉर्नबिल फेस्टिवल में आज पर्यटकों की भीड़ और इस स्थानीय उत्सव में इनकी भागीदारी 2010-12 के मुकाबले 800 फीसदी से ज्यादा बढ़ गई है, मकसद साफ़ है स्थानीय संस्कृति में बिलकुल डूबकर आनंद लेना।

## पाठक पाती

# सूचना के अधिकार का करें प्रयोग

भारत सरकार ने किसी सार्वजनिक प्राधिकरण की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ाने के लिए सार्वजनिक प्राधिकरणों के अंतर्गत सूचना तक पहुंचने के लिए सूचना के अधिकार (आरटीआइ) की व्यावहारिक व्यवस्था को उल्लेखित करने के लिए सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 बनाया है। सूचना के अधिकार में ऐसी सूचना तक पहुंच पाने का प्रावधान है, जो किसी सार्वजनिक प्राधिकरण ने धारित की है अथवा उनके पास है। यदि लोक सूचना पदाधिकारी बिना उचित कारण से सूचना के आवेदन को प्राप्त करने से इनकार करते हैं या फिर जानबूझ कर गलत, भ्रामक या अपूर्ण सूचना देते हैं या आवेदन विषयक सूचना को नष्ट कर देते हैं और सूचना प्राप्त करने में किसी भी प्रकार की बाधा पहुंचाते हैं, तो आयोग आवेदन प्राप्त होने या प्रदत्त सूचना की तिथि तक 250 रुपए प्रतिदिन की दर से आर्थिक दंड लगाएगा, लेकिन वैसे आर्थिक दंड की राशि 25000 से ज्यादा नहीं होगी। केंद्रीय सूचना पदाधिकारी या राज्य सूचना पदाधिकारी को अपने ऊपर लगाये गए आर्थिक दंड पर अपना पक्ष रखने का उपयुक्त अवसर प्रदान किया जाएगा।

-संदीप कुमार, मधुपुर (झारखंड)

पाठकनामा के लिए आप भी हमें अपने विचार ई-मेल या फैक्स द्वारा भेज सकते हैं।
ई-मेल jagruktimes@gmail.com

## बोले तो...



वक्फ अधिनियम में संशोधन मुस्लिम समुदाय को लक्षित करने के लिए नहीं किया गया है, बल्कि इसका उद्देश्य पिछली गलतियों में सुधार करना है। केंद्र सरकार यह सुनिश्चित करना चाहती है कि भारत में किसी की जमीन को 'जबरन और एकतरफा' छीनने का कोई प्रावधान न हो।

- किरेन रिजिजू



यह कुछ और नहीं बल्कि राजनीतिक प्रतिशोध है। जब भी मैं अल्पसंख्यकों के लिए बोलता हूं तो वे मुझे रोकने की कोशिश करते हैं, हमें कुचलने की कोशिश करते हैं। उन्होंने संसद में राहुल को भी रोकने की कोशिश की। यह एजेंसियों का दुरुपयोग है। मैं पहले की तरह उनके साथ सहयोग करूंगा।

- रॉबर्ट वाड्रा



बहुजन समाज को जातिवादी व धन्नासेठ समर्थक विरोधी पार्टियों की साजिश व हवाई वादों से बचकर चुनावों में अपना खुद उद्धार करने योग्य बनना होगा। बहुजनों की आपसी एकता व वोटों के जरिये सत्ता की मास्टर चाबी हासिल करने के लिए विरोधियों के सभी हथकंडों को भी विफल करना होगा।

- मायावती

## कुछ अलग | अजब गजब

# लड़की ने ऑनलाइन मंगवाए नकली नाखून, पार्सल खोलते ही बढ़ गईं दिल की धड़कनें

आज का जमाना मार्केटिंग का है। अगर आपके पास कोई प्रॉडक्ट बेचने के लिए है और आपने उसकी मार्केटिंग अच्छे से नहीं की, तो आपकी सारी मेहनत बेकार हो जाएगी। बिना मार्केटिंग अच्छी से अच्छी चीज भी बिक नहीं पाती और उसे बनाने वाली कंपनी का नुकसान हो जाता है। ऐसे में अब कंपनियां कई तरह के मजेदार आइडिया के जरिये मार्केटिंग करती नजर आती है। इसी कड़ी में एक फेक नेल यानी नकली नाखून बनाने वाली कंपनी का आइडिया सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है।

सोशल मीडिया पर एक लड़की ने इस कंपनी के फेक नेल डिलीवरी के आर्डर वाले पार्सल का वीडियो शेयर किया। लड़की ने ऑनलाइन अपने लिए प्रॉडक्ट मंगवाया था। जब उसने डिलीवर किया गया पार्सल खोला तो उसके होश ही उड़ गए। डिब्बा खोलते ही उसके मुंह से चीख निकल गई।

डिलीवर किए गए सामान को देखकर लड़की के साथ ही साथ सोशल मीडिया यूजर्स को हैरान हो गए।

**डिब्बे में निकला कटा हाथ**

लड़की ने अपने लिए फेक नेल्स ऑर्डर किए थे। ऐसे में कंपनी ने नाखून तो भेजे लेकिन सिलिकॉन से बने नकली हाथों में चिपकाकर। जैसे ही डिब्बा



खोला गया, उसमें प्लास्टिक के अंदर दो कटे हुए हाथ नाख़ून के साथ नजर आए। ये सिलिकॉन हैंड इतने असली नजर आ रहे थे कि ऐसा लगा मानो किसी के हाथ काटकर उसपर नाखून चिपका कर भेज दिया हो। डिब्बा खोलने के बाद लड़की हैरान रह गई। इसके बाद उसने लोगों के साथ अपना अनुभव बांटने के लिए इसका वीडियो बनाया और उसे भी शेयर कर दिया।

**मार्केटिंग का जबरदस्त नमूना**

इस वीडियो को देखने के बाद लोग भी हैरान रह गए। लोगों ने इसे मार्केटिंग का जबरदस्त नमूना बताया। नकली नाखून आपके हाथों पर कैसे लगेंगे, ये दिखाने का कंपनी का ये तरीका लोगों को खूब भा रहा है। वहीं कई ने इसे खौफनाक बताया। एक यूजर ने लिखा कि ऐसे पार्सल को खोलते ही उसे तो हार्ट अटैक आ जाएगा। वहीं एक ने लिखा कि ये कैसा मजाक है? कई लोग तो इसे असली हाथ समझ पुलिस को ही बुला लेंगे।

# सिलदर में दो ट्यूबवेल खराब, गहराया पेयजल संकट

## एक हजार घरों के लिए लगे तीन सरकारी ट्यूबवेल, दो एक सप्ताह से खराब

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिलदर।** जलदाय विभाग की ओर से जलदाय विभाग के जल स्रोतों का समय पर रखरखाव नहीं करने के कारण विशेषकर गर्मी के मौसम में ग्रामीणों को हलक तर के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सिलदर के ग्रामीण भी इन दिनों पेयजल के गंभीर संकट से जूझ रहे हैं। जलदाय विभाग की ओर से यहां तीन ट्यूबवेल से पेयजल की सप्लाई की जाती है। लेकिन, उसमें से एक ट्यूबवेल के भरोसे पूरा गांव है। जिसका कारण एक ट्यूबवेल की मोटर खराब हो गई है तथा दूसरे का पानी कम होने के कारण पाइप कम होने से पानी बाहर नहीं आता है। ऐसे में गांव में करीब सात दिन से जलापूर्ति ठप पड़ी है। गर्मी के मौसम में ग्रामीणों को भरी दोपहरी में पानी के लिए भटकना पड़ रहा है।



### ट्यूबवेल की यह है स्थिति

» एक ट्यूबवेल में पानी तो भरपूर है। लेकिन, उसकी मोटर जलने के कारण यह बंद पड़ा है।
» दूसरे ट्यूबवेल में पानी की मात्रा कम होने के कारण जलस्तर नीचे गया है। ऐसे में यहां पर दो पाइप डालने की जरुरत है।
» तीसरे ट्यूबवेल से पानी तो सही मात्रा में आ रहा है। लेकिन, पूरे गांव की पानी की उपयोगिता यह भी पूरी नहीं कर सकता है।

### तो मिल सकती है राहत

समाजसेवी नरेन्द्र मेवाड़ा ने बताया कि पेयजल समस्या समाधान के लिए कई बार विभाग के जेईएन से मांग की। लेकिन, आज दिन तक समस्या समाधान नहीं हुआ है। जली हुई मोटर को बदलने से काम हो सकता है। इसके अलावा एक ट्यूबवेल में दो पाइप डाल दिए जाए तो समस्या समाधान हो सकता है।

» दोपहर में घरों से निकलना हुआ मुश्किल

# मौसम: पारा 42 डिग्री पर पहुंचा, सूनी हुई सड़कें

जागरूक टाइम्स संवाददाता

सिरोही। तेज अंधड़ एवं बादल छाने से दो दिन पहले तापमान कम होने के बाद सोमवार से पारे ने एक बार फिर से रफ्तार पकड़ ली है। शहर समेत जिलेभर में मंगलवार से भीषण गर्मी का सितम फिर से बढ़ गया है। तीन दिन पहले के पश्चिमी विक्षोभ के असर से कम हुआ तापमान अब निरंतर बढ़ोतरी की ओर अग्रसर है। मंगलवार को पारा 42 डिग्री को लांघ गया। इससे लोग निठाल हो गए। मौसम विभाग के अनुसार अधिकतम तापमान 42 और न्यूनतम 26 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। सवेरे से ही धूप के तेवर कड़े थे, जो दिन बढ़ने के साथ और सख्त होते चले गए। दोपहर में लू चलने से मुख्य सडक़ों पर लगभग सन्नाटा छाया रहा। चार पहिया वाहनों की तादाद भी कम नजर आई। भीषण गर्मी के चलते ज्यादातर लोगों ने घरों में रहना ही मुनासिब समझा। बाजारों में ग्राहकी पूरी तरह से मंदी रही और दुकानदार भी गर्मी से बचाव का जतन करते दिखे। तेज गर्मी से पंखे और कूलर की हवाएं असर नहीं दिखा पा रही हैं और लोग एसी से राहत पाने का जतन कर रहे हैं।



# पोषण पखवाड़े का उद्देश्य बच्चों और महिलाओं को बेहतर पोषण देना: गहलोत

पोषण, जल संरक्षण व बाल विवाह पर विचार गोष्ठी



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** केंद्रीय संचार ब्यूरो की ओर से ऊंड गांव में पोषण पखवाड़े के तहत जल संरक्षण, बाल विवाह के दुष्परिणाम और हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान विषय पर विचार गोष्ठी, प्रदर्शनी व प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सामाजिक कार्यकर्ता भीकसिंह भाटी ने कहा कि स्वस्थ जीवन जीने के लिए सही पोषण, उचित दिनचर्या व व्यायाम आवश्यक है। भाटी ने बताया कि देशभर में पोषण पखवाड़े का 7वां संस्करण 8 अप्रैल से 22 अप्रैल तक आयोजित किया जा रहा है। पोषण अभियान का मकसद बच्चों और महिलाओं के बीच स्वस्थ और पौष्टिक आहार को बढ़ाना बढ़ावा देना है। यूरो के



प्रभारी अधिकारी फूलचंद गहलोत ने बताया कि केंद्र सरकार ने 8 मार्च 2018 को पोषण अभियान की शुरुआत करके महिलाओं और बच्चों के स्वस्थ रहने के लिए सही पोषण के प्रति जागरूक करने की पहल की गई। पोषण पखवाड़े का उद्देश्य बच्चों और महिलाओं को बेहतर पोषण देना व उनके कुपोषण को दूर करके स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देना है। गहलोत ने कहा कि जल का कुशलता पूर्वक उपयोग करके जल संरक्षण के लिए सहयोग प्रदान किया जा सकता है। जल संरक्षण इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि स्वच्छ जल का सीमित संसाधन है। उन्होंने संविधान के 75 वर्ष के तहत हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान, प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजनाए सुकन्या समृद्धि योजना व लू-तापघात से बचाव की जानकारी दी।

# महाविद्यालय में निर्माण कार्य के दौरान छज्जा गिरा, श्रमिक की मौत

एबीवीपी व एनएसयूआई ने विरोध स्वरूप कॉलेज का द्वार किया बंद

श्रमिक संगठन ने ठेकेदार पर लापरवाही का आरोप लगाया





जागरूक टाइम्स संवाददाता

**शिवगंज।** राजकीय महाविद्यालय के प्रथम तल में कक्षा-कक्षों के निर्माण के दौरान छज्जा गिरन से एक श्रमिक की मौत हो गईं। इधर इस हादसे के बाद एनएसयूआई व एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने जहां विरोध दर्ज कराते हुए कॉलेज का प्रवेश द्वार बंद कर दिया। वहीं श्रमिक संगठन के पदाधिकारी भी आक्रोशित नजर आए। सभी ने इस हादसे के लिए कॉलेज प्रशासन व ठेकेदार पर लापरवाही का आरोप मंढा। मंगलवार सवेरे हुए इस हादसे के बाद हालांकि कॉलेज प्रशासन तत्काल श्रमिक को अस्पताल पहुंचाया, लेकिन तब तक देर हो चुकी थीं।

### यह है हादसे की रिपोर्ट का मजमून

पुलिस के अनुसार मृतक के भाई केदुआ धनवार झारखंड निवासी विजय यादव कामदेव महतो ने बताया कि उसके छोटे भाई वीरेंद्र यादव को ठेकेदार महेंद्रसिंह एवं कैलाशसिंह के नियोजन में उनके कार्यस्थल राजकीय पीजी महाविद्यालय में निर्माण के चलते प्रथम तल के कमरों व छज्जे के कार्य के लिए मजदूरी का कार्य करवा रहे थे। रिपोर्ट में आरोप लगाया कि कार्य स्थल पर बिना उचित सुरक्षा बंदोबस्त इंतजाम के लापरवाही पूर्वक मृतक वीरेंद्र यादव व अन्य साथी मजदूरों को प्राचार्य के कमरे के ऊपर करीब 100 फीट लंबे छज्जे की प्लेट हटाने का कार्य करवाने लगे। अचानक छज्जा उसके भाई वीरेंद्र पर गिर गया। जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। इधर मारवाड़ मजदूर संघ को जैसे ही घटना की जानकारी मिली तो मजदूर संघ के सैकड़ों लोग महाविद्यालय परिसर में एकत्रित हुए और मृतक को उचित मुआवजा दिलवाने की मांग करने लगे। वहीं शिवगंज थानाधिकारी बाबूलाल मीणा ने बताया कि फिलवक्त जानकारी मिली है और मृतक के परिजनों की ओर से रिपोर्ट देने के पश्चात मुकदमा दर्ज कर जांच की जाएगी। एबीवीपी के खुशवंतसिंह देवड़ा ने कहा कि गनीमत है बड़ा हादसा नहीं हुआ। छज्जा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त था। परीक्षा के चलते करीब नौ सौ विद्यार्थी वहां मौजूद थे।

### एनएसयूआई व एबीवीपी ने दर्ज करवाया विरोध

एबीवीपी एवं एनएसयूआई संगठन के पदाधिकारियों मजदूर की मौत हुई है तों दोनों ही संगठन के पदाधिकारी ने प्राचार्य सहित ठेकेदार को घेरते हुए जमकर नारेबाजी की । थानाधिकारी एवं एबीवीपी सहित एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं के बीच में पुलिस द्वारा गिरे हुए छज्जे को हटाकर नीचे देखने की बात को लेकर जबरदस्त कहासुनी हो गई। संगठनों के पदाधिकारी ने कॉलेज के मुख्य प्रवेश द्वार पर ताला लगाया। इस दौरान एग्जाम के लिए आए हुए विद्यार्थियों सहित परिजनों को कुछ देर परेशानी का सामना करना पड़ा। नारेबाजी के बाद जैसे ही कॉलेज प्राचार्य वार्तालाप करने पहुंचे तो युवाओं ने प्राचार्य को ही खरी खोटी सुनाई। वही ठेकेदार एवं कॉलेज प्रशासन पर भी लापरवाही के आरोप लगाते हुए नारेबाजी करते हुए विरोध प्रकट किया ।

### इंजीनियर से करवाएंगे जांच

राजकीय पीजी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ रवि शर्मा ने बताया कि कॉलेज के ऊपर कंस्ट्रक्शन का काम चल रहा है। यहां पर पीडब्ल्यूडी एवं राजस्थान राज्य कृषि विपणन बोर्ड सुमेरपुर की ओर से कार्य चल रहा है। कॉलेज प्रशासन का इसमें केवल जो प्रस्ताव पास होने के बाद पैसे देने का काम होता है। श्रमिक आरसीसी खोल रहा था तो प्रॉपरवे में आरसीसी नहीं की गई होगी। जिसके चलते श्रमिक गिर गया। लापरवाही बरती गई है तो गुणवत्ता और सिविल वर्क के इंजीनियर मौके पर आकर जांच करेंगे।

# गौतमऋषि के लक्खी मेले का समापन



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पोसालिया।** मीणा समुदाय के आराध्य देव गौतम ऋषि महादेव का तीन दिवसीय वार्षिक मेला मंगलवार को सम्पन्न हुआ। तीन दिन चले इस मेले में लाखों लोगों ने गौतम ऋषि महादेव के दर्शन कर मंगल कामना की। हाट बाजारों में दिनभर मेलार्थियों की भारी आवाजाही से रौनक रही। मेलार्थियों ने हाट बाजार से खरीदारी की और खाद्य व पेय पदार्थों का लुत्फ उठाया। मेला विसर्जन तक झूले पालनों पर भारी भीड आकर्षण का केन्द्र रही। दोपहर बाद मेला स्थल से विदाई गीतों की प्रस्तुतियों के विभिन्न वाहनों से घरों की ओर रवाना हुए।

# पक्षियों के लिए की दाने पानी की व्यवस्था



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झाड़ोली पी।** स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल विद्यालय झाड़ोली के प्राथमिक खंड की नन्हे मुन्ने बच्चों ने हेड टीचर प्रकाश पुरी के मार्गदर्शन में पंक्षियों के लिए दाने पानी की व्यवस्था की। बच्चों ने भीषण गर्मी से पक्षियों को बचाने के लिए परिंडा, कृत्रिम पक्षी घर, और उनके लिए दाना और पानी की व्यवस्था कर दिया पर्यावरण प्रेम का संदेश। मनोहरसिंह ने बताया कि बचपन से ही प्रकृति प्रेम की भावना जीवन में मानवीय गुणों को परिष्कृत करती हैं। कुसुम राजपुरोहित, मनीषा गुर्जर, डिंपल कंवर एवं ललिता उपस्थित रहे।

# जिलास्तरीय जनसुनवाई कल

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** जिले में आमजन की परिवेदनाओं के निस्तारण के संबंध में त्रिस्तरीय जन सुनवाई अटल जन सेवा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। सहायक निदेशक लोक सेवाएं हरिसिंह देवल ने बताया कि गुरूवारको जिला स्तर पर कलेक्ट्रेट के सूचना प्रौद्योगिकी संचार विभाग कार्यालय में सवेरे 11 बजे आमजन की परिवेदनाओं के निस्तारण के संबंध में अटल जन सेवा शिविर आयोजित किए जाएंगे।

# पन्द्रह सूत्रीय कार्यक्रम की बैठक 28 को

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** प्रधानमंत्री के नए पन्द्रह सूत्रीय कार्यक्रम(पसूका) के क्रियान्वयन के लिए 28 अप्रेल को जिला कलेक्टर अल्पा चौधरी की अध्यक्षता में डीओआईटी सभागार में बैठक का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी कार्यक्रम अधिकारी रमेश चौधरी ने दी।


# सिरोही स्थापना दिवस की तैयारी बैठक, दिए निर्देश



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** सिरोही स्थापना दिवस को लेकर मंगलवार को जिला कलक्टर अल्पा चौधरी की अध्यक्षता में डीओआईटी सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। जिला कलेक्टर चौधरी ने बताया कि सिरोही स्थापना दिवस पर 29 अप्रेल से 1 मई तक तीन दिन तक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को आवंटित कार्यों को तय समय में पूर्ण करने के निर्देश दिए। कार्य मों में रोचकता बनाए रखने तथा आमजन की अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित करने की बात कही। स्थापना दिवस के कार्यक्रमों में शोभायात्रा, भजन संध्या,हास्य कवि सम्मेलन सांस्कृतिक संध्या सहित विभिन्न कार्यक्रम व रोचक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। जिला कलेक्टर ने कार्यक्रम वार नोडल अधिकारियों से अब तक हुई तैयारी तथा आगामी तैयारियों के संबंध में चर्चा कर आपसी समन्वय से सभी तैयारियां समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। एडीएम डॉ दिनेश राय सापेला, उपखंड अधिकारी हरिसिंह देवल, प्रशिक्षु आरएएस अधिकारी नरेंद्र जांगिड़, पर्यटक स्वागत केंद्र के सहायक निदेशक भैरूसिंह चौहान, सीएमएचओ दिनेश खराड़ी, कोषाधिकारी अलकासिंह, वरिष्ठ लेखाधिकारी अंबिका राणावत, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक राजेंद्र पुरोहित, महिला अधिकारिता विभाग की सहायक निदेशक अंकिता राजपुरोहित, तहसीलदार जगदीश विश्नोई आदि मौजूद थे।

# राजस्थान पुलिस दिवस पर क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन



जागरूक टाइम्स संवाददाता


**सिरोही।** शहर के नवीन भवन विद्यालय में राजस्थान पुलिस दिवस पर क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिला पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता में जिले के कुल 25 विद्यालयों के 103 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिमा मं सर्वोदय पब्लिक विद्यालय जेतावाड़ा की कक्षा नवमीं की छात्रा सीमा कंवर, गिरीश कुमार तथा दिलीप कुमार ने क्रमशः पहला, दूसरा एवं तीसरा स्थान प्राप्त किया। बुधवार को पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम में इनका सम्मान किया जाएगा। इसके बाद संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए भेजा जाएगा।

# नगर कांग्रेस की कार्यकारिणी घोषित

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष गोविंदसिंह डोटासरा के आदेश व प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संगठन महासचिव ललित तूनवाल के निर्देश पर नगर कांग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी घोषित की गई। नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नरगिस कायमखानी के अनुसार संगठन महासचिव पद पर कांतिलाल परिहार, सुरेश बंजारा, दिलावर पठान, अनुज गर्ग, गोविंदसिंह लोधा, राजेश परिहार, रमेश मीणा, कमल अग्रवाल, नरपतसिंह, अनूप चौरसिया, कांतादेवी मेघवाल को उपाध्यक्ष, नीना परिहार, सुशील वर्मा, धीरज कुमार दवे, किशन बंजारा, मिनाली कटारिया, मोहम्मद जुनैद आदिल, जितेन्द्र परिहार, हिमांशु गर्ग, सुनीता बैरवा, दिलीप पारवानी को महासचिव, कुलप्रकाश गौतम को कोषाध्यक्ष, कनकसिंह, अजय कुमार राणा, भारती देवी, दिनेश धवलेशा, प्रशांत चौहान, श्रवण बंजारा, साक्षी माली, रविन्द्रसिंह सलूजा, नरेन्द्रसिंह, लक्ष्मण भूरा को सचिव, यासीफ पठान व अवधेश देवल को प्रवक्ता, मनीष, हर्ष शर्मा, राजेश सिंघल, श्रवण राणा, अमरचंद आचार्य, दृष्टि रोहिन, देवी कुमारी, योगेश वाधवानी, दीपिका कंवर, सीमा कोली, हिमांशु कुटील, जितेन्द्र जोशी, केतन कुमार शाह, मनीष राणा, मथुरा मीणा कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया गया।

# जैसलमेर : 15.50 करोड़ से बनेगी नगर परिषद की पार्किंग




**जैसलमेर।** जैसलमेर में सितंबर से जनवरी तक सैलानियों की आवक के दौरान पार्किंग की परेशानी से हर किसी को जूझना पड़ता है। नगर परिषद शहर के हनुमान चौराहा पर स्थित महाराणा प्रताप मैदान में चार फ्लोर के पार्किंग का निर्माण शुरू करवा दिया है। नगरपरिषद कमिश्नर लजपाल सिंह ने बताया कि करीब 15.50 करोड़ रुपए की लागत के साथ महाराणा प्रताप 9390 स्कवायर फीट में पार्किंग जोन बनाया जा रहा है। जिसमें दो फ्लोर अंडरग्राउंड होंगे। इसमें करीब 320 गाड़ियां एक साथ पार्क हो सकेंगे। महाराणा प्रताप मैदान में पार्किंग निर्माण का काम शुर हो गया है। पिछली सरकार ने 2022 में बजट रिप्लाई में जैसलमेर के महाराणा प्रताप मैदान में अंडरग्राउंड पार्किंग की घोषणा की थी। जिसके बाद अब इसका काम भी शुरू हो गया है। दरअसल, जैसलमेर में हर साल पर्यटन सीजन में रोज सात से आठ हजार वाहन आते है। ऐसे में यहां पार्किंग को लेकर आमजन के साथ सैलानियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। पार्किंग स्थल नहीं होने से पर्यटन सीजन में सैलानी अपने वाहनों को सड़क के किनारे खड़ा कर देते है। जिससे जाम लग जाता है। इसके साथ ही शहर के मुख्य बाजार में भी मोटरसाइकिल पार्क होने से आए दिन जाम लग जाता है। ऐसे में अब महाराणा प्रताप मैदान में पार्किंग सुविधा मिलने से पर्यटकों के साथ आमजन को भी राहत मिल जाएगी। गौरतलब है कि ज्यादातर सैलानी निजी वाहनों व किराये के वाहनों से जैसलमेर पहुंचते है। ऐसे में उन्हें भ्रमण के दौरान वाहन पार्किंग के समय काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि रिंग रोड पर नगर परिषद द्वारा पार्किंग की अस्थाई व्यवस्था की जाती है। लेकिन पर्यटकों की बंपर आवक को देखते हुए यह व्यवस्था बौनी साबित होती है। यहां पर सीजन में हमेशा जाम की स्थिति बनती है। अब नगर परिषद द्वारा अंडरग्राउंड पार्किंग बनाने के बाद कम से कम पर्यटन सीजन में पार्किंग की परेशानी पूरी तरह से खत्म हो जाएगी। दरअसल, जैसलमेर शहर की बसावट पुरानी है। ऐसे में बाजार संकड़ा है। जिससे पर्यटन सीजन में यहां चौपहिया वाहन घुसने से जाम लग जाता है। हालांकि पुलिस द्वारा बैरिकेडिंग लगाकर वाहनों को रोका जाता है। लेकिन इसके बावजूद भीड़ से स्थानीय मोटरसाइकिलों से भी जाम लग जाता है। ऐसे में महाराणा प्रताप मैदान में पार्किंग जोन बनने से शहर के मुख्य बाजार, शिव रोड़, गोपा चौक, हनुमान चौराहा, कलेक्ट्रेट में जाम की समस्या पूरी तरह से खत्म हो जाएगी।

### 9390 वर्ग फीट में बनेगी पार्किंग

महाराणा प्रताप मैदान में 9390 स्क्वायर फीट में अंडरग्राउंड पार्किंग बनेगी। कुल चार फ्लोर में बिल्डिंग बनाई जाएगी। जिसमें ग्राउंड फ्लोर, जी+1, ग्राउंड फ्लोर के नीचे दो बेसमेंट बनेंगे। ग्राउंड फ्लोर में भी वाहन पार्क होंगे। इस पूरे पार्किंग एरिया में एक साथ करीब 320 वाहन पार्क किए जा सकेंगे। नगर परिषद द्वारा महाराणा प्रताप मैदान में दुपहिया व चौपहिया वाहन पार्किंग की सुविधा अलग से की जाएगी। महाराणा प्रताप मैदान में पार्किंग शुरु होने के बाद आमजन के साथ सैलानियों को भी काफी राहत मिलेगी। इसके साथ ही गड़ीसर व किले के पास भी पार्किंग की जरुरत महसूस की जा रही है।

## जोधपुर : पक्षियों को बनाया सात मंजिला आशियाना

▶▶ 75 फीट ऊंचे बर्ड टॉवर में 700 घोंसले बनाए



**जोधपुर।** जोधपुर में गर्मी के मौसम में पक्षियों के रहने को लेकर होने वाली समस्या को देखते हुए घंटियाला गांव के युवाओं की ओर से एक अनूठी पहल की गई है। इसके तहत गांव में पक्षियों के लिए पक्षी घर का निर्माण किया गया। जिसमें हजारों पक्षी इन दिनों रह रहे हैं।

**• चार हजार पक्षी रह सकते**

घंटियाला गांव में राजपुरोहित समाज के युवाओं ने 75 फीट ऊंचा सात मंजिला बर्ड टावर बनाया गया है। जिसमें 700 घर बनाए गए है। एक समय में यहां पर चार हजार पक्षी रह सकते हैं। खास बात यह है कि करीब दो महीने की मेहनत से इसे तैयार किया गया है। इसे बनाने में जालौर और गुजरात से खास तरह की मिट्टी को काम लिया गया। इसके अलावा निर्माण कार्य में भूकंपरोधी तकनीक भी अपनाई गई।

## निजी कंपनी के खिलाफ धरना जारी



• ग्रामीणों ने दी आमरण अनशन की चेतावनी

**जैसलमेर।** जैसलमेर जिले के भोपा व सांवता गांव के ग्रामीणों का अनिश्चित कालीन धरना मंगलवार को नौवें दिन भी जारी रहा। धरने पर बैठे ग्रामीणों ने बताया कि अगर समय रहते हमारी मांगे नहीं मानी गई तो हम सब धरना स्थल पर आमरण अनशन करेंगे। गौरतलब है कि रोजगार की मांग को लेकर ग्रामीण नौ दिन से निजी कम्पनी के गेट पर धरना देकर बैठे हैं। भीषण गर्मी के दिनों में भी ग्रामीण धरना स्थल पर डटे हुए हैं। वे रात भी धरनास्थल पर ही बिता रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि निजी सोलर कंपनी से लीज एग्रीमेंट चार साल से पूर्व किया गया था। प्रोजेक्ट लगने के बाद कंपनी के साथ रोजगार की शर्तें रखी गई थी। जो चार साल तक सही तरीके से चल रही थी। लेकिन अब कंपनी ने प्लांट दूसरी कंपनी को बेच दिया है। ग्रामीणों का आरोप है कि दूसरी कंपनी किसानों के साथ अन्याय कर रही है। सिक्योरिटी के लिए भी बाहरी लोगों को रोजगार दिया जा रहा है। साथ ही किसानों को किराया भी नहीं दिया जा रहा है। किसानों का कहना है कि जब तक हमारी मांगें नहीं मानी जाएगी तब तक धरना जारी रहेगा और आमरण अनशन किया जाएगा। धरना स्थल पर नरपतसिंह, भोमसिंह, महेंद्रसिंह, भोमसिंह, देवीसिंह भोपा, चंदनसिंह, भोमसिंह, देरावर सिंह, हुक्मसिंह, वीरम सिंह, डूंगरसिंह, शेम्भू सिंह, गोवर्धन सिंह सांवता सहित दोनों गांवों के लोग मौजूद रहे।

## बालोतरा के पीएनपी हैंडलूम में लगी आग



▶▶ ऊपरी मंजिल पर सो रहे कर्मचारियों को बचाया

**बालोतरा।** बालोतरा शहर के सर्किट द्वितीय क्षेत्र स्थित पीएनपी हैंडलूम में मंगलवार सुबह करीब छह बजे अचानक भीषण आग लग गई। हैंडलूम से घना धुआं उठता देख आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय निवासियों ने तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी। फायर ब्रिगेड की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आग बुझाने का कार्य शुरू किया। नगर परिषद और सीईटीपी की तीन दमकलों ने मौके पर पहुंचकर लगभग पांच राउंड पानी की बौछार की। दमकल कर्मियों ने सतर्कता और सूझबूझ के साथ कार्य करते हुए आग पर नियंत्रण पाया, जिससे एक बड़ी अनहोनी टल गई। जानकारी के अनुसार, जिस हैंडलूम में आग लगी, उसी की ऊपरी मंजिल पर कुछ कर्मचारी सो रहे थे। आग की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड व स्थानीय लोगों ने मिलकर सीढ़ियों की सहायता से सभी कर्मचारियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। सौभाग्य से इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। घटना की सूचना पर बालोतरा थानाधिकारी चेलसिंह मय जाप्ता मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया। प्रारंभिक जांच में आग लगने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है, शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने घटनास्थल की घेराबंदी कर जांच शुरू कर दी है। फायर ब्रिगेड की तत्परता और स्थानीय निवासियों की सूझबूझ से एक बड़ी दुर्घटना होने से टल गई। यदि समय रहते आग पर नियंत्रण नहीं पाया जाता, तो आसपास के भवनों और संपत्ति को भारी नुकसान हो सकता था।

## जोधपुर : हॉस्टल से निकली छात्रा लापता

**जोधपुर।** जोधपुर पुलिस कमिश्नरेट में इन दिनों लड़कियों के गायब होने के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। इसी बीच एक मामला मंडोर थाने में सामने आया। यहां पर हॉस्टल में



पढ़ने वाली एक लड़की बिना बताए हॉस्टल से निकल गई। इस रिपोर्ट में बताया कि ज्योतिबा फुले बालिका छात्रावास आठ मील मंडोर से 21 वर्ष से छात्र 13 अप्रैल को हॉस्टल से छुट्टी लेकर सहेलियों के कमरे में गई थी और वहां से बिना बताए निकल गई।

## पंचायतीराज पुनर्गठन के विरोध में कांग्रेस सड़कों पर

**बाड़मेर।** बाड़मेर कांग्रेस ने हाल ही में हुए पंचायतीराज पुनर्गठन के विरोध में सड़कों पर उतर प्रदर्शन किया। पहले महावीर पार्क के पीछे धरना दिया। वहां से फिर कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया। पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष फतेह खान ने शिव विधायक रविंद्र सिंह भाटी पर तंज कसते हुए कहा कि लाठो रहने वाले कहां गए। कुछ बोल नहीं रहे है। उनके हरसाणी के 12 गांवों को चार अलग-अलग पंचायत समितियों में डाल दिया। राजस्थान सरकार पंचायती राज के पुनर्गठन की प्रक्रिया चल रही है। इसमें बाड़मेर जिले में सैकड़ों की संख्या में ग्राम पंचायतें और आठ पंचायत समिति का प्रस्ताव सरकार को भेजा है। वहीं कई ग्राम पंचायतों और गांवों में फेरबदल किया गया। मंगलवार को कांग्रेस पार्टी ने पंचायतीराज पुनर्गठन के विरोध में बाड़मेर महावीर पार्क के पीछे धरना दिया। इसमें जिला प्रमुख महेंद्र चौधरी, जिलाध्यक्ष गफूर अहमद, पूर्व सांसद कर्नल सोनाराम चौधरी, पूर्व विधायक पदमाराम मेघवाल, कांग्रेस प्रदेश सचिव आजाद सिंह राठौड़ सहित कांग्रेस के जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता मौजूद रहे।



### शिव विधायक पर कसा तंज

पूर्व जिलाध्यक्ष फतेह खान ने शिव विधायक रविंद्र सिंह भाटी पर तंज कसते हुए कहा कि हरसाणी के 12 गांव बोले जाते थे। चार समितियों में डाल दिया। हमेशा बोलते थे कि हम लाठे है। पता नहीं कहां पर आवाज दब गई। एक बार भी आकर ज्ञापन तो देते। एक गांव किराडू, दूसरा रामसर, तीसरा गिराब और चौथा गडरारोड में। यह गलत हो रहा है। पूर्व विधायक अमीन खान का के गांव का थाना गिराब, पौता गडरारोड के उनको उठाकर रामसर समिति में डाल दिया। वो जाते तो अलग बात है। लेकिन उन्होंने कई बार आकर जिला कलेक्टर को बताया।

### कलेक्टर ने दिया आश्वासन

कांग्रेसी धरना स्थल से सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग वहां पर पहुंचे। कांग्रेसियों का प्रतिनिधिमंडल जिला कलेक्टर से मिला। उन्होंने पंचायतीराज पुनर्गठन में आपत्तियां दर्ज करवाई है। कलेक्टर ने आश्वासन दिया कि आपकी बातों का ध्यान रखा जाएगा। ने एक बड़ा पावर सेंटर बना रखा है ऐसा लंबा नहीं चलता है। भविष्य में राजनीति करनी है। न्याय करना चाहिए।

## दो युवकों को बेंगलुरु पुलिस ने किया गिरफ्तार

▶▶ एक करोड़ के साइबर फ्रॉड का मामला, धोलिया गांव से दोनों को पकड़ा




**जैसलमेर।** जैसलमेर के लाठी थाना इलाके के धोलिया गांव में बेंगलुरु पुलिस ने दबिश देकर दो युवकों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए सुरेश विश्नोई व एक अन्य युवक पर बेंगलुरु के टुमकुर थाना में साइबर फ्रॉड का कोई मामला दर्ज है। इस मामले में लाठी थाना प्रभारी राजेंद्र खदाव ने बताया कि पुलिस सुरेश विश्नोई व एक अन्य युवक की तलाश में बीती रात यहां पहुंची थी और दोनों को घर से उठाकर ले गए। अब वहां इस मामले में पूछताछ की जाएगी। सूत्रों के अनुसार सुरेश विश्नोई (24) ऑनलाइन किसी गेम के माध्यम से पैसे का लेनदेन आदि का काम करता था। इसको लेकर करीब एक करोड़ रूपए का लेनदेन भी हुआ बताया जा रहा है। इसको लेकर बेंगलुरु के टुमकुर थाने में साइबर फोर्ड का मामला दर्ज हो रखा है। इसी मामले को लेकर सुरेश विश्नोई व एक अन्य युवक की तलाश में बेंगलुरु से पुलिस जैसलमेर के लाठी थाना पहुंची और उसकी मदद से धोलिया गांव निवासी सुरेश व एक अन्य युवक को गिरफ्तार कर अपने साथ ले गई।

## जोधपुर में बढ़ रहे बाइक चोरी के मामले

**जोधपुर।** जोधपुर में इन दिनों बाइक चोरी के मामले भी बढ़ने लगे हैं, बाइक चोर शातिराना तरीके से बाइक चुराकर भाग रहे हैं। कई मामलों में फुटेज के बावजूद भी बाइक चोर पकड़े नहीं गए हैं। जोधपुर में बाइक चोरी को लेकर शास्त्री नगर थाने में रवि प्रजापत ने मामला दर्ज करवाया। बताया कि इंडस्ट्रियल एरिया से 12 अप्रैल को अज्ञात चोर उनकी बाइक चुरा कर ले गया। कई जगहों पर तलाशी के बावजूद उनकी बाइक नहीं मिली। दूसरा मामला बोरानाडा थाने में प्रेम कुमार मेघवाल ने दर्ज करवाया। बताया कि नाकोड़ा आर्ट फेस संख्या चार रीको बोरानाडा से अज्ञात चोर उनकी बाइक चुरा कर ले गया। तीसरा मामला हाउसिंग बोर्ड थाने में राहुल जांगिड़ ने दर्ज करवाया। बताया कि मेड़तिया गार्डन से 12 अप्रैल की रात 9:30 बजे के करीब अज्ञात चोर उनकी बाइक चुरा कर ले गया। जबकि इससे पूर्व भी कई मामले सामने आ चुके हैं। औसतन जोधपुर में रोज तीन से चार जगह पर बाइक चोरी की वारदातें हो रही है, उसके बावजूद अभी तक कोई बड़ी गैंग पुलिस की पकड़ में नहीं आ सकी है, जबकि पुलिस की ओर से पूरे शहर में अभय कमांड कंट्रोल सेंटर के कैमरों से मॉनिटरिंग के दावे भी किए जा रहे हैं।

# व्यापार जगत

### मार्च में थोक महंगाई 2.38% से घटकर 2.05% पर आई

## महंगाई में राहत, खाने-पीने की चीजें सस्ती

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** मार्च महीने में थोक महंगाई घटकर 2.05% पर आ गई है। ये चार महीने का निचला स्तर है। इससे पहले नवंबर में महंगाई 1.89% रही थी। वहीं फरवरी में महंगाई 2.38% पर थी। रोजाना की जरूरत के सामान की कीमतों के घटने से महंगाई घटी है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने 15 अप्रैल को ये आंकड़े जारी किए। थोक महंगाई में मैन्युफैक्चर्ड प्रोडक्ट्स की हिस्सेदारी 63.75%, प्राइमरी आर्टिकल जैसे फूड की हिस्सेदारी 22.62% और फ्यूल एंड पावर की हिस्सेदारी 13.15% है। यानी, मैन्युफैक्चर्ड प्रोडक्ट्स की महंगाई के ऊपर-नीचे होने का सबसे ज्यादा असर महंगाई दर पर होता है।



### महंगाई कैसे मापी जाती है?

भारत में दो तरह की महंगाई होती है। एक रिटेल यानी खुदरा और दूसरी थोक महंगाई होती है। रिटेल महंगाई दर आम ग्राहकों की तरफ से दी जाने वाली कीमतों पर आधारित होती है। इसको कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स भी कहते हैं। होलसेल प्राइस इंडेक्स का अर्थ, जो थोक बाजार में एक कारोबारी दूसरे कारोबारी से वसूलता है।

### रोजाना जरूरत के सामान

रोजाना की जरूरत वाले सामानों की महंगाई 2.81% से घटकर 0.76% हो गई। खाने-पीने की चीजों की महंगाई 5.94% से घटकर 4.66% हो गई। फ्यूल और पावर की थोक महंगाई दर -0.71% से बढ़कर 0.20% रही।

### होलसेल महंगाई के तीन हिस्से

प्राइमरी आर्टिकल, जिसका वेटेज 22.62% है। फ्यूल एंड पावर का वेटेज 13.15% और मैन्युफैक्चर्ड प्रोडक्ट का वेटेज सबसे ज्यादा 64.23% है। प्राइमरी आर्टिकल के भी चार हिस्से हैं।

- फूड आर्टिकल्स जैसे अनाज, गेहूं, सब्जियां
- नॉन फूड आर्टिकल में ऑयल सीड आते हैं मिनरल्स
- क्रूड पेट्रोलियम

### होलसेल प्राइस इंडेक्स का आम आदमी पर असर

थोक महंगाई के लंबे समय तक बढ़े रहने से ज्यादातर प्रोडक्टिव सेक्टर पर इसका बुरा असर पड़ता है। अगर थोक मूल्य बहुत ज्यादा समय तक ऊंचे स्तर पर रहता है तो प्रोड्यूसर इसका बोझ कंज्यूमर्स पर डाल देते हैं। सरकार केवल टैक्स के जरिए WPI को कंट्रोल कर सकती है। जैसे कच्चे तेल में तेज बढ़ोतरी की स्थिति में सरकार ने ईंधन पर एक्साइज ड्यूटी कटौती की थी।

## टाटा पॉवर की कंपनी को 4500 करोड़ का ऑर्डर

▶▶ 4% से ज्यादा उछल गए शेयर

**मुंबई।** टाटा ग्रुप की कंपनी टाटा पावर के शेयर मंगलवार को चार पर्सेंट से ज्यादा चढ़कर 380.50 रुपए पर पहुंच गए हैं। कंपनी की रिन्यूएबल एनर्जी इकाई टाटा पावर रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड को महारत्न कंपनी एनटीपीसी (NTPC) से डिस्पैचएबल रिन्यूएबल एनर्जी प्रोजेक्ट्स डिवेलप करने के लिए 4500 करोड़ रुपए का ऑर्डर मिला है। टाटा पावर रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड ने 200 मेगावॉट फर्म एंड डिस्पैचएबल रिन्यूएबल पावर की सप्लाई के लिए NTPC के साथ पावर परचेज एग्रीमेंट पर दस्तखत किए हैं। कंपनी ने एक्सचेंज फाइलिंग में बताया है कि इस प्रोजेक्ट को 24 महीने के भीतर पूरा किया जाना है। इस प्रोजेक्ट की वैल्यू करीब 4500 करोड़ रुपए है। प्रोजेक्ट में देश में कई लोकेशंस में डिवेलप किया




जाएगा। कंपनी ने बताया है कि यह प्रोजेक्ट सालाना 1300 मिलियन यूनिट्स बिजली पैदा करेगा और हर साल एक मिलियन टन से ज्यादा कॉर्बन-डाइ ऑक्साइड के उत्सर्जन को घटाएगा। प्रोजेक्ट में सोलर, विंड और बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम (BESS) टेक्नोलॉजीज के कॉम्बिनेशन का इस्तेमाल होगा। इस प्रोजेक्ट के साथ टाटा पावर रिन्यूएबल एनर्जी की टोटल रिन्यूएबल एनर्जी कैपेसिटी 10.9 गीगावॉट पहुंच गई है। टाटा पावर कंपनी लिमिटेड के शेयरों में पिछले पांच साल में 1000 पर्सेंट से अधिक की तेजी देखने को मिली है।

### आप का राशिफल 16 अप्रैल

**मेष** — चू चे चो ला ली लू ले लो आ
धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। कार्यक्षेत्र में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शुभांक-2-4-6

**वृष** — इ उ ए ओ वा वी वू वे वो
घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। हाथ में आने वाला धन भी किसी अवरोध का शिकार हो जाएगा। व्यापार में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। धार्मिक यात्रा का योग है। शुभांक-5-7-9

**मिथुन** — का की कू घ ङ छ के को हा
चापलूस मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। सब्र का फल मीठा होता है अत:धैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें। शुभांक-4-6-8

**कर्क** — ही हू हे हो डा डी डू डे डो
थोड़े प्रयास से कार्य सिद्ध होंगे। घर-परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न होने से वातावरण आनन्द देने वाला बना रहेगा। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। सुबह-सुबह की महत्त्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा। शुभ कार्यों का तत्काल फल मिलेगा। शुभांक-5-7-8

**सिंह** — मा मी मू मे मो टा टी टू टे
पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। आवेग में आकर किये गए कार्यों का म्लान, अवसाद रहेगा। अपने काम को प्राथमिकता से करें। शुभांक-6-8-9

**कन्या** — टो पा पी पू ष ण ठ पे पो
प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित लाभ होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। शुभांक-7-8-9

**तुला** — रा री रु रे रो ता ती तू ते
कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अपने हित के काम सुबह-सबेरे निपटा लें। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। माता-पिता के स्वास्थ्य की चिन्ता रहेगी। शुभांक-5-8-9

**वृश्चिक** — तो ना नी नू ने नो य यी यू
व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शुभांक-1-3-5

**धनु** — ये यो भा भी भू धा फा ढा भे
शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रख। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। शुभांक-2-4-6

**मकर** — भो जा जी खी खू खे खो गा गी
रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। राजकीय कार्यों से लाभ। शुभांक-3-5-7

**कुंभ** — गू गे गो सा सी सू से सो दा
समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-4-7-9

**मीन** — दी दू थ झ ञ दे दो चा ची
महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-4-8-9

## मॉर्गन स्टेनली की सेंसेक्स पर नई भविष्यवाणी

▶▶ रिपोर्ट ने बढ़ाई शेयर बाजार निवेशकों की टेंशन!

**मुंबई।** शेयर बाजार में भारी उतार-चढ़ाव के बीच ग्लोबल ब्रोकरेज फर्म मॉर्गन स्टेनली ने टेंशन वाली रिपोर्ट जारी की है। मॉर्गन स्टेनली ने बीएसई सेंसेक्स के लिए अपने टारगेट को रिवाइज कर 82,000 कर दिया है, जो 93,000 से कम है। यह दिसंबर 2025 तक 9% की संभावित बढ़ोतरी को दिखाता है। दरअसल, इससे पहले ब्रोकरेज फर्म ने उम्मीद जताई थी कि इस साल के अंत तक सेंसेक्स 93,000 के स्तर पर पहुंच जाएगा।



### क्या है डिटेल

मॉर्गन स्टेनली के एनालिस्ट रिधम देसाई और नयंत पारेख ने रिपोर्ट में कहा, हमने अपने इनकम अनुमानों में लगभग 13% की कटौती की है, और हमारा दिसंबर 2025 का सेंसेक्स लक्ष्य 12% कम है।

## 61 पर पहुंच गया 38 पैसे वाला शेयर

**मुंबई।** मर्करी ईवी टेक के शेयर मंगलवार को कारोबार के दौरान फोकस में रहे। कंपनी के शेयर 7% मंगलवार को चढ़कर 61 रुपए के इंट्रा डे हाई पर पहुंच गए थे। कंपनी के शेयरों में इस तेजी के पीछे एक एक बड़ा ऐलान है। दरअसल, कंपनी ने कारोबार को लेकर एक बड़ा अपडेट दिया है। कंपनी ने वडोदरा में 3.2 गीगावाट बैटरी मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटी की स्थापना की और इसके जरिए भारत के क्लीन एनर्जी परिवर्तन में अपनी भूमिका को लेकर ऐलान किया। साथ ही कंपनी ने आगे की योजना को बताया है। एक्सचेंज को फाइलिंग में कंपनी ने बताय कि मर्करी ईवी टेक ने अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी पावरमेट्ज एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड के जरिए से वडोदरा में अपनी साइट पर 3.2 गीगावाट लिथियम-आयन बैटरी प्रोडक्शन सुविधा शुरू करने का ऐलान किया है। इसके अलावा, कंपनी ने अपने एक्सचेंज फाइलिंग में बताया है कि ग्लोबल ऑटोमेशन स्टैंडर्ड के तहत मर्करी ईवी-टेक ने चीन में प्रमुख इक्विपमेंट सप्लायर्स में से पूरी तरह से ऑटोमेटिक, हाई कैपासिटी वाली प्रोडक्शन लाइन का ऑर्डर दिया है।



### शेयरों के हाल

ट्रेंडलाइन आंकड़ों के अनुसार मर्करी ईवी टेक के शेयर में इस साल अब तक 33% तक की गिरावट देखी गई। पिछले छह महीने में यह शेयर 50% तक और पिछले एक साल में 30% तक टूट गया। हालांकि लंबी अवधि में कंपनी के शेयरों ने शानदार रिटर्न दिए हैं। पांच साल में यह शेयर 38 पैसे से बढ़कर वर्तमान प्राइस तक पहुंचा है। इस दौरान इसने करीबन 16,000% तक का रिटर्न दिया है।



# श्रीपति धाम गोशाला में भेंट की एक लाख से अधिक राशि

कुमावत समाज का सकारात्मक प्रयास

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** कुमावत समाज सेवा संस्थान सुमेरपुर के तत्वावधान में समाज के प्रबुद्धजनों के सान्निध्य में गोशाला के लिए हरे चारे व आर्थिक सहयोग के लिए सिरोही के समीपवर्ती श्रीपति धाम राजपुरा-सानवाड़ा में श्रीपति धाम नंदन वन के संस्थापक गोविंद वल्लभदास महाराज को 1 लाख 1 हजार रुपए का चैक सौंपा गया। संस्थान के अध्यक्ष नारायण गहलोत ने बताया कि समाज की ओर से समय-समय पर पशु-पक्षियों की सेवा के लिए सहयोग किया जाता रहता हैं। गत दिनों भी 6 गोशालाओं में 1.26 लाख की राशि गोवंशों को हरा चारा उपलब्ध करवाने के लिए दी गई थी। इस मौके पर संस्थान सचिव पूनाराम कुमावत, कोषाध्यक्ष गुलाबचंद परिहार, व्यवस्थापक कूपाराम सुंदेशा, उपाध्यक्ष नटवर रामीणा, जवानमल टांक, खीमाराम रामीणा, पुखराज कासा, व्यापार संघ अध्यक्ष पुखराज सोलंकी, समाज प्रतिनिधि झालाराम मालवीया, भोलाराम झोंगड़ा, शांतिलाल मेड़तिया, बाबूलाल रोटांगण, छोगाराम सणवेचा, गिरधारीलाल आर्य, पुखराज मेड़तिया आदि उपस्थित रहे।

सुमेरपुर-शिवगंज में निकाली वाहन रैली

# 'बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर'

सादड़ी में आयोजित की गई संगोष्ठी



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 134वीं जयंती पर अनुसूचित जाति-जनजाति संर्घष समिति शिवगंज-सुमेरपुर के बैनर तले शिवगंज-सुमेरपुर शहर में विशाल वाहन रैली निकाली गई। रैली में हजारों की संख्या में भीम सैनिकों ने भाग लिया। संर्घष समिति के अध्यक्ष जीवाराम राणा भील, सह कोषाध्यक्ष सुरेश गेहलोत जोयला ने बताया कि रैली पुलिस थाना शिवगंज से शुरू होकर अम्बेडकर सर्किल पहुंची। जहां क्रेन से पुष्प वर्षा के बीच पदाधिकारियों ने भारत रत्न डॉ भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। वहां से रैली महात्मा ज्योति बा फुले सर्किल पहुंची।

जहां माल्यर्पण कर मैन बाजार होते हुए रिवर फ्रंट शिवगंज पहुंची। वहां पर भामाशाहों ने सभी भीम सैनिकों को अल्पाहार करवाया। जहां से रैली सीधे सुमेरपुर सीमा में प्रवेश कर अम्बेडकर उद्यान पहुंची। बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर जवाई बांध रोड होते हुए मैन बाजार सुमेरपुर पहुंची। मेहता प्याऊ के सामने सर्व समाज द्वारा रैली के ऊपर पुष्प वर्षा कर बाबासाहेब आंबेडकर की तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया। रैली जालोर चौराह से होते हुए बुद्ध विहार सुमेरपुर पहुंची। जहां पर समारोह के भामाशाहों का स्वागत किया। कार्य म को अतिथि भिक्षु डॉ सिद्धार्थ वर्धन सिवाणा, डॉ कुसम मेघवाल, कांग्रेस नेता हरीशंकर मेवाड़ा, पूर्व ब्लॉक शिक्षा अधिकारी जोगाराम राठौड़, भीम बुद्ध विहार अध्यक्ष हजारीमल परिहार ने संबोधित किया। इस दौरान उपाध्यक्ष चतराराम पालड़ी जोड़, अम्बालाल, कोषाध्यक्ष ललित हिडोणिया, महामंत्री सुरेश कानपुरा, प्रकाश गोल, मीडिया प्रभारी सुरेश बोराणा, विधी सलाहकार मेघसुर्या अम्बेडकर, रामूभाई चांवरिया, दीपक चांवरिया, अशोक रामनगर, महेंद्र सोनल जाखोड़ा आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

**सादड़ी।** प्रखर राष्ट्रभक्त, संविधान शिल्पी, भारत रत्न डॉ भीमराव अम्बेडकर पर प्रत्येक भारतीय को गर्व है, उनके सपनों का भारत बनाना हमारा दायित्व है। यह उदगार प्रधानाचार्य विजयसिंह माली ने पीएम धनराज बदामिया राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में अंबेडकर जयंती पर आयोजित संगोष्ठी में व्यक्त किए। माली ने कहा कि डॉ अंबेडकर बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। उनका राष्ट्र व समाज जीवन को अवदान अनुकरणीय है। कन्हैयालाल ने संविधान निर्माण में उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला। स्नेहलता गोस्वामी, मधु गोस्वामी व महावीर प्रसाद ने भी विचार व्यक्त किए। संगोष्ठी की अध्यक्षता सुशीला सोनी ने की। अंबेडकर की तस्वीर पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन से प्रारंभ हुई। इस संगोष्ठी में सर्वप्रथम कविता कंवर सरस्वती पालीवाल के निर्देशन में हुई भाषण, निबंध चार्ट प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली बालिकाओं को सम्मानित किया गया। मनीषा ओझा व मनीषा सोलंकी ने निर्णायक की भूमिका निभाई। मंच संचालन प्रकाशकुमार सिसोदिया ने किया। इस अवसर पर वीरमराम चौधरी, रमेशसिंह राजपुरोहित, रमेशकुमार वछेटा, गजेन्द्रसिंह, संजयकुमार समेत समस्त स्टाफ व बीएड प्रशिक्षु फरीन उपस्थित रही।



**देसूरी।** बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की जयंती पर विशेष पखवाड़े के तहत देसूरी भाजपा मंडल द्वारा समारोह का आयोजन किया गया। मंडल अध्यक्ष अशोकपुरी गोस्वामी के नेतृत्व में आयोजित कार्य म में बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। कार्यकर्ताओं द्वारा स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। कार्य म में मंडल अध्यक्ष गोस्वामी के साथ महामंत्री गणपत चौधरी, महेन्द्र लौगेशा, उपाध्यक्ष घीसूलाल सैन, मोतीलाल माली, कल्पेश वैष्णव, दुदापुरा सरपंच दौलत रायका, नरपत वाघेला, घनश्याम छीपा, मांगीलाल मेघवाल सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे। वक्ताओं ने बाबा साहब के जीवन, संविधान निर्माण में उनके योगदान और सामाजिक समरसता के प्रति उनके प्रयासों को याद किया।



## मेले से लौट रहे श्रद्धालुओं के लिए की पेयजल व्यवस्था

उधर जालोर चौराहा-सुमेरपुर पर मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने डॉ भीमराव अंबेडकर के सेवा सप्ताह के तहत गौतम ऋषि बाबा मेले से दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालुओं के लिए शीतल जल पिलाने का सेवा कार्य किया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने तेज धूप ओर गर्मी के चलते ठंडे पानी के केन रखकर अपने हाथों से जल सेवा कर आ रहे दर्शनार्थियों को राहत पहुंचाने का कार्य किया। काफी संख्या में लोगों ने इस चिलचिलाती धूप में पानी की व्यवस्था देख कर धन्यवाद दिया। कार्य' म में रविकांत रावल, महेंद्र माली, छगन सैन, दीपक भाटी, अमृत परिहार, इंदर राव, रमेश राखेचा, मुकेश मोदी, मांगीलाल सुथार, गौरव राजपुरोहित, उमाशंकर मूंदड़ा, अमरसिंह कोलीवाडा, महेश राठी, हिमांशु, लालाराम माली, मनोहरसिंह इन्दा, नारायणलाल बोराणा, अमृत गहलोत, गिरीश शर्मा, परबतसिंह आदि ने सेवाएं दी।




## कर्मचारी संगठन का राज्य स्तरीय सम्मेलन 18 को

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**खिंवाड़ा।** प्रदेश अनुसूचित जाति-जनजाति, पिछडी जाति अधिकारी कर्मचारी संयुक्त संगठन का राज्य स्तरीय सदभावना सम्मेलन शुक्रवार को बिडला ऑडिटोरियम जयपुर में होगा। संगठन के प्रदेश संगठन सचिव प्रकाश मेवाड़ा ने बताया की सम्मेलन में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष किशोर मकवाना, उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा होंगे। मुख्य वक्ता के रुप में अनुसूचित जाति-जनजाति संगठनों के अखिल भारतीय महासंघ के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव केपी चौधरी होंगे। विशिष्ट अतिथि के रुप में जनजाति मंत्री बाबूलाल खराडी, सामाजिक न्याय अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत, राजस्व मंत्री हेमंत मीणा, महिला बाल विकास मंत्री मंजू बाघमार, डूंगरपुर बांसवाड़ा सांसद राजकुमार रोत भाग लेंगे। सम्मेलन की अध्यक्षता संगठन के प्रदेशाध्यक्ष रामस्वरूप मीणा करेंगें।

## निःशुल्क इंग्लिश स्पोकन क्लासेज के पोस्टर का किया विमोचन



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सादड़ी।** बाली विधानसभा क्षेत्र कांग्रेस की ओर से आयोजित की जाने वाली फ्री इंग्लिश स्पोकन क्लासेज के पोस्टर का पाली में कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंदसिंह डोटासरा व नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने विमोचन किया। प्रदेशाध्यक्ष ने युवा कांग्रेस बाली विधानसभा क्षेत्र के अध्यक्ष राकेश सवनसा के कार्य की प्रशंसा की। इस दौरान पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष भैरुसिंह राजपुरोहित(सोनाणा) की ओर से दोनों अतिथियों का 21 किलो की माला पहनाकर स्वागत किया गया। राकेश सवनसा ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान पाली विधायक भीमराज भाटी, जिलाध्यक्ष अजीज दर्द, संगीता बेनीवाल, बद्रीराम जाखड़, प्रदेश सचिव डिम्पल राठौड़, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष देसूरी भैरुसिंह राजपुरोहित (सोनाणा) भी मौजूद थे।

## सेन जयंती मेला महोत्सव 24 से



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाली।** गोड़वाड़ मारू सेन समाज समिति बाली चौताला का दो दिवसीय वार्षिक सेन जयंती मेला महोत्सव 24 अप्रेल से आरंभ होगा। आयोजन की तैयारी को लेकर बैठक का आयोजन अध्यक्ष लालाराम गहलोत की अध्यक्षता में हुआ। गहलोत ने बैठक में बताया कि 24 अप्रैल को प्रातः कलश स्थापना की जाएगी। उसके बाद शाम को नगर के मुख्य मार्गो से शोभायात्रा निकाली जाएगी और शाम को भजन संध्या का आयोजन होगा। जिसमें जाने माने भजन कलाकार भाग लेंगे। प्रतिभावान सम्मान समारोह भी आयोजित किया जाएगा। दूसरे दिन 25 अप्रैल को समाज बंधुओं की बैठक होगी। जिसमें विभिन्न चढ़ावे बोले जाएंगे। महाप्रसादी का आयोजन होगा।

# कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष व नेता प्रतिपक्ष का किया स्वागत



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** पाली से जालोर जाते वक्त मंगलवार को कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा व नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली का कांग्रेस नेता व सुमेरपुर से विधायक प्रत्याशी रहे हरिशंकर मेवाड़ा के नेतृत्व में एनएच 62 पर जगह-जगह स्वागत किया गया। गुंदोज में मेवाड़ा एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी (पाली देहात) के ब्लॉक अध्यक्ष गणेशमल चौधरी के नेतृत्व में गाजे-बाजे के साथ कार्यकर्ताओं द्वारा प्रदेशाध्यक्ष डोटासरा व नेता प्रतिपक्ष जूली का माला व साफा पहनाकर स्वागत सम्मान किया गया। सांडेराव पुलिया पर मेवाड़ा सहित कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष नेपालसिंह पावा के नेतृत्व में 21 किलो का हार पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान दोनों नेता सभी कार्यकर्ताओं से आत्मीयता से मिले। उनका अभिवादन स्वीकार किया।

इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद.. जिंदाबाद के नारे लगाए। कार्यकर्ताओं के जोश को देखते हुए प्रदेशाध्यक्ष डोटासरा ने कहा कि यह जोश हमेशा ऐसे ही बनाएं रखें, ताकि आगामी चुनाव में परिणाम हमारे पक्ष में नजर आए। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष जूली ने संगठन को मजबूती प्रदान करते हुए कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस मौके पर पाली से सांसद प्रत्याशी रही संगीता बेनीवाल, पूर्व सरपंच दोलपुरा मनाराम चौधरी, जिला कांग्रेस सचिव मुकेश बारोलिया, भक्ताराम देवासी, जेठूसिंह राजपुरोहित, इंद्रसिंह राजपूरोहित, बाबूभाई आकेली, भैरू लापोद, प्रमोद बारोलिया, उप सरपंच मानसिंह रामनगर, ब्लॉक महासचिव अचलाराम मेघवाल, ब्लॉक सचिव दौलतराम, जसवंत भारद्वाज, पूर्व पार्षद शैतानकुमार, कमलेश चौहान, दयाराम मीणा, सुरेश मेघवाल, प्रमोद दिनकर, वजीर खां, जरावीदेवी, कैलाश गोयल, शैतानकुमार, नासिर खान, अल्केश परिहार, सुरेश भार्गव, गोपीलाल भाटी, मनोहर परमार, महिपाल मारू कोलीवाड़ा समेत ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पाली देहात पदाधिकारी, युवा कांग्रेस, एनएसयुआइ, महिला पदाधिकारी सहित विभिन्न अग्रिम संगठनों के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।

## जवालेश्वर महादेव मंदिर में बनेगा भव्य गेट

सोनी परिवार की पहल पर हुआ भूमि पूजन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाली।** जवालेश्वर महादेव मंदिर परिसर में एक नए भव्य गेट का निर्माण होगा। देवेंद्र सोनी की प्रेरणा से इस गेट का भूमि पूजन सोमवार सुबह 10 बजे संपन्न हुआ।



वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हुए इस कार्य' म में देवेंद्र सोनी के पुत्र गणपत सोनी ने बंटी महाराज और अशोक कुमार के मार्गदर्शन में पूजन किया। कार्य' म में सोनी परिवार के देवेंद्र सोनी, उनकी पत्नी कविता सोनी, पुत्र गणपत सोनी, मोहित सोनी और योगिता सोनी ने हिस्सा लिया। जवाली में यह दूसरा गेट होगा। इस अवसर पर ठा योगेंद्रसिंह, भीमसिंह, पूनमसिंह, गमनाराम, उत्तम जैन, मगराज जैन, मुलवन, देवेंद्र जैन, नारायणसिंह राजपुरोहित समेत कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। ग्रामवासियों ने भामाशाह परिवार का सम्मान करते हुए उनका आभार व्यक्त किया। शिव समिति जवाली ने सोनी परिवार के इस कार्य को अनुकरणीय बताया और कहा कि यह अन्य भामाशाहों को भी प्रेरित करेगा।



## खिवांदी स्कूल में भेंट किया कम्प्यूटर सैट



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खिवान्दी में अपने माता-पिता की स्मृति में मंगलवार को भामाशाह द्वारा कंप्यूटर सेट भेंट किया गया। प्रधानाचार्य ने बताया कि विद्यालय में कंप्यूटर सेट की आवश्यकता थी। भामाशाह मोहनलाल पुत्र छोगाजी प्रजापत खिवान्दी की ओर से कंप्यूटर सेट विद्यालय परिवार को भेंट किया गया। विद्यालय परिवार ने भामाशाह का स्वागत किया। इस मौके पर प्रजापत समाज के मोहनलाल, बाबूलाल, मंसाराम, डूंगाराम समेत समस्त अध्यापक मौजूद रहे।

# जिला कलक्टर ने वितरित किए 1111 परिंडे

जागरूक टाइम्स संवाददाता




**पाली।** जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे परिंडा अभियान को भामाशाहों और समाजसेवी संस्थाओं का भरपूर सहयोग मिल रहा है। इस अभियान के तहत जिले में पक्षियों के लिए परिंडे लगाए जा रहे हैं ताकि उन्हें गर्मी के मौसम में पानी मिल सके। जिला कलक्टर एल एन मंत्री ने जांगिड़ नवयुवक मंडल समिति के सहयोग से जवाली ग्राम पंचायत में 1111 परिंडों के वितरण का शुभारंभ किया। परिंडा अभियान के जिला संयोजक सोहनलाल भाटी ने बताया कि जांगिड़ नवयुवक मंडल समिति द्वारा जवाली ग्राम पंचायत में 1111 परिंडे वितरित किए गए। सज्जन राज धरोलिया समाजसेवी ने 500 परिंडे जिला प्रशासन को सुपुर्द किए। जिला कलेक्टर एलएन मंत्री ने अपील की कि अभियान के तहत जिले में एक लाख परिंडे आसानी से लगाए जा सकते हैं। जांगिड़ नवयुवक विकास समिति जवाली के युवा अध्यक्ष गुलाब जांगिड़ लुंजा और अन्य सदस्यों ने इस अभियान में स ि य भूमिका निभाई है। इस अवसर पर महेन्द्र बोहरा, अर्जुन मेहता, विकास बुबकीय, सज्जन धरोलिया एवं जांगिड़ नवयुवक विकास समिति जवाली के युवा अध्यक्ष गुलाब जांगिड़ लुंजा, सचिव कृष्णकुमार सांड, कोषाध्यक्ष नरेश गोठरीवाल, उपाध्यक्ष तेजाराम जोहड़, उपसचिव महेश वानेचा, महेंद्र वाणेचा, चंपालाल लुंजा, प्रवीण रालडिया, प्रवीण लाडवा, विनोद डिंगोरिया, अमित उमरानिया, रामचन्द्र पिड़वा, ललित शर्मा, श्रवण सांड, महिपाल शर्मा, राजेंद्र वानेचा मौजूद रहे।



## हीट वेव को लेकर कंट्रोल रूम स्थापित, प्रभारी नियुक्त

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** हीट वेव व लू-तापघात संबंधी सूचनाओं के लिए जिला स्तर पर कलक्ट्रेट के 126 नंबर कक्ष में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। एडीएम डॉ बजरंगसिंह ने बताया कि जिला स्तरीय कंट्रोल रूम में नियुक्त समस्त अधिकारी/कार्मिक 10 अप्रैल से पूर्व में स्थापित कन्ट्रोल रूम के कार्य के साथ हीट वेव (लू-तापघात) संबंधित समस्त सूचनाओं का संकलन करेंगे। नियंत्रण कक्ष प्रभारी रामदयाल राठौड़ मुख्य आयोजना अधिकारी पाली रहेंगे। जिनके मोबाइल नंबर 90010-91172 एवं नियंत्रण कक्ष के नंबर 02932-225380 है।

## जन्मदिन पर भामाशाह ने डलवाया सूखा चारा

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** जाखानगर स्थित कामधेनु पुत्र छत्तीस कौम नंदी शाला में भामाशाह रवि अग्रवाल पुत्र सत्यनारायण अग्रवाल के जन्मदिन पर चारे के गोदाम में प्रथम चारे की ट्रॉली खाली करवा कर शुभारम्भ किया गया। अग्रवाल की ओर से नंदीशाला में 5.25 लाख की लागत से चारा गोदाम का निर्माण कराया था। अन्य भामाशाहों ने भी सूखे चारे में सहयोग प्रदान किया। समिति द्वारा सभी का स्वागत किया गया। इस मौके पर नंदी शाला अध्यक्ष किशोर भाटी, उपाध्यक्ष लालचंद अग्रवाल, रूपाराम माली, सचिव राजेश जोशी, कोषाध्यक्ष प्रकाश अग्रवाल, शांतिलाल देवड़ा, भामाशाह रमेश राठौड़, वीनू पटेल, उमेश अग्रवाल, श्रवण अग्रवाल, जसवंतसिंह, अशोक गहलोत आदि मौजूद रहे।



# जीत को बेताब राजस्थान



## फिर जीत की राह पर लौटना चाहेगी दिल्ली



**नई दिल्ली।** आईपीएल 2025 की शानदार शुरूआत के बाद पहली हार झेलने वाली दिल्ली कैपिटल्स राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ बुधवार को फिर जीत की राह पर लौटने के इरादे से उतरेगी। लगातार चार मैच जीतने के बाद अक्षर पटेल की कप्तानी वाली दिल्ली टीम को रविवार को अरुण जेटली स्टेडियम पर मुंबई इंडियंस ने हराया। इस हार के बाद दिल्ली शीर्ष स्थान से खिसककर दूसरे स्थान पर पहुंच गई। दूसरी ओर राजस्थान रॉयल्स छह में से सिर्फ दो मैच जीतकर आठवें स्थान पर है। संजू सैमसन की कप्तानी वाली टीम अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रही है। मुंबई इंडियंस के खिलाफ दिल्ली के लिए घरेलू क्रिकेट के दिग्गज करुण नायर ने पदार्पण करते हुए 40 गेंद में 89 रन बनाए। एक समय दिल्ली का स्कोर 11वें ओवर में एक विकेट पर 119 रन था, लेकिन 74 रन के भीतर आखिरी नौ विकेट गंवा दिए। उसके तीन बल्लेबाज 19वें ओवर की आखिरी तीन गेंदों पर रन आउट हुए और 12 रन से पराजय का सामना करना पड़ा। दिल्ली के पास इस हार का दुख मनाने का समय नहीं था, क्योंकि दो दिन के भीतर ही उसे रॉयल्स के खिलाफ खेलना है।


### नायर की जगह टीम में पक्की

दिल्ली के लिए एक बार फिर सफलता की कुंजी स्पिनर साबित हो सकते हैं। पिछले मैच में हार के बावजूद कुलदीप यादव और विपराज निगम ने शानदार प्रदर्शन किया। हालांकि, अक्षर प्रभावित नहीं कर सके हैं और छह मैचों में 14 ओवर डालकर भी उन्हें विकेट नहीं मिली है। उन्होंने 10 से अधिक की दर से प्रति ओवर रन दिये हैं। जैक फ्रेजर मैकगर्क लय में नहीं हैं और अभी तक सिर्फ 46 रन बनाये हैं। फाफ डुप्लेसी चोट के कारण बाहर है और नायर की जगह टीम में पक्की लग रही है। मध्यक्रम में केएल राहुल पर दारोमदार है। उनके साथ ट्रिस्टन स्टब्स, आशुतोष शर्मा और निगम हैं। वहीं रॉयल्स की प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव है। यशस्वी जायसवाल आरसीबी के खिलाफ अर्धशतक बना सके हैं। कप्तान सैमसन अभी तक एक भी अच्छी पारी नहीं खेल पाए, जबकि रियान पराग और ध्रुव जुरेल का बल्ला भी खामोश है।

**दिल्ली कैपिटल्स:** अक्षर पटेल (कप्तान), केएल राहुल (विकेटकीपर), जेक फ्रेजर-मैकगुर्क, करुण नायर, फाफ डु प्लेसी, डोनोवन फरेरा, अभिषेक पोरेल (विकेटकीपर), ट्रिस्टन स्टब्स (विकेटकीपर), समीर रिजवी, आशुतोष शर्मा, दर्शन नालकंडे, विप्रज निगम, अजय मंडल, मनवंत कुमार, त्रिपुराना विजय, माधव तिवारी, मिशेल स्टार्क, टी नटराजन, मोहित शर्मा, मुकेश कुमार, दुष्मंता चामीरा, कुलदीप यादव।

**राजस्थान रॉयल्स:** संजू सैमसन (कप्तान), रियान पराग, शुभम दुबे, वैभव सूर्यवंशी, कुणाल राठौड़, शिमरोन हेटमायर, यशस्वी जायसवाल, ध्रुव जुरेल, नितीश राणा, युद्धवीर सिंह, जोफ्रा आर्चर, महेश थीक्षाना, वानिंदु हसरंगा, आकाश मधवाल, कुमार कार्तिकेय सिंह, तुषार देशपांडे, फजलहक फारूकी, क्वेना मफाका, अशोक शर्मा, संदीप शर्मा।

# अच्छे प्रदर्शन का श्रेयस अय्यर को मिला इनाम



## आईसीसी पुरुष प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड से होंगे सम्मानित

**नई दिल्ली।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज श्रेयस अय्यर को बड़ा तोहफा दिया है। श्रेयस अय्यर ने पिछले महीने टीम इंडिया को चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जिताने में अहम भूमिका निभाई थी। वह भारत की ओर से सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे थे। इस शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें आईसीसी ने इनाम दिया है। श्रेयस अय्यर ने न्यूजीलैंड के जैकब डफी और रचिन रवींद्र को पछाड़कर मार्च 2025 के लिए आईसीसी पुरुष प्लेयर ऑफ द मंथ का अवॉर्ड अपने नाम कर लिया है। उन्होंने भारत की चैंपियंस ट्रॉफी जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। भारत ने लगातार दूसरी बार ये अवॉर्ड जीता है। इससे पहले फरवरी में शुभमन गिल प्लेयर ऑफ द मंथ चुने गए थे। वहीं, श्रेयस अय्यर ने दूसरी बार ये अवॉर्ड जीता है। इससे पहले भारत की तरफ से शुभमन गिल और जसप्रीत बुमराह ही इस अवॉर्ड को 2 या उससे ज्यादा बार जीत चुके हैं। प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड जीतने पर अय्यर ने कहा, 'मार्च के लिए आईसीसी मेन्स प्लेयर ऑफ द मंथ चुने जाने पर मैं वास्तव में सम्मानित महसूस कर रहा हूं। यह सम्मान अविश्वसनीय रूप से खास है, खासकर उस महीने में जब हमने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीती, एक ऐसा क्षण जिसे मैं हमेशा संजो कर रखूंगा।' इतने बड़े मंच पर भारत की सफलता में योगदान देना हर क्रिकेटर का सपना होता है।

### मार्च महीने में कैसा रहा प्रदर्शन?

- श्रेयस अय्यर मार्च महीने में कुल 3 वनडे मैच खेले और 57.33 की औसत से 172 रन बनाए। इस दौरान उन्हें ग्रुप ए के एक मैच में न्यूजीलैंड के खिलाफ 79 रन, सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 4 5 रन बनाए और फाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ 48 रन बनाकर भारत को चैंपियन बनाया।



# धोनी ने 6 साल बाद जीता 'प्लेयर ऑफ द मैच'

## लेग स्पिनर प्रवीण तांबे का तोड़ा रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ मैच फिनिशर की भूमिका बखूबी निभाई। धोनी ने एलएसजी के खिलाफ 11 गेंदों में नाबाद 26 रन की पारी में चार चौके और एक छक्का लगाया। इस तरह 14 अप्रैल को हुए आईपीएल सीजन में उनको 'प्लेयर ऑफ द मैच' (पीओटीएम) चुना गया। हालांकि वह यह अवॉर्ड लेने के बाद हैरान दिखे। उन्होंने कहा कि यह पुरस्कार नूर अहमद को मिलना चाहिए थे, उन्होंने कोई विकेट तो नहीं लिया, लेकिन अपने चार ओवर के कोटे में महज 13 रन दिए। धोनी ने इस मैच के बाद लेग स्पिनर प्रवीण तांबे का एक आईपीएल रिकॉर्ड तोड़ दिया। तांबे आईपीएल इतिहास में 'प्लेयर ऑफ द मैच' पुरस्कार पाने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी थे। धोनी ने 43 साल और 281 दिन की उम्र में यह खताब जीता। वहीं तांबे ने उम्र 43 साल और 60 दिन की उम्र में यह खिताब जीता। वहीं ताबें ने तब दिग्गज शेन वॉर्न (41 साल और 223 दिन) का रिकॉर्ड तोड़ा था। धोनी ने 2019 के बाद इस खिताब को आईपीएल में अपने नाम किया। धोनी ने मैच के बाद कहा- मैं यही सोच रहा था, वे मुझे अवॉर्ड (प्लेयर ऑफ द मैच) क्यों दे रहे हैं। नूर ने वास्तव में अच्छी गेंदबाजी की थी। धोनी ने कहा- मैचच जीतना अच्छा है, जब आप इस तरह का टूर्नामेंट खेलते हैं, तो आप मैच जीतना चाहते हैं। दुर्भाग्य से पहले मैच किसी भी कारण से हमारे पक्ष में नहीं गए। इसके कई कारण हो सकते हैं, लेकिन अब हमारे पक्ष में जीत होना अच्छा है। इससे पूरी टीम को आत्मविश्वास मिलता है और हमें उन क्षेत्रों में सुधार करने में मदद मिलती है।



# रोहित बल्लेबाजी में निचले क्रम में उतरें

## भारतीय महिला टीम की पूर्व कप्तान की सलाह

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला टीम की पूर्व कप्तान अंजुम चोपड़ा का मानना है कि रोहित शर्मा के खराब फॉर्म के कारण मुंबई इंडियंस टीम आईपीएल के मौजूदा सत्र में लय नहीं पकड़ सकी है। मुंबई के पूर्व कप्तान रोहित अब इस सत्र में हार्दिक पंड्या की कप्तानी वाली टीम में इंपैक्ट खिलाड़ी के रूप में ही खेल रहे हैं । उन्होंने पांच मैचों में 0, 8 , 13 , 17 और 18 स्कोर किया है। मुंबई ने रविवार को दिल्ली कैपिटल्स को 12 रन से हराया और टीम चार हार और दो जीत के साथ सातवें स्थान पर है । अंजुम ने कहा , 'आप खराब फॉर्म में हो सकते हैं। यह कोई अपराध नहीं है। लेकिन इससे टीम को



मदद नहीं मिल रही। इससे मुंबई को वह शुरुआत नहीं मिल सकी जो मिलनी चाहिए थी।' उन्होंने कहा , 'उनके पास विकल्प हैं। रोहित को बल्लेबाजी क्रम में नीचे भेज सकते हैं। ऐसा नहीं है कि रोहित शर्मा फॉर्म में नहीं हैं , कई बार आपको टूर्नामेंट में अच्छी शुरूआत नहीं मिल पाती जिससे बतौर बल्लेबाज या बतौर खिलाड़ी आप पर असर पड़ता है।' 'खेल में यह होता है। हम टूर्नामेंट देख रहे हैं, आईपीएल हो या विश्व कप। लेकिन मुझे बताइए कि विश्व कप में क्या आप नहीं चाहेंगे कि आपका सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज फॉर्म में हो। इस तरह के प्रदर्शन में काफी ऊर्जा की जरूरत होती है।'

# म नो रं ज न



## 'कई बार फिल्म देखा पर यह सीन नहीं देखा'




अर्जुन कपूर और उनकी सौतेली मां श्रीदेवी के रिश्ते कभी सामान्य नहीं रहे। लेकिन एक वक्त ऐसा भी था जब एक्टर उस समय की महिला सुपरस्टार की फिल्म देखे बिना खाना नहीं खाते थे। अर्जुन ने खुद इस बारे में बताया है। एक्टर के लिए श्रीदेवी और अनिल कपूर स्टारर फिल्म मिस्टर इंडिया उनके दिल का एक टुकड़ा है। उनका बचपन है जो उसी फिल्म को बार-बार देखने के बाद बीता है। ये वो समय था जब श्रीदेवी उनकी सौतेली मां नहीं बल्कि एक सुपरस्टार थीं। अर्जुन ने उस समय के वीएफएक्स, एडिट्स की भी तारीफ की। अर्जुन ने कहा, "मुझे नहीं पता कि उन्होंने क्या किया और कैसे किया। मुझे लगता है, तब सबसे अच्छी फिल्म बनाने के लिए धैर्य था। इसने उन्हें कुछ आरएंडडी और टेस्ट और गलती करने का समय दिया। यह उस समय की बहुत महंगी फिल्म थी। मेरे पिता ने मुझे बताया कि उन्होंने मोगैम्बो का अड्डा दिखाने के लिए आरके स्टूडियो की 3 मंजिलें बुक की थीं।" अर्जुन ने आगे कहा, "मैंने मिस्टर इंडिया वीएचएस पर देख, देखकर वीएचएस प्लेयर खराब कर दिया। मैं उस फिल्म को देखे बिना खाना नहीं खाता था। मैं ऐसा महसूस करता था कि अनिल चाचू ही मिस्टर इंडिया हैं और वो गायब हो जाते हैं।" एक्टर ने बताया कि मिस्टर इंडिया में जब छोटी बच्ची टीना की डेथ होती है वो सीन आज तक पूरा नहीं देख पाए। वो हमेशा उस सीन को फॉरवर्ड करके फिल्म देखा करते थे। उन्होंने कहा, "मैं वो सीन नहीं देख पाता। मैं हमेशा उसे फास्ट-फॉरवर्ड कर देता हूं।

## 'फैशन वीक' में दिखी खूबसूरती

बॉम्बे टाइम्स फैशन वीक' 2025 के आख़िरी दिन फिल्म एक्ट्रेस ख़ुशी कपूर रैम्प पर लाल रंग का मरमेड कट वाला लहंगा पहनकर पहुंची। इस आउटफिट में सीक्विन, थ्रेडवर्क और महीन एम्ब्रॉयडरी के जरिए गुलाब की बनावट जैसा टेक्सचर तैयार किया गया था। साथ ही इसके ऑफ-शोल्डर ब्लाउज़ में मोतियों से सजी झुमती टसल्स थीं। उनका केप-स्टाइल दुपट्टे का ड्रेप, पूरे लुक को मॉडर्न रॉयल्टी का टच दे रहा था। इस लहंगे में उनका फिगर खूबसूरती से उभर रहा था। खुशी ने अपने लुक को ट्रेडिशनल कुंदन चोकर सेट और मैचिंग ईयररिंग्स के साथ एक्सेसराइज किया था। वहीं उनके बालों को सेंटर पार्टिंग के साथ स्लीक लो बन में स्टाइल किया गया, जो पूरे लुक को एलिगेंस और रॉयल चार्म से भर रहा था। वहीं एक्ट्रेस सनी लियोनी ने डिजाइनर निया शर्मा के लिए रैंप वॉक की। इस दौरान उन्होंने बेहद खूबसूरत गाउन पहना था। हिना खान फैशन की शो स्टॉपर बनीं।

## बिग बी को फोलोअर्स बढ़ाने मिले ट्रिप्स




सदी के महायानक अमिताभ बच्चन सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपने ट्वीट को लेकर हमेशा चर्चा में रहते हैं। पर पिछले दिनों उन्होंने इस बात को लेकर चिंता जताई थी कि उनके फोलोअर्स नहीं बढ़ रहे हैं। फिर क्या था। उनके करोड़ों फोलोअर्स उन्हें सलाह देने लगे। अलग-अलग तरकीबें बताने लगे। पर अब अमिताभ बच्चन ने कहा कि उनको इतनी सलाह दी गई, लेकिन कोई भी काम नहीं आया है। अमिताभ बच्चन ने ट्वीट किया, "धन्यवाद उन सबका, जिन्होंने मदद के कई एग्जांपल बताए, की फोलोअर्स कैसे बढ़ा सकते हैं। क्षमा चाहता हूं- एक भी काम नहीं आया।" बिग बी की इस ट्वीट पर फैंस लगातार रिएक्ट कर रहे हैं। कुछ ही घंटे में पोस्ट पर साढ़े 3 हजार से ज्यादा लाइक्स आ चुके हैं और करीब 700 लोगों ने इस पर कमेंट किया है। एक शख्स ने एक्स के आई ग्रोक से कहा, "ग्रोक अमित सर की इस समस्या का समाधान निकालिए वे बहुत परेशान हैं। इस पर ग्रोक ने जवाब दिया, "अमित सर की परेशानी का समाधान निकालने की कोशिश करते हैं। उनके जैसे बड़े सितारे के लिए फॉलोअर्स बढ़ाना मजाक लगता है, लेकिन कुछ सामान्य सुझाव हैं। पहला, ट्रेंडिंग टॉपिक्स पर ट्वीट करें, जैसे फिल्मी गपशप या मजेदार मीम्स। दूसरा, नियमित और रोचक कंटेंट शेयर करें, जैसे पुरानी फिल्मों की कहानियां। तीसरा, फैंस से सीधे बात करें, जैसे वो पहले करते हैं। उनकी हंसी-मजाक वाली पोस्ट तो पहले ही हिट हैं। असल में, उनके फॉलोअर्स तो उनके स्टारडम और सच्चाई से ही बढ़ते हैं। बस, थोड़ा और मस्ती करते रहें, सर।"

## सरकारी अभियान का हिस्सा तमन्ना



तमन्ना भाटिया की फिल्म 'ओडेला 2' सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। इसी को लेकर तमन्ना भाटिया सुर्खियों में हैं। उनकी ये फिल्म तेलुगु भाषा में रिलीज होगी। तमन्ना भाटिया ने साउथ की फिल्मों में काम करने के अलावा कई हिंदी फिल्मों जैसे 'बबली बाउंसर', 'एंटरटेनमेंट', 'हिम्मतवाला' और 'वेदा' में काम किया है। तमन्ना ने फिल्मों के अलावा कई टीवी सीरीज में भी काम किया है। साउथ और बॉलीवुड की बेहतरीन अभिनेत्री कई नेशनल और इंटरनेशनल प्रोडक्ट की ब्रांड एंबेसडर हैं। कई ब्रांड के लिए वह मॉडलिंग भी करती हैं। इससे उनकी अच्छी खासी कमाई होती है। वह कोल्ड ड्रिंक, साबुन, टीवी चैनल, ज्वैलरी और ब्यूटी प्रोडक्ट की ब्रांड एंबेसडर रह चुकी हैं। तमन्ना भाटिया सामाजिक कार्यों में भी हिस्सा लेती हैं। वह साल 2016 में भारत सरकार के अभियान 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' का हिस्सा बनीं। वह इस अभियान की ब्रांड एंबेसडर हैं। इससे पहले तमन्ना भाटिया ने सामाजिक कारणों से इसका समर्थन किया था। इस अभियान का मकसद लड़कियों के कल्याण, शिक्षा और सशक्तिकरण पर ध्यान देना है। कई प्रतिभाओं की धनी तमन्ना भाटिया किताब 'बैक टू द रूट्स' की लेखिका हैं। यह किताब सेहत पर आधारित है। तमन्ना ने इस किताब को 31 अगस्त 2021 को लॉन्च किया था।

## दिल्ली की सीएम ने देखी केसरी 2




जलियांवाला बाग नरसंहार पर बनी अक्षय कुमार की फिल्म केसरी चैप्टर 2: द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ जलियांवाला बाग सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। इससे पहले दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने अक्षय कुमार और आर माधवन की इस फिल्म को देख लिया। सीएम रेखा गुप्ता के अलावा कई नेताओं ने रिलीज से पहले केसरी 2 देखी। इतिहास की सबसे क्रूर घटना जलियांवाला बाग नरसंहार पर अक्षय कुमार की यह फिल्म बनी है। फिल्म में एक्टर वकील सी. शंकरन नायर के किरदार में नजर आएंगे। फिल्म को लेकर कहा जा रहा है कि इसके जरिए जलियांवाला कांड से जुड़ी अनसुनी कहानी देखने को मिलेगी। फिल्म की रिलीज से पहले 15 अप्रैल को अक्षय कुमार और आर माधवन दिल्ली पहुंचे। चाणक्यपुरी के एक थिएटर में फिल्म की स्पेशल स्क्रीनिंग रखी गईं। दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता, केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी, बीजेपी सांसद बांसुरी स्वराज और अनुराग ठाकुर समेत कई नेता फिल्म देखे । सीएम रेखा गुप्ता ने बताया कि, "यह एक बहुत ही शानदार फिल्म है, मैंने इसका थोड़ा सा हिस्सा देखा है, लेकिन मैं इसे पूरा देखना चाहूंगी। मैं अक्सर कहती हूं कि हमें अपने देश, अपनी मातृभूमि के लिए मरने का मौका कभी नहीं मिलेगा, इसलिए हम केवल यही कर सकते हैं कि अपने देश के लिए जीना शुरू करें।" उन्होंने कहा कि इस मूवी ने रोंगटे खड़े कर दिए कि कैसे जलियांवाला बाग में उस दिन खूनी बैसाखी मनाई गई।



# लगन, निष्ठा और समय पर आमजन को योजनाओं के जरिए लाभ मिले: कलक्टर

## साप्ताहिक समीक्षा बैठक में की चर्चा

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** जिला कलक्टर प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई। कलक्टर ने अधीनस्थ अधिकारियों से कहा कि आमजन को राहत प्रदान करें। इसके लिए लगन, निष्ठा और तय समय में योजनाओं का क्रियान्वयन करें। बैठक में कलक्टरे ने बजट घोषणा वर्ष 2025-26 एवं बजट घोषणा वर्ष 2024-25 की ि यान्वयन प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि संबंधित विभागीय अधिकारी बजट घोषणाओं क्रियान्वयन के साथ प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित करते हुए निर्धारित समय सीमा में कार्यों को पूर्ण करें।



### पानी का माकूल इंतजाम हो

कलक्टर ने गर्मी के मौसम को देखते हुए क्षेत्र में सुचारू पेयजल, विद्युत एवं चिकित्सा व्यवस्था बनाएं रखने के लिए निर्देशित किया। इस अवसर पर जिला परिषद की अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी चिदंबरा परमार, पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. गिरधर सिंह सोढा, जिला रसद अधिकारी आलोक झरवाल, आरसीएचओ डॉ. राजकुमार सहित अधिकारी-कार्मिक उपस्थित रहे।

### इन योजनाओं पर फोकस

बैठक में जिला कलक्टर ने बजट घोषणा वर्ष 2025-26 के तहत जालोर शहर में रिंग रोड निर्माण कार्य, सरनाऊ में नवीन औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना, केशवना-जालोर में घुमंतु-अर्द्धघुमंतु समुदाय के बच्चों के लिए छात्रावास निर्माण सहित विभिन्न बजट घोषणाओं के संबंध में बिंदुवार चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत अधिक से अधिक पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करने की बात कही। कलक्टर ने स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग, शिक्षा विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, युवा एवं खेल मामले विभाग, पशुपालन विभाग सहित विभिन्न विभागों की बजट घोषणाओं को तय समय सीमा में पूर्ण करने के भी निर्देश दिए।

# जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक संपन्न



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** जल जीवन मिशन के तहत जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की 34 वीं बैठक जिला कलक्टर प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में कलक्टर ने ओटीएमपी एवं नर्मदा पेयजल परियोजना के प्रोजेक्ट का रिव्यू कर नर्मदा परियोजना के अधीक्षण अभियंता लिच्छूराम चौधरी को लक्ष्यानुसार अधिकतम मासिक नल कनेक्शन जोड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने एफआर एवं ईआर कलस्टर के संवेदकों से प्रगतिरत उच्च जलाशय के निर्माण में लग रहे समय को कम करने के लिए टीम वर्क बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पाइपलाईनों की समय पर टेस्टिंग का कार्य प्राथमिकता से पूर्ण कर पेयजल सप्लाई सुचारू करें ताकि अधिकतम नल कनेक्शन जोड़े जा सके एवं ग्रामीण सड़कों की रिपेयरिंग का कार्य भी पूर्ण हो सकें।

### करीब सवा तीन लाख नल कनेक्शन प्रस्तावित

डीडब्ल्यूएसएम के सदस्य सचिव पीएचइडी के अधीक्षण अभियंता, वृत जालोर संजय शर्मा ने पूर्व बैठक की पालना रिपोर्ट की जानकारी देते हुए जल जीवन मिशन की प्रगति रिपोर्ट पीपीटी में प्रस्तुत कर बताया कि जिले में नर्मदा परियोजना के डीआर, ईआर, एफआर, सीलू-जैसला-भाटकी तथा ओटीएमपी योजनाओं के अंतर्गत जिले के 793 गांवों के घरों में कुल 3,17,283 नल कनेक्शन दिए जाने प्रस्तावित हैं, इसमें वृहद परियोजना अंतर्गत 3,03,982 लक्ष्य की तुलना में 1,32,809 तथा ओटीएमपी योजनाओं अंतर्गत 13,301 लक्ष्य की तुलना में 11,890 तक नल कनेक्शन जोड़े जा चुके है।

### बेहतर मॉनिटरिंग हो, शिकायतों का समाधान हो

बैठक में नर्मदा के अधीक्षण अभियंता लिच्छूराम चौधरी को बेहतर मोनिटरिंग करने के लिए निर्देशित देते हुए कहा कि संवेदक कंपनियों से आगामी मासिक प्लान तैयार करवाकर तद्नुसार कार्य पूर्ण कराएं ताकि जन समुदाय की शिकायतों का समाधान किया जा सकें। जिला कलक्टर ने डीआई पाइप की जानकारी लेकर संवेदकों को निर्देशित किया कि एफआर कलस्टर में 36 उच्च जलाशयों को अभी तक शुरू ही नहीं किया है, वहां संवेदक श्रमिकों की संख्या बढ़ाकर कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें। नर्मदा के अधीक्षण अभियंता द्वारा जिले में दो स्थानों पर विद्युत हाईटेंशन लाईन हटाने की जानकारी देने पर जिला कलक्टर ने डिस्कॉम के अधिशासी अभियंता एन.एल. सुथार को शीघ्र विद्युत हाईटेंशन लाईन हटाने के निर्देश दिए।

### बैठक में यह थे मौजूद

बैठक में अति. मुख्य कार्यकारी अधिकारी चिदम्बरा, वन विभाग से भंवरसिंह, शिक्षा विभाग से नवीश माथुर, कृषि विस्तार विभाग से रामलाल जाट, भू-जल विभाग से गणपतलाल, अधिशासी अभियंता व तकनीकी सहायक जितेन्द्र त्रिवेदी, अधिशासी अभियंता परियोजना खण्ड भीनमाल बलवीर सैनी, अधिशासी अभियंता एवं त.स. परियोजना दिलीप गोपलानी, जिला सलाहकार डीएसयू दीपक कुमार, आईएसए से कैलाश शर्मा, टीपीआई जेजेएम से बी.एस.यादव तथा पीएचईडी परियोजना के संवेदक एसपी यादव, एलएन यादव इत्यादि उपस्थित रहे।

# सड़क खस्ता हाल, ग्रामीण परेशान, विभाग की अनदेखी



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुड़तलासिली।** थूर चौराहे से थूर गांव जाने वाला 4 किलोमीटर सड़क मार्ग क्षतिग्रस्त व जर्जर हालत में है राहगीरों आवागमन में खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया रात्रि के समय दुपहिया वाहन व आवागमन साधनों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई बार दुपहिया वाहन रात्रि के समय गड्ढों की वजह से फिसलने से चालक चोटिल हो चुके है। सार्वजनिक विभाग की अनदेखी के चलते ये हालात उपजे है।

# गांव को नशामुक्त बनाने का किया संकल्प



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भीनमाल।** जिला पुलिस अधीक्षक ज्ञानचंद्र यादव द्वारा जिले को नशा मुक्त बनाने के लिए संचालित अभियान का असर व प्रभाव विभिन्न समाजों के बाद 36 कॉम पर दिनों दिन बढ़ता जा रहा है। जिसकी हर वर्ग सराहना ओर अभियान की प्रशंसा के साथ गांव के गांव जुड़ने शुरू हो गए हैं। सोमवार निकटवर्ती नोहरा गांव में 36 कॉम की बैठक आयोजित हुई। जिसमे पुलिस की ओर से संचालित अभियान की तारीफ करते हुए गांव की प्रगति के लिए नशा मुक्त बनाने का संकल्प लिया। इस दौरान ग्रामीणों द्वारा सामूहिक रूप से शादी समारोह में शराब व मृत्यु भोज के दौरान अफीम, डोडा पोस्त ओर बीडी सिगरेट का उपयोग नहीं करने का निर्णय लिया।बैठक में यदि गांव का कोई व्यक्ति इसका उपयोग करता है तो ऐसे कार्यक्रम में भाग नहीं लेने का निर्णय लिया। बैठक में गांव के आम चौक या अन्य सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने पर उसकी सूचना समस्त ग्रामीणों द्वारा पुलिस प्रशासन को देकर कानूनी कार्रवाई की मांग का निर्णय लिया गया है। ज्ञात रहे कि पुलिस अधीक्षक ज्ञानचंद्र यादव द्वारा जिले को नशा मुक्त बनाने के लिए पिछले करीब एक वर्ष से लगातार अभियान चला कर आमजन में जागरूकता लाने की कोशिश के तहत विभिन्न समाजों व मठ मंदिरों के संत महात्माओं द्वारा स्वयं के स्तर पर निर्णय लेकर आमजन से आगे आने की अपील की जा रही है।

### सुथार समाज की बैठक

# अफीम-डोडा बंद करने का लिया निर्णय

## डीजे और शादी कार्ड पर पाबंदी



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भीनमाल।** विश्वकर्मा मंदिर में रामसीन में सुथार समाज की बैठक मंगलवार को आयोजित की गई। बैठक में नशा मुक्त समाज अभियान के तहत कई अहम निर्णय लिए गए। मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष मूलाराम देवड़ा की उपस्थिति में हुई बैठक में समाज के वरिष्ठ जन और बुजुर्ग शामिल हुए। बैठक में सर्वसम्मति से तय किया गया कि समाज के सभी कार्य मों में अफीम,डोडा और अन्य मादक पदार्थों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। यह प्रतिबंध सगाई, शादी, मृत्यु भोज, जागरण जैसे सभी सामाजिक और पारिवारिक आयोजनों में लागू होगा।समाज शादी-विवाह को लेकर भी कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लिए। अब शादी के कार्ड छपवाने पर रोक रहेगी। लोग मोबाइल पर निमंत्रण भेज सकेंगे। विवाह समारोह में डीजे बजाने पर भी पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। एक अन्य महत्वपूर्ण निर्णय में ओढ़ेमणी को सीमित रखने का फैसला लिया गया। समाज ने लोगों से अपील की है कि वे ओढ़ेमणी नकद में स्वीकार करें। इस अवसर पर सुजानाराम पुनासा, जामताराम अनखोल, माधाराम, करनाराम मेड़ा, विरमाराम वाड़ानया, कानाराम, अचलाराम, वरजागाराम, भीमाराम वाली, हंजाराम, ओबाराम, मोहनलाल नरसाणा, गजाराम, हेमताराम झाब, छगनाराम, वजाराम फागोतरा, ओबाराम,प्रभुराम जेरण, डायाराम बागोड़ा, डामराराम धूमबडिया, मसराराम राऊता, कलाराम नवापुरा, छगनाराम पुनासा व छगनलाल राऊता सहित बड़ी संख्या में समाजबंधु मौजूद थे।



## ग्राम पंचायत में शुरू हुआ पुस्तकालय

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**रानीवाड़ा।** ग्राम पंचायत में नवाचार करते हुए सरपंच प्रदीपसिंह देवल ने वातानुकुलित पुस्तकालय बनाकर ग्राम वासियों को आज पूर्व विधायक नारायणसिंह देवल के हाथों उदघाटित करवाया। इस मौके पर सरपंच प्रदीप सिंह ने बताया कि गरीब तबके के लोग बाहर पढ़ नहीं पाते हैं एवं इतना खर्च वहन करने में असमर्थ रहते हैं उसी को देखते हुए पूर्व विधायक देवल के मार्गदर्शन में विकास अधिकारी हेमलता बिश्नोई से प्रपोजल तैयार करवा कर बच्चों के लिए वातानुकूलित पुस्तकालय बनाया गया। जिसमें बच्चे सहायता से पढ़ सके इस पुस्तकालय में पढ़ने के लिए काफी सुविधा कर रखी है।

# बीओटी सड़क मार्ग की सुध नहीं, आवागमन बाधित



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जसवंतपुरा।** सुंधा माता तिराहा से जवाहर नवोदय विद्यालय तक जाने वाला बीओटी सड़क मार्ग इन दिनों बदहाली का शिकार बना हुआ है। यह मार्ग कस्बे और आसपास के ग्रामीण अंचलों के लिए एक महत्वपूर्ण कनेक्टिविटी का जरिया है, लेकिन पिछले लंबे समय से मरम्मत के अभाव में सड़क जगह-जगह से टूट चुकी है और गड्ढों का रूप ले चुकी है। यह हालात खासकर रोजाना निकलने वाले विद्यार्थियों, दुपहिया वाहन चालकों, बुजुर्गों और आपातकालीन सेवाओं के वाहनों के लिए बेहद खतरनाक साबित हो रहा हैं। आए दिन लोग इन गड्ढो में फंसकर गिरते हैं, चोटिल होते हैं और कुछ तो अपनी गाड़ियां क्षतिग्रस्त कर बैठते हैं। लेकिन विभागीय लापरवाही और प्रशासन की चुप्पी इस समस्या को और गंभीर बना रही है। खासकर बरसात के मौसम में यह सड़क कीचड़ और जलजमाव के कारण और भी खतरनाक हो जाती है, जिससे हादसों का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि उन्होंने कई बार संबंधित विभाग, जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन देकर इस सड़क की मरम्मत की मांग की, लेकिन अब तक केवल आश्वासन ही मिलते रहे हैं। लोगों का कहना है कि बीओटी (बिल्ट ऑपरेट ट्रांसफर) योजना के अंतर्गत बनी यह सड़क पहले कुछ वर्षों तक ठीक रही, लेकिन अब यह पूरी तरह से उखड़ चुकी है और किसी ने इसकी सुध नहीं ली। जनप्रतिनिधियों की उदासीनता और विभाग की अनदेखी ने क्षेत्रवासियों को भारी नाराजगी की स्थिति में ला दिया है। ग्रामीणों ने शीघ्र सड़क मरम्मत कार्य शुरू करवाने की मांग की। लोगों का कहना है कि जब तक जिम्मेदार लोग मौके पर आकर स्थिति का जायजा नहीं लेंगे और ठोस कार्यवाही नहीं होगी, तब तक इस परेशानी का समाधान नहीं निकल सकता।

# महिला क्रिकेटर कौशल्या चौधरी का बीसीसीआइ हाइ परफॉर्मेंस कैंप में चयन



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भीनमाल।** राजस्थान की युवा महिला क्रिकेटर कौशल्या चौधरी का चयन बीसीसीआई की ओर से आयोजित -23 महिला हाई परफॉर्मेंस कैंप के लिए हुआ है। यह कैंप 21 अप्रैल से 15 मई 2025 तक बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में आयोजित किया जाएगा। बीसीसीआई के हेड ऑफ क्रिकेट और पूर्व भारतीय क्रिकेटर वीवीएस लक्ष्मण द्वारा जारी पत्र में बताया गया कि यह कैंप उभरती प्रतिभाओं को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन से आग्रह किया गया है कि वे कौशल्या चौधरी को 20 अप्रैल को बेंगलुरु में रिपोर्ट करने के लिए सूचित करें। कैंप में शामिल होने से पहले खिलाड़ियों को कुछ फिटनेस टेस्ट पास करने होंगे, जिनमें 1 मील दौड़, 10 मीटर एक्सेलरेशन, 40 मीटर स्प्रिंट, वर्टिकल जंप, ब्रॉड जंप और डेक्सा स्कैन जैसी परीक्षाएं शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, 15 अप्रेल को दोपहर 3 बजे एक ऑनलाइन सेशन भी आयोजित किया जाएगा। जिसमें खिलाड़ियों को ट्रेनिंग से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी जाएगी। बीसीसीआई ने यह भी स्पष्ट किया है कि इस दौरान खिलाड़ी को किसी भी अन्य स्थानीय या कॉर्पोरेट मैच के लिए अनुमति नहीं दी जाएगी। प्रशिक्षण की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए खिलाड़ियों को व्यक्तिगत क्रिकेट किट साथ लानी होगी और विशेष पोशाक भी उपलब्ध कराई जाएगी। राजस्थान क्रिकेट के लिए यह एक बड़ी उपलब्धि है और कौशल्या चौधरी की मेहनत एवं प्रतिभा को दर्शाता है। क्रिकेट प्रेमियों के लिए यह गर्व का क्षण है और इससे राज्य की अन्य युवा खिलाड़ियों को भी प्रेरणा मिलेगी।

## ग्राम पंचायत बावरला को सांचौर में यथावत रखने की मांग

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांचौर।** राज्य सरकार की ओर से पंचायत समितियों के पुनर्गठन के तहत ग्राम पंचायत बावरला को नवसृजित पंचायत समिति सरवाना में सम्मिलित किए जाने के प्रस्ताव का विरोध किया जा रहा है। ग्रामवासियों ने मंगलवार को सरपंच रायसिंह चौधरी के नेतृत्व में उपखंड कार्यालय के समक्ष विरोध प्रदर्शन कर उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। बावरला को पूर्ववत पंचायत समिति सांचौर में ही यथावत रखा जाए। ग्रामीणों का कहना है कि सांचौर में उन्हें चिकित्सा, शिक्षा, कृषि मंडी सहित सभी आवश्यक सुविधाएं सहज रूप से उपलब्ध हैं, जबकि सरवाना में इस तरह की सुविधाओं का अभाव है।

# स्वस्थ रहें, सुरक्षित रहें, लू-तापघात से बचें, निर्देशित किया

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** प्रदेश में गर्म हवाएं चलनी शुरू हो गई है। इस स्थिति में आमजन को लू-तापघात से भी सुरक्षित रहने के लिए ब्लॉक एवं ग्राम स्तर तक संबधित चिकित्सा अधिकारी एवं कर्मचारी को निर्देशित किया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. भैराराम जाणी ने बताया कि गर्मी के मौसम में अधिक गर्मी के कारण लोगों का लू-तापघात से ग्रस्त होने की आंशका भी बढ़ जाती है। लू-तापघात से बचाव एवं उपचार के लिए समस्त बीसीएमओ को दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं एवं लू-तापघात से प्रभावित रोगियों को आवश्यक उपचार एवं आमजन तक लू-तापघात से बचाव की जानकारी प्रसारित करने के लिए निर्देशित किया गया है।



### लू लगने या तापघात होने पर यह करें

व्यक्ति को छायादार जगह पर लिटाएं और कपड़ों को ढीला कर दें। पेय पदार्थ जैसे छाछ, कच्चे आम का पना आदि पिलाएं। शरीर का तापमान बढ़ने पर ठंडे पानी की पट्टियां सर पर रखें, लू या तापघात से प्रभावित व्यक्ति को तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में ले जाकर चिकित्सकीय परामर्श दिलाएं।

### हीटवेव/लू के बेहतर प्रबंधन के दिए निर्देश

उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ भजनाराम विश्नोई ने जिला अस्पताल में निरीक्षण कर हीटवेव/लू के बेहतर प्रबंधन के लिए जिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने चिकित्सालय में ठंडे पानी, पंखे, कूलर, एसी, निर्बाध विद्युत आपूर्ति इत्यादि व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने वार्ड में साफसफाई, पानी की उपलब्धता एवं आवश्यक जांच उपकरणों के रखरखाव की व्यवस्था बेहतर रखने के निर्देश दिए। उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. भजनाराम विश्नोई ने बताया कि गर्मी के प्रकोप में लू से कोई भी व्यक्ति ग्रसित हो सकता है किन्तु बच्चे, वृद्ध, गर्भवती महिलाओं का लू से प्रभावित होने की संभावना अधिक होती है। कुछ आवश्यक उपायों को नियमित दिनचर्या में लाने से लू-तापघात से बचा जा सकता है।

### सभी चिकित्सा अधिकारी सजग रहें

उन्होंने बताया कि लू तापघात से ग्रसित गंभीर रोगियों को चिकित्सा संस्थानो में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए समस्त चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया गया है। चिकित्सा संस्थानों में लू-तापघात के रोगियों के उपचार के लिए बैड आरक्षित रखें, वार्ड का तापमान कूलर व पंखे से ठंडा रखें, मरीज तथा उसके परिजनों के लिये शुद्व व ठंडे पेयजल की व्यवस्था रखने, संस्थान में रोगी के उपचार के लिए आपातकालीन किट में ओआरएस, आईवी फ्लूड एवं आवश्यक दवाइयां की उपलब्धता रखने के निर्देश दिए गए हैं।

### लू-तापघात के लक्षण

सिर का भारीपन, सिरदर्द, अधिक प्यास लगना व शरीर में भारीपन के साथ थकावट, जी मचलाना, सिर चकराना, अत्यधिक पसीना एवं बेहोशी आना व शरीर में ऐंठन, नब्ज़ असामान्य होना इत्यादि।

### लू-तापघात से बचाव के उपाय

तेज धूप में निकलना आवश्यक हो तो ताजा भोजन कर उचित मात्रा में ठंडे जल का सेवन कर बाहर निकले, थोड़े थोड़े अन्तराल में ठंडे जल, छाछ व ताजा फलों के रस का सेवन करें। तेज धूप में बाहर निकलने पर छाते का उपयोग करें अथवा कपड़े से सिर व बदन को ढक कर रखें।

# परशुराम जन्मोत्सव 30 को धूमधाम से मनाने का निर्णय

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भीनमाल।** चंडीनाथ महादेव मंदिर परिसर में ब्राह्मण समाज के विभिन्न संगठनों की संयुक्त बैठक आयोजित हुई। जिसमे आगामी 30 अप्रेल को भगवान परशुराम का जन्मोत्सव को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। जिसके तहत स्थानीय आदर्श नगर स्थित भगवान परशुराम चौक में सुबह पूजन व महाआरती का आयोजन किया जाएगा। शाम पांच बजे नाहर हॉस्पिटल के पास भगवान परशुराम प्लॉट में उदबोधन कार्यक्रम व विचार मंथन होगा। जिसमें भगवान परशुराम के जीवन चरित्र व समाज में व्याप्त कुरुतियों को कैसे समाप्त किया जाए। इस विषय पर चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम को लेकर पूरे भीनमाल शहर में ब्राह्मण समाज भामाशाहों के सहयोग से होर्डिंग-बैनर लगवाए जाएंगे। इसके अलावा भीनमाल क्षेत्र के आसपास के सभी गांवों में भी भगवान परशुराम का जन्मोत्सव मनाने का आग्रह किया गया है। बैठक में विप्र फाउंडेशन के प्रदेश महामंत्री दिनेशकुमार दवे, परशुराम कल्याण सेवा समिति के प्रमुख दुर्गाराम राजपुरोहित, विप्र फाउंडेशन के जिला उपाध्यक्ष मानाराम राज पुरोहित, जिला महामंत्री डॉ. घनश्याम व्यास, करणाराम राजपुरोहित, भगवतीप्रसाद दवे, नरोत्तम त्रिवेदी, महेंद्र शर्मा, सावलाराम,सुरेश राजपुरोहित, रणछोड़ राजू पुरोहित, विप्र फाउंडेशन महिला विंग ब्लॉक अध्यक्ष मंजू वैष्णव व जिला उपाध्यक्ष कंचनदेवी वैष्णव सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद थे।

# अमरनाथ यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू, 600 से ज्यादा बैंकों में ऑफलाइन फॉर्म मिलेंगे

## बालटाल-पहलगाम रूट पर 3 जुलाई से शुरू होगी



**श्रीनगर।** अमरनाथ यात्रा-2025 के लिए रजिस्ट्रेशन 15 अप्रैल से शुरू हो गए हैं। श्रद्धालु ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरह से रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। रजिस्ट्रेशन फीस 220 रुपए रखी गई है।

ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन 600 से ज्यादा बैंकों में किया जा सकता है। इस साल अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से शुरू होकर 9 अगस्त (रक्षाबंधन) तक (39 दिन) चलेगी। यात्रा दो रूट- पहलगाम (अनंतनाग) और बालटाल (गांदरबल) से होगी। लगभग 6 लाख श्रद्धालु यात्रा पर आ सकते हैं। गत 5 मार्च को श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड की 48 वीं बैठक में उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने यात्रा की तारीखों की घोषणा की थी। बैठक में श्रद्धालुओं के लिए सुविधाएं बेहतर करने के कई प्रस्तावों पर चर्चा हुई।

श्राइन बोर्ड ने ईकेवाइसी, आरएफआईडी कार्ड, ऑन स्पॉट रजिस्ट्रेशन और दूसरी व्यवस्थाओं को भी बेहतर करने का निर्णय लिया है, ताकि यात्रा अधिक सुव्यवस्थित और सुरक्षित हो सके। बोर्ड का कहना है कि इस बार पिछली बार से ज्यादा श्रद्धालु आ सकते हैं, इसे ध्यान में रखते हुए जम्मू, श्रीनगर, बालटाल, पहलगाम, नुनवान और पंथा चौक पर रुकने और रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था भी की जा रही है।

### » अमरनाथ यात्रा के दो रूट हैं

***पहलगाम रूट:*** इस रूट से गुफा तक पहुंचने में 3 दिन लगते हैं, लेकिन ये रास्ता आसान है। यात्रा में खड़ी चढ़ाई नहीं है। पहलगाम से पहला पड़ाव चंदनवाड़ी है। ये बेस कैंप से 16 किमी दूर है। यहां से चढ़ाई शुरू होती है। तीन किमी चढ़ाई के बाद यात्रा पिस्सू टॉप पर पहुंचती है। यहां से पैदल चलते हुए शाम तक यात्रा शेषनाग पहुंचती है। ये सफर करीब 9 किमी का है। अगले दिन शेषनाग से यात्री पंचतरणी जाते हैं। ये शेषनाग से करीब 14 किमी है। पंचतरणी से गुफा सिर्फ 6 किमी रह जाती है।

***बालटाल रूट:*** अगर वक्त कम हो, तो बाबा बर्फानी के दर्शनों के लिए बालटाल रूट सबसे मुफीद है। इसमें सिर्फ 14 किमी की चढ़ाई चढ़नी होती है, लेकिन एकदम खड़ी चढ़ाई है। इसलिए बुजुर्गों को इस रास्ते पर दिक्कत होती है। इस रूट पर रास्ते संकरे और मोड़ खतरे भरे हैं।

# चौमूं के कालाडेरा में नशा कारोबारी गिरफ्तार

## एक किलो गांजा बरामद, एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज



**चौमूं/जयपुर।** जयपुर ग्रामीण पुलिस ने ऑपरेशन नॉकआउट के तहत बड़ी कार्रवाई की है। कालाडेरा थाना पुलिस और डीएसटी टीम ने संयुक्त अभियान में एक नशा कारोबारी को गिरफ्तार किया है। गोविंदगढ़ के राजेश जांगिड़ के सुपरविजन और कालाडेरा थाना प्रभारी बाबूलाल मीणा के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। पुलिस टीम ने कालाडेरा के डाबर कॉलोनी में दबिश दी। इस दौरान नशा कारोबारी रामचंद्र सांसी को पकड़ा। आरोपी के पास से एक किलो गांजा बरामद हुआ है। रामचंद्र सांसी (35) नागौर जिले के रोल थाना क्षेत्र के छपरा का रहने वाला है। वर्तमान में वह डाबर कॉलोनी कालाडेरा में रह रहा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। इस मामले की जांच गोविंदगढ़ थाना प्रभारी को सौंपी गई है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। इससे पहले भी पुलिस ने कई नशा कारोबारियों को गिरफ्तार किया है।

# प्रदेश में बड़ा मौसम रिसर्च सेंटर बनाने की योजना

## रेगिस्तानी इलाकों में आंधी-बारिश और सूखे-हीटवेव के कारण होने वाले फायदे नुकसान का अध्ययन किया जाएगा




**जयपुर।** राजस्थान के रेगिस्तानी इलाकों में क्लाइमेट चेंज (जलवायु परिवर्तन) पर गहन अध्ययन करने और उस बदलाव से होने वाले नुकसान और फायदों की रिसर्च करने के मकसद से मौसम विज्ञान एक बड़ा रिसर्च सेंटर शुरू करने की योजना बना रहा है। इसके लिए मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर ने डेजर्ट मेटियोरोलोजी एवं अनुसंधान विषय पर एक वर्कशॉप प्रस्तावित की है। इसमें अलग-अलग विभागों और सेक्टर से जुड़े एक्सपर्ट्स जलवायु परिवर्तन से जुड़े विशेषों पर अपने-अपने अनुभव और रिसर्च पर विचार-विमर्श करेंगे। साथ ही इस रिसर्च सेंटर में किन अनुसंधानों की जरूरत है। उस पर अपने सुझाव देंगे। जयपुर मौसम विज्ञान केन्द्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया ये समिट पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय (एमओईएस) और बिड़ला इंस्टीट्यूट ऑफ साइंटिफिक रिसर्च, जयपुर की ओर से करवाई जा रही है। जो बिरला ऑडिटोरियम जयपुर में 16 अप्रैल को होगी।

### क्लाइमेट चेंज पर रिसर्च करेंगे

राधेश्याम शर्मा ने बताया हमारी योजना एक रिसर्च सेंटर स्थापित करने की है। जो केवल रेगिस्तान में हो रहे क्लाइमेट चेंज पर रिसर्च करने की है। इस रिसर्च सेंटर दुनिया में दुनिया की आधुनिक लैब स्थापित करने और इक्यूपमेंट (उपकरण) लगाने की है। ताकि यहां रेगिस्तानी इलाकों में होने वाली अतिवृष्टि (बारिश), सूखा, हीटवेव, तेज गर्मी, सर्दी और डस्ट स्ट्रॉम (धूल भरे अंधड़) के कारण और उनसे होने वाले फायदे नुकसान का अध्ययन किया जा सके। इसके लिए हमने आईआईटी जोधपुर, आईआईजी मुम्बई, काजरी एवं आफरी जोधपुर, सेंट्रल यूनिवर्सिटी अजमेर, बीआईटी मेसरा, रांची, महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय बीकानेर, कृषि विभाग, आपदा प्रबंधन एवं राहत विभाग, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग समेत कई यूनिवर्सिटी, एग्रीकल्चर से संबंधित यूनिवर्सिटी और कॉलेजों के विशेषज्ञों को आमंत्रित किया है। ये विशेषज्ञ अपनी रिसर्च को यहां बताएंगे और मरुक्षेत्र में हो रहे जलवायु परिवर्तन पर अपने सुझाव देंगे। इस कार्यक्रम में भारतीय मौसम विभाग के डीजीएम डॉ. एम. महापात्रा अतिरिक्त मुख्य सचिव (आपदा प्रबंधन) आनंद कुमार, पूर्व डीजीएम आईएमडी डॉ. एल.एस. राठौर समेत राजस्थान के अलग-अलग विभागों के अधिकारी भी शामिल होंगे।

### बीकानेर-जैसलमेर एरिया में रिसर्च सेंटर खोलने की प्लानिंग

मौसम केन्द्र जयपुर के अधिकारियों के मुताबिक ये रिसर्च सेंटर बीकानेर, जैसलमेर के एरिया में खोलने की प्लानिंग है। इसके लिए जल्द एक प्रस्ताव तैयार करके केन्द्र सरकार को भिजवाया जाएगा। जहां से मंजूरी मिलने के बाद ही रिसर्च सेंटर की स्थापना पर आगे का काम किया जाएगा।

# चीन ने बोइंग जेट की डिलीवरी लेने से इनकार किया

**बीजिंग।** चीन ने अपनी एयरलाइन कंपनियों को अमेरिकी विमान निर्माता कंपनी बोइंग से नए विमानों की डिलीवरी नहीं लेने के आदेश दिए हैं। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक बीजिंग ने अमेरिका में बनने वाले विमान के पार्ट्स और डिवाइसेस की खरीद रोकने का आदेश भी दिया है। चीन ने यह आदेश अमेरिका के 145 प्रतिशत टैरिफ के जवाब में जारी किया है। बोइंग एयरप्लेन एक अमेरिकी कंपनी है, जो एयरप्लेन, रॉकेट, सैटेलाइट, टेलीकम्युनिकेशन इक्विपमेंट और मिसाइल बनाती है। कंपनी की स्थापना 15 जुलाई 1916 को विलियम बोइंग ने की थी। कई देशों की एयरलाइंस कंपनियां बोइंग के बनाए गए प्लेन का इस्तेमाल करती हैं। बोइंग अमेरिका की सबसे बड़ी एक्सपोर्टर कंपनी है और यह दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी डिफेंस डील करने वाली कंपनी भी है।

**चीन ने कीमती मेटल्स की सप्लाई भी रोकी:-** चीन ने अमेरिका के साथ बढ़ती ट्रेड वॉर के बीच 7 कीमती धातुओं (रेयर अर्थ मटेरियल) के निर्यात पर भी रोक लगा दी है। चीन ने कार, ड्रोन से लेकर रोबोट और मिसाइलों तक असेंबल करने के लिए जरूरी मैग्नेट यानी चुंबकों के शिपमेंट भी चीनी बंदरगाहों पर रोक दिए हैं। ये मटेरियल ऑटोमोबाइल, सेमीकंडक्टर और एयरोस्पेस बिजनेस के लिए बेहद अहम हैं।

# दीया कुमारी बोलीं-लैब टेक्नीशियन फर्स्ट लाइन ऑफ ट्रीटमेंट

## कहा हमेशा इतने सक्रिय रहते हैं, पेशेंट के बारे में पहले सोचते




**जयपुर।** अंतरराष्ट्रीय लैब टेक्नीशियन दिवस के अवसर पर मंगलवार को उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी जयपुर में अखिल राजस्थान लैब टेक्नीशियन कर्मचारी संघ की ओर से आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित हुईं। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने लैब टेक्नीशियंस की भूमिका की सराहना करते हुए कहा- लैब टेक्नीशियन फर्स्ट लाइन ऑफ ट्रीटमेंट हैं। डिप्टी सीएम दीया कुमारी ने कहा बात चाहे कोविड, स्वाइन फ्लू, या सामान्य समय की हो। किसी भी बीमारी के इलाज के लिए बहुत जरूरी है कि बीमारी का डाइग्नोसिस किया जा सके। यह पता लगाया जा सके कि बीमारी है क्या? डाइग्नोसिस लैब टेक्नीशियंस की ओर से किया जाता है। अगर यही नहीं किया जाए तो इलाज ठीक से करना संभव नहीं है। दीया कुमारी ने कहा- सरकार की ओर से प्रयास किया जाएगा कि आप लोगों को समस्या आ रही है तो उसका समाधान किया जा सके। लैब टेक्नीशियन हमेशा इतने सक्रिय रहते हैं, वह पेशेंट के बारे में पहले सोचते हैं।

**मजबूत सेहत तंत्र की कल्पना करना संभव ही नहीं:-** दीया कुमारी ने कहा- लैब टेक्नीशियन के समर्पण, परिश्रम और वैज्ञानिक दृष्टिकोण के बिना एक मजबूत सेहत तंत्र की कल्पना करना संभव ही नहीं है। डबल इंजन की सरकार बहुत तेजी से काम कर रही है। हमारी सरकार महिला से लेकर रोजगार सभी मुद्दों पर तेजी से काम कर रही है। आप लोगों का सहयोग रहा तो मोदी जी के प्रयास से राजस्थान को डवलप स्टेट के रूप में आगे ला सकेंगे।

## 76वां राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस

# राज्य स्तरीय समारोह, रक्तदान शिविर और पुलिस बैंड प्रदर्शन आज

## मुख्यमंत्री आरपीए ग्राउंड में लेंगे परेड की सलामी, उत्कृष्ट सेवाओं के लिए देंगे पुलिस पदक

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में बुधवार, 16 अप्रैल को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मुख्य आतिथ्य में राजस्थान पुलिस अकादमी परिसर में राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इसमें मुख्यमंत्री शर्मा सेरेमोनियल परेड की सलामी लेंगे तथा उत्कृष्ट सेवाओं के लिए पुलिस अधिकारियों एवं कार्मिकों को मुख्यमंत्री सराहनीय सेवा पदक व पुलिस पदक प्रदान करेंगे। इस समारोह के बाद आरपीए में रक्तदान शिविर का आयोजन होगा। शाम को जवाहर सर्किल पर पुलिस बैंड का डिस्प्ले होगा। समस्त आयोजनों के लिए तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

महानिदेशक पुलिस उत्कल रंजन साहू ने बताया कि राज्य स्तरीय समारोह आरपीए में बुधवार सुबह 7 बजे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री शर्मा आरपीए में पहुंच शहीद स्मारक पर शहीद पुलिसकर्मियों को पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि देंगे। इसके बाद परेड ग्राउंड पर मुख्य समारोह का आयोजन होगा। शर्मा परेड का अभिवादन स्वीकार कर निरीक्षण करेंगे। तत्पश्चात सम्मानित होने वाले पुलिस अधिकारियों एवं कार्मिकों को पारितोषिक एवं मेडल प्रदान किया जाएगा।

साहू ने बताया कि आरपीए के परेड ग्राऊंड में आयोजित होने वाली सेरेमोनियल परेड में राजस्थान पुलिस अकादमी, चतुर्थ एवं पांचवी बटालियन आरएसी, हाड़ी रानी बटालियन, एसडीआरएफ, जीआरपी, एमबीसी एवं ईआरटी की एक-एक प्लाटून के अलावा जयपुर पुलिस आयुक्तालय की तीन प्लाटून (निर्भया स्कवॉड प्लाटून, पुलिसकर्मी प्लाटून और यातायात प्लाटून) भाग लेंगी। सेरेमोनियल परेड में आरपीए के सेन्ट्रल बैंड की भागीदारी होगी।

### आरपीए में ही होगा रक्तदान शिविर

डीजीपी साहू ने बताया कि राज्य स्तरीय समारोह के मौके पर आरपीए की डिस्पेंसरी में आयोजित रक्तदान शिविर में पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा रक्तदान किया जाएगा।

### पुलिस बैंड की स्वर लहरियों का रहेगा आकर्षण

डीजीपी साहू ने बताया कि इस समारोह के बाद शाम 7 बजे से जयपुर में जवाहर सर्किल स्थित पत्रिका गेट पर पुलिस बैंड की मनोहारी प्रस्तुति होगी। इसमें राजस्थान पुलिस के सैन्ट्रल बैंड, हाड़ी रानी बटालियन और ब्रास बैंड द्वारा स्वर लहरियां बिखेरते हुए राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस के गौरव का प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने राजस्थान पुलिस दिवस के अवसर पर शहरवासियों को इस मनोहारी प्रस्तुति का लुत्फ उठाने का आह्वान किया है।

# कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे जानेंगे 2200 मंडल अध्यक्षों के मन की बात

**जयपुर।** कांग्रेस में नेताओं और कार्यकर्ताओं को फील्ड में उतरकर ज्यादा से ज्यादा लोगों को पार्टी से जोड़ने और वोटों में बदलने का टास्क दिया गया है। संगठन को ग्रासरूट स्तर पर मजबूत बनाया जाएगा। स्थानीय नेताओं को इस काम में लगाया है। वहीं, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे जल्द ही राजस्थान आकर मंडल अध्यक्षों से सीधी बात करेंगे। कांग्रेस में 2200 मंडल अध्यक्ष हैं। खड़गे संवाद बैठक लेकर टास्क देंगे। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने हाल ही में दिल्ली में खड़गे को औपचारिक रूप से न्योता दिया है। खड़गे का जल्द ही राजस्थान दौरा होगा। कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया जा रहा है। बैठक की जगह अभी तय नहीं है, लेकिन इसके लिए जयपुर में ही जगह देखी जा रही है। बैठक की जगह इसी सप्ताह फाइनल करने की तैयारी है।

## निजी स्कूलों के लिए नई गाइडलाइन जारी

# अपने यहां से स्टेशनरी-ड्रेस खरीदने का दबाव नहीं बनाएंगे

**जयपुर।** नया सेशन शुरू हो चुका है। पेरेंट्स अपने बच्चों के लिए स्कूल ड्रेस से लेकर कॉपी-किताबें खरीद चुके हैं। इस बीच शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने प्राइवेट स्कूलों के लिए नई गाइड लाइन जारी की है। इसके तहत अब प्राइवेट स्कूल 5 साल तक अपने स्कूल की यूनिफॉर्म नहीं बदल सकेंगे। स्कूल मैनेजमेंट पेरेंट्स और स्टूडेंट्स पर किसी विशेष स्थान से ही यूनिफॉर्म और किताबें खरीदने का दबाव भी नहीं बना सकेगा। अगर वह शिक्षा विभाग की गाइडलाइन के विपरीत ऐसा करेंगे, तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। राजस्थान के प्राइवेट स्कूलों में यूनिफॉर्म और किताबों को लेकर पेरेंट्स ने पिछले दिनों शिक्षा मंत्री मदन दिलावर से शिकायत की थी। इसमें पेरेंट्स ने बताया था कि स्कूल मैनेजमेंट दबाव बनाकर महंगी स्कूल यूनिफॉर्म और किताबें बेच रहा है। उनकी बाजार कीमत काफी कम है। ऐसे में पेरेंट्स की शिकायत के बाद शिक्षा मंत्री ने आदेश जारी कर प्रदेश के सभी प्राइवेट स्कूल संचालकों को शिक्षा विभाग की गाइडलाइन का 100 प्रतिशत पालन करने का आदेश किया है। ताकि स्टूडेंट्स-पेरेंट्स पर किसी तरह का दबाव न बने।

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा राजस्थान में नया शैक्षणिक सत्र (एकेडमिक सेशन) शुरू होने जा रहा है। ऐसे में प्राइवेट स्कूलों में पढ़ने वाले स्टूडेंट्स और पेरेंट्स पर किसी तरह का दबाव नहीं बने। इस बात को ध्यान में रखते हुए गाइडलाइन तैयार की गई है।

● भावभीनी श्रद्धांजलि ●



हमारे प्रिय साथी श्री प्रेमाराम जी देवासी (बरलूट-जिला सिरोही) के पुत्र

जतिन (जगदीश) देवासी

के असमय आकस्मिक सड़क दुर्घटना में निधन का समाचार अत्यंत पीड़ादायक व स्तब्ध कर देने वाला है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें एवं शोक संतप्त परिवार को यह असहनीय दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। हम सभी इस कठिन समय व दुख की घड़ी में आपके साथ है।

श्रद्धावनत

नारायण पुरोहित
पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष
सिरोही

गोविंद पुरोहित
समूह संपादक
जागरूक टाइम्स

अर्जुन पुरोहित
जिला प्रमुख
सिरोही

# इस मानसून ईसरदा बांध में होगा जल संग्रहण, 90 प्रतिशत कार्य पूर्ण

## 1256 गांवों और 6 शहरों को मिलेगा स्वच्छ पेयजल

## मुख्यमंत्री के नेतृत्व में मिशन मोड पर बांध निर्माण का कार्य प्रगतिरत



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा प्रदेश में अंतिम छोर तक सुचारू पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित कर रहे हैं। शर्मा के निर्देशन के सवाई माधोपुर और दौसा जिले में पेयजल आपूर्ति की दृष्टि से महत्वपूर्ण ईसरदा बांध का निर्माण कार्य मिशन मोड पर किया जा रहा है। बांध के निर्माण का 90 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। बांध के पियर्स एवं गेटों का कार्य पूरा हो चुका है। मिट्टी के बांध का आंशिक कार्य ही शेष है।

जल संसाधन विभाग द्वारा जुलाई माह तक निर्माण कार्य पूर्ण कराने के हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। इससे आगामी मानसून के दौरान बांध में जल संग्रहित किया जा सकेगा। इसके बाद दौसा के 1079 ग्राम व 5 शहरों तथा सवाई माधोपुर के बौंली शहर तथा 177 ग्रामों व एक शहर में पेयजल की सुचारू आपूर्ति हो सकेगी।

यह परियोजना जलसंकट समाधान के साथ-साथ बीसलपुर बांध के अधिशेष पानी और बनास नदी के बारिश के जल का कुशल प्रबंधन भी सुनिश्चित करेगी। साथ ही, ईसरदा बांध से राम जल सेतु लिंक परियोजना (संशोधित पीकेसी-ईआरसीपी लिंक परियोजना) के तहत रामगढ़ बांध, बुचारा, छितोली इत्यादि बांधों में पेयजल के लिए आपूर्ति हो सकेगी। इससे बांधों के आसपास के क्षेत्र एवं जयपुर जिले को भी पानी मिल सकेगा।

ईसरदा बांध बीसलपुर बांध के डाउनस्ट्रीम में ग्राम बनेठा (तहसील उनियारा जिला टोंक) के पास बनास नदी पर बनाया जा रहा है। इसका निर्माण दो चरणों में किया जाना निर्धारित है। प्रथम चरण में डैम का निर्माण पूर्ण भराव स्तर आरएल 262.0 मी (भराव क्षमता 10.77 टीएमसी) तक पूर्ण किया जाएगा। इसमें पानी का भंडारण आरएल 256.0 मी भराव क्षमता (3.24 टीएमसी) तक ही किया जाना है। द्वितीय चरण में बांध में पूर्ण भराव क्षमता आरएल 262.0 मीटर तक पानी संग्रहित हो सकेगा। परियोजना के प्रथम चरण की संशोधित प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति 1038.65 करोड़ रुपए की दी गई, जिससे कार्य प्रगतिरत है।

### बांध निर्माण कार्य की प्रगति

बांध निर्माण में ओवर फ्लो वाले भाग में स्पिलवेय ब्रिज में स्लैब निर्माण का कार्य प्रगतिरत है। अभी तक 28 के विरूद्ध 28 स्लैब डाली जा चुकी है। साथ ही, 28 पियर्स के विरूद्ध 28 पियर्स वांछित ऊंचाई तक पूर्ण किए जा चुके हैं। बांध में 84 गर्डर के विरूद्ध 84 गर्डर लॉन्च किए गए है। बांध में 28 ब्लॉक एप्रेन के विरूद्ध 22 ब्लॉक एप्रेन का निर्माण किया जा चुका है। बांध में 28 पावर पैक रूम के विरूद्ध 28 में पावर पैक रूम और 28 रेडियल गेट विरूद्ध 28 रेडियल गेट का निर्माण हो गया है। बांध में 56 हाईड्रोलिक सिंलेडर के विरूद्ध 56 हाईड्रोलिक सिंलेडर भी लगाए जा चुके हैं। मिट्टी के बांध का कार्य लगभग 82.08 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। मुख्य बांध का कार्य लगभग 90 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है।

*'मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशन में विभाग हर दिशा में पेयजल जल उपलब्ध कराने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहा है। ईसरदा बांध परियोजना से ग्रामीण और शहरी जनसंख्या के लिए सुरक्षित पेयजल सुविधा की परिकल्पना साकार होगी। गांवों में भूजल स्तर बढ़ने से कुंए भी रिचार्ज होंगे।'*

***- सुरेश सिंह रावत, जल संसाधन मंत्री।***

स्वत्वाधिकारी - नारायण पब्लिकेशन प्रा. लि., प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक, हेमल पुरोहित के लिए अम्बर ऑफसेट प्रा. लि., डी.एल. टॉवर, 3-ए, विद्याश्रम संस्थानिक क्षेत्र, जे.एल.एन. मार्ग, जयपुर से मुद्रित एवं कोरल स्टूडियो-1, प्लॉट नं. बी-64/65 , फ्लैट नं. 106, सहकार मार्ग, इमली फाटक, जयपुर से प्रकाशित। रजि. नं. RAJHIN/2009/31386 सम्पादक- हेमल पुरोहित। सम्पर्क करें: 0141-6766677, 0141-2743001, e-mail : Jtjaipur@gmail.com